

सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपैट के 100... 12

उत्तर प्रदेश में अब तक 32281.70 लाख की शराब... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 193
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 27 अप्रैल, 2024

5 बजे तक छत्तीसगढ़-त्रिपुरा-मणिपुर-बंगाल में 71 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

दूसरे चरण में सबसे कम मतदान यूपी में

यूपी की 8 सीटों पर 5 बजे तक 52.64 प्रतिशत वोटिंग: क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने वोट डाला; अलीगढ़ में फर्जी वोटिंग पर हंगामा

- राजस्थान में बंपर वोटिंग, बाड़मेर में सबसे ज्यादा मतदान, टोंक में टॉर्च की रोशनी में वोट डाले
- खजुराहो में दो घंटे रुका मतदान, दमोह में घोड़े पर सवार होकर वोट देने आया दूल्हा
- किशनगंज में सबसे अधिक मतदान, 3 में सीधा तो 2 में त्रिकोणीय मुकाबला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग का समय शाम 6 बजे खत्म हो गया। सिर्फ वे लोग जो लाइन में लगे हुए हैं, वे ही वोट डाल सकेंगे। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.23 प्रतिशत वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस ने लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हो रही है।

उत्तर प्रदेश

80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण में कुल आठ सीटों पर वोट डाले गए हैं। जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा शामिल हैं। आठ सीटों पर कुल 91 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 15-15 उम्मीदवार मथुरा और गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर हैं। वहीं, सबसे कम छह उम्मीदवार बुलंदशहर सीट पर हैं। इनके अलावा अमरोहा में 12, बागपत में सात, मेरठ में आठ, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

बिहार

40 सीटों वाले बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में मतदान हुआ है। जिन सीटों पर शुक्रवार को वोट डाले गए हैं, उनमें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका लोकसभा शामिल हैं। इन पांच सीटों पर कुल 50 उम्मीदवार मैदान में हैं। किशनगंज और भागपुर लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 12-12 उम्मीदवार मैदान में हैं। बांका में 10, कटिहार में नौ उम्मीदवार मैदान में हैं। सबसे कम पूर्णिया सीट पर सात उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।

राजस्थान: 25 लोकसभा सीटों वाले राजस्थान में शुक्रवार को मतदान पूरा हो जाएगा। दूसरे चरण में 13 सीटों पर वोट डाले गए हैं। वहीं, पहले चरण में राज्य की 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। दूसरे चरण की 13 सीटों पर कुल 152 उम्मीदवार मैदान में हैं। 2019 में इन सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। राज्य की जिन सीटों पर सबकी नजर होगी उनमें जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, चितौड़गढ़ जैसी सीटें शामिल हैं। जोधपुर से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत मैदान में हैं। इसी तरह चितौड़गढ़ से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तो भीलवाड़ा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी मैदान में हैं। राजस्थान की जिन 13 सीटों पर वोट डाले गए है उनमें 2019 में 68.42त्न मतदान हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का जताया आभार

दूसरे चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश भर में जिन्होंने बी मतदान किया है, उन सभी लोगों का आभार। एनडीए के मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को निराश करता है। जनता एनडीए का सुशासन चाहती है। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

केरल

केरल की सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण में वोट डाले गए हैं। यहां से कुल 194 उम्मीदवार मैदान में हैं। केरल में जिन उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी उनमें राहुल गांधी, राजीव चंद्रशेखर, केसी वेणुगोपाल, वी. मुरलीधरन जैसे नाम शामिल हैं। केरल की जिन 20 सीटों पर वोटिंग हुई है उनमें 2019 में 77.84त्न मतदान हुआ था।

वायनाड में रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करेंगे राहुल गांधी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि वायनाड एक अहम सीट है। हमारे नेता राहुल गांधी वहां से चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार उन्होंने चार लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी लेकिन इस बार वे जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ देंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं चार दिन के लिए राजस्थान गया था। मैंने वहां की परिस्थितियों को देखा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हम डबल डिजिट से अधिक सीटें जीतेंगे।

वसुंधरा राजे ने कहा, मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने कहा, देश विकास चाहता है इसलिए इस चुनाव के बाद फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। ये भी विश्वास है कि राजस्थान में जनता भाजपा को पूरा समर्थन देगी और भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।

सेंट्रल फोर्स महिलाओं को वोटिंग से रोक रही: टीएमसी

टीएमसी ने दावा किया कि बालूरघाट के हमीरपुर में लोगों को वोटिंग करने से सेंट्रल फोर्स रोक रही है। इसके अलावा रायगंज के गोलपोखर में खास तौर पर महिलाओं को मतदान नहीं करने दिया जा रहा है। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और चुनाव आयोग ने चुप्पी साध रखी है।

ओम बिड़ला बोले, राजस्थान की सभी सीटें जीतेंगे

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ओम बिड़ला ने कहा- ये(विपक्ष) झूठ, फरेब के आधार पर भ्रम फैला रहे हैं। सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय बना रहेगा, यह पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कई बार कह चुके हैं। 100 प्रतिशत हम राजस्थान की 25 की 25 सीटें जीतेंगे।

निर्मला सीतारमण बोलीं, विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- मुझे लगता है कि विपक्ष के पास अपना कोई मुद्दा नहीं है। उनके पास कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है इसलिए वे लगातार प्रधानमंत्री पर निशाना साध रहे हैं, वे व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं और इससे भी बुरी बात यह है कि वे ऐसी चीजें ला रहे हैं जिन्हें वे खुद लागू नहीं कर सकते।

मध्य प्रदेश

29 लोकसभा सीटों वाले मध्य प्रदेश की छह सीटों पर शुक्रवार को वोट डाले गए हैं। इन सीटों में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद लोकसभा शामिल हैं। इन छह सीटों पर कुल 80 उम्मीदवार मैदान में हैं। 2019 में इन सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार की किस्मत भी इसी चरण में ईवीएम में कैद हो जाएगी। वीरेंद्र कुमार टीकमगढ़ सीट से फिर से चुनाव मैदान में हैं।

छत्तीसगढ़

11 लोकसभा सीटों वाले छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ है। इन सीटों में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा सीट शामिल है। इन तीन सीटों पर कुल 41 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राजनांदगांव इस चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। राजनांदगांव में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में नौ उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।

त्वरित टिप्पणी

बटता दिख रहा है लाभार्थी वर्ग

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

*कल यानि शुक्रवार 26 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के दूसरे फेज की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो गए हैं उत्तर प्रदेश की जिन आठ सीटों अलीगढ़, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर तथा मेरठ में चुनाव हुआ है वहां से अगर ग्राउंड जीरो की रिपोर्ट की बात करें तो पता चलता है कि इस चुनाव में लाभार्थी वर्ग भी बट गया है। अब अगर यह लाभार्थी वर्ग वास्तव में अधिक फायदे के चक्कर में एनडीए या मोदी से दूरी बनाकर इंडिया गठबंधन के पाले में चला गया। तो यकीनन 80 में से 80 सिटे जीतने का ख्वाब लेकर चल रही भाजपा को दिक्कत हो सकती है। आप कह सकते हैं कि ऐसा क्या हो गया? जिसके चलते 5 किलो मुफ्त खाद्यान्न लेने वाले तकरीबन 41 करोड लोगों की सोच में परिवर्तन आ गया है। इसका जवाब यह है कि (यूपी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सर्वे के मुताबिक) कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र जिसे वे न्याय पत्र कहते हैं मे उन्होंने वायदा किया है कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो गरीब परिवार की एक महिला *परिवार की मुखिया) को एक लाख प्रति वर्ष या साढे आठ हजार रुपए प्रति माह सीधे खाते में टका टक डाले जाएंगे। कांग्रेस की इस घोषणा से लाभार्थी वर्ग की निष्ठा अचानक से बदलने लगी है और वह कहने लगा है कि जिधर अधिक लाभ मिलता है उधर जाना ही चाहिए। जानते चले कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में खाद्यान्न योजना को समाप्त करने की बात बिल्कुल नहीं कही है। ऐसे में भाजपा के लाभार्थी वर्ग का कहना है कि अभी तक 5 किलो खाद्यान्न मिल रहा था अब अगर इसके साथ साढ़े आठ हजार रुपये हर महीने मिलने लगे तो क्या बुरा है। उनका कहना था कि कम से कम राहुल गांधी ने हम गरीबों की पीड़ा को महसूस तो किया। यूपी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों से बातचीत के दौरान यह भी पता चला कि अब लाभार्थी वर्ग भी जातियों में बटता जा रहा है। वह भी चाह रहा है की जातीय जनगणना हो। अब ऐसे में यह विश्वास कर पाना कठिन हो रहा है कि लाभार्थी वर्ग चुनाव में आंख मूंदकर भाजपा को वोट देगा? और अगर इस वर्ग ने भाजपा का साथ छोड़ दिया तथा मतदान में हो रही गिरावट इसी तरह जारी रही तो भाजपा का 80 सीटे प्राप्त करने का ख्वाब ख्वाब ही रह जाएगा? क्योंकि इस गर्मी में अगर धूप और गर्मी का बहाना बनाकर मतदाता वोट देने नहीं जा रहा है तो स्वभाविक सी बात है कि इससे भाजपा का नुकसान हो रहा है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि भाजपा के परम्परागत मतदाताओं में भी वह उत्साह देखने को नहीं मिला जो 2014 और 2019 में था। हां इतना जरूर रहा कि पोलिंग स्टेशनों पर भाजपा के लोग लड़ते झगड़ते और अपनी खीझ मिटाते जरुर देखे गये। इन सभी लोकसभा सीटों पर वोट केवल और केवल दो तरीकों से पड़ रहे थे। एक मोदी के पक्ष में और दूसरा मोदी के विरोध में। लेकिन मोदी के विरोध में वोट करने वाले मतदाता को पूरी तरह से खामोश देखा गया, मानों वह समय का इन्तजार कर रहा था। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन आठ में से सात सीटों पर भाजपा का कब्जा हुआ था , जबकि एक मात्र अमरोहा सीट बसपा के कब्जे में आई थी। उसी अमरोहा सीट पर कांग्रेस तथा सपा गठबंधन के दानिश अली की सीट पर 2024 पर सबसे अधिक यानी 50 प्रतिशत मतदान हुआ बताया जाता है और सबसे कम मथुरा में। जहां वर्तमान सांसद हेमा मालिनी भाजपा प्रत्याशी हैं। अगर ओवर आल आठों सीटों की बात की जाये तो जन प्रतिक्रिया के मुताबिक इस बार टफ फाइट में एनडीए तथा इन्डिया के बीच सीटों का बंटवारा बराबर बराबर होने की सम्भावना है।*

घूसखोरी के आरोपों में घिरी बैंक ऑफ इंडिया की गहदो शाखा

- बैंक ऑफ इंडिया गहदो शाखा की मुख्य शाखा से शिकायत
- स्वरोजगार ऋण वाली योजनाओं मे जमकर लूट
- पीड़ित ने जरिए डाक आरबीआई को भेजा भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस । अजय यादव

काकोरी/लखनऊ। सरकारी संस्थानों पर घूसखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप लगना आम बात है। मगर घूसखोरी के आरोप जब बैंक जैसे संस्थान की किसी शाखा पर लगने लगे तब समझना मुश्किल हो जाता है। आखिर भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी मजबूत कहा से हुई। भारत के सबसे विश्वसनीय संस्थानों मे से एक बैंक संस्थान वैसे तो अपनी साफ सुथरी छवि और अपने ग्राहकों के प्रति समर्पण भाव को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन इन बैंको के कुछ शाखाओं मे घूसखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे तो समझना चाहिए सब कुछ तो ठीक नहीं है। राजधानी लखनऊ की पंचायत गहदो मे स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा इन दिनों अपने कार्यशैली को लेकर चर्चाओं मे है। विगत दिनों जहां शाखा मे व्याप्त अव्यवस्था को जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से उठाया था। वहीं दूसरी तरफ बैंक शाखा मे व्याप्त भ्रष्टाचार और बैंक मे देर से आते कर्मचारियों की लेट लतीफी को भी प्रमुखता से उठाया गया था।

बैंक के उच्च अधिकारी मामले में कब लेंगे संज्ञान?

अब देखने वाली बात यह है की बैंक के उच्च अधिकारी शाखा में व्याप्त भ्रष्टाचार और घूसखोरी के आरोप शाखा प्रबंधक और ऋण प्रबंधक पर जांच कर कार्यवाही की जाती है या शाखा प्रबंधक अपने रसूख के बल पर घूसखोरी को अंजाम देते रहेंगे और लोगो का शोषण करते रहेंगे।

शाखा प्रबंधक और ऋण प्रबंधक पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की गहदो शाखा के शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला और ऋण प्रबंधक देशराज के कारनामें रुकने का नाम नहीं ले रहे है। बैंक ऑफ इंडिया गहदो के शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला और ऋण प्रबंधक देशराज पर घूसखोरी के गंभीर आरोप लगाने वाले जीतेन्द्र कुमार ने बताया उन्होंने स्वरोजगार के लिए प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए खादी ग्रामोद्योग से 25 लाख रु0 ऋण हेतु आवेदन किया था। ऋण पत्रावली बैंक शाखा गहदो पहुंची थी। बैंक कर्मियों ने हफ्तों चक्कर लगवाने के बाद बताया आपकी ऋण पत्रावली अस्वीकृत कर दी गई है। उसके बाद पुनः ऋण प्रबंधक देशराज ने 50 हजार रूपये लेकर 10 लाख का ऋण देने की बात कहकर ऋण पत्रावली दोबारा शाखा मे मंगवाने को कहा। लाभार्थी की ऋण पत्रावली जब दोबारा शाखा मे आई तो शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला और ऋण प्रबंधक देशराज लाभार्थी के काफी कहने पर उद्योग लगाने वाली जगह के निरीक्षण की बात करके टालते रहे। शिकायत कर्ता के अनुसार काफी मिन्नतो के बाद निरीक्षण को पहुंचे शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला और ऋण प्रबंधक देशराज ने लाभार्थी से ऋण पत्रावली की स्वीकृति के लिए एकदम से एक लाख रूपये घूस की मांग कर दी। जीतेन्द्र ने बताया कि उसने इतनी बड़ी रकम देने मे असमर्थता जाहिर की तो शाखा प्रबंधक ने कहा आपकी ऋण पत्रावली तभी स्वीकृति होगी जब आप मुझे संतुष्ट कर दोगे। तुम मुझे संतुष्ट नहीं कर सके इसलिए ऋण पत्रावली अस्वीकृति कर दी जायेगी। वहीं पीड़ित जीतेन्द्र ने बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा को लिखित रूप से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

छूट का लालच देकर लाखों रूपये उनसे घूस के रूप मे हड़प लेते है

अब सवाल उठता है जब प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की स्वरोजगार वाली योजनाओं मे बैंक शाखा द्वारा लाखों रूपये घूस के रूप मे ले लिए जाते हों तब कैसे कोई अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकेगा। एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाओं मे करोड़ो रूपये की सहायता प्रदान करती है। दूसरी तरफ बैंक शाखा मे नियुक्त भ्रष्ट प्रबंधक और ऋण प्रबंधक उन लाभार्थियों को 35 प्रतिशत छूट का लालच देकर लाखों रूपये उनसे घूस के रूप मे हड़प लेते हैं।

बरेली में पीएम मोदी का रोड शो

जन एक्सप्रेस । बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बरेली में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो के लिए भगवा वाहन को फूलों से सजाया गया, जिसमें सवार होकर पीएम मोदी ने 45 मिनट में करीब 1.2 किमी का सफर तय किया। भगवा रथ पर सीएम योगी आदित्यनाथ, सांसद संतोष गंगवार और भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान पीएम मोदी ने टॉर्चनुमा कमल का फूल दिखाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने पीएम मोदी पर फूल बरसाए। 21 बटुकों ने स्वस्ति वाचन से पीएम मोदी का स्वागत किया। रोड शो करीब 45 मिनट तक चला। इस दौरान पीएम मोदी ने राजेंद्रनगर के स्वयंवर बरातघर से शहीद पंकज अरोड़ा स्तंभ तक करीब 1.2 किमी की दूरी तय की। समर्थकों की भीड़ पीएम मोदी की एक झलक पाने और स्वागत करने के लिए बेताब दिखी। कई जगह मंच बनाए गए थे, जहां से लोगों ने फूल बरसाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोले नहीं, लेकिन इशारों-इशारों में ही जनता से भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री मोदी के हाथ में एक टॉर्चनुमा कमल का फूल था, वह लगातार इस चिह्न को हिलाते दिखाई दिए। सीएम योगी के हाथ भी भाजपा का चुनाव चिह्न रहा।

रिपोर्ट योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाली मैनपुरी में एक राजनीतिक रैली में कहा था, '' मुझे असहाय शिवपाल पर दया आती है

ज्ञानी मुख्यमंत्री महोदय.. इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है: शिवपाल यादव

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और वहां वितरित किये जाने वाला चूरन ग्रहण करता है
- दोनों दिग्गज नेताओं के बीच यह टीका टिप्पणी सोशल मीडिया के साथ ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है
- सपा प्रमुख अखिलेश ने भी योगी आदित्यनाथ की निंदा की

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आग बबूला हो गए हैं। योगी की टिप्पणी के बाद शिवपाल ने उन पर शब्द बाण छोड़ा और कहा %ज्ञानी मुख्यमंत्री महोदय.. इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है%। दोनों दिग्गज नेताओं के बीच यह टीका टिप्पणी सोशल मीडिया के साथ ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाली मैनपुरी में एक राजनीतिक रैली में कहा था, '' मुझे असहाय शिवपाल पर दया आती है। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और वहां वितरित किये जाने वाला चूरन ग्रहण करता है''। सीएम योगी की स्टेफनी पर शिवपाल आग बबूला हो गए और अपने ही अंदाज में उन्होंने इसका जवाब भी दिया। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस टिप्पणी को लेकर आलोचना की कि पार्टी में उनकी भूमिका काफी घटा दी गयी है और अब वह वैसे नहीं हैं जो पहले हुआ करते थे। योगी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवपाल ने कहा,''जहां तक चूरन खाने वाले व्यक्ति का सवाल है, आपको पता होना चाहिए कि इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है''। सपा प्रमुख अखिलेश ने भी योगी आदित्यनाथ की निंदा की।



उन्हें बैठने के लिए सोफा तक नहीं मिलता: योगी

सीएम योगी ने यह भी कहा था कि शिवपाल मुलायम सिंह यादव के 'सिपहसालार' हुआ करते थे लेकिन पार्टी में उनका कद काफी घट गया है। उन्होंने कहा, ''आज उनकी स्थिति ऐसी हो गयी है कि उन्हें बैठने के लिए सोफा तक नहीं मिलता''।

पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान: शिवपाल

शिवपाल ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, ''ज्ञानी मुख्यमंत्री महोदय, भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है''।

फास्ट फॉरवर्ड

तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा आरक्षी राहुल पुरी, महेन्द्र कुमार द्वारा नीलू यादव निवासी चिल्लीमल को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

सीओ ने शाखा के विवेचकों का किया अर्दली रुम

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने अपराध शाखा कालूपुर में अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम के दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी ली। साथ ही लम्बित रखने का कारण पूछा। उन्होंन गुण दोष के आधार पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर कच्ची व 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। शिवरामपुर चैकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा मनीलाल उर्फ मुन्नीराम निवासी भंभई को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक इंदल सिंह तथा उनके हमराही द्वारा शारदा निवासी टिकरिया जमुनिहाई को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक सुशीलचन्द्र निगम तथा उनके हमराही द्वारा लाला भइया निवासी ग्राम करका पडरिया को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

तमंचा कारतूस के साथ शातिर युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कालपी। आगामी लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपराधियों पर नकेल कसने की कार्यवाही तेज कर दी है। गुरुवार की सुबह कदौरा मार्ग में अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहे एक बदमाश को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कालपी कोतवाली के टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशील थे। तभी सुवह बरही बम्बा के पास जब एक युवक को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने आरोपी युवक हरीशंकर उर्फ इंद्रे बिशुन बाबू निवासी देवपुरा को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी विशुन बाबू के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए।

दो बच्चों के साथ गायब हुई महिला, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/कालपी। नगर के काशीराम कालौनी की महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ लापता हो गई। मामले में पीड़ित भाई ने कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला दर्जकर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हमें रोजगार चाहिए...

बेरोजगारधानी के रूप में उभर रहा पाठा, बेरोजगारों की बढ़ी फौज

सरकारी काम मिलता नहीं और बड़े लोगों की चाकरी में बसर नहीं

जन एक्सप्रेस SPECIAL

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन

चित्रकूट। बुन्देलखण्ड मे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और पलायन प्रमुख समस्या है। चिकित्सक विहीन अस्पताल, बेरोजगारी, पलायन जैसी समस्याएं बरकरार हैं। क्षेत्र में तमाम संभावनाओं के बाद भी रोजगार की नीति नहीं बनी। हजारों बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश मे भटक रहे हैं। यहां प्राथमिक शिक्षा तो ग्रामीण अंचलों के लोगों को मिल जाती है, लेकिन उच्च शिक्षा के लिए आज भी छात्रों को बाहर जाना पड़ता है। लेकिन गरीबी होने के कारण बाहर जाकर पढाई का खर्च उठाने मे असमर्थ व महंगाई के चलते शिक्षा नहीं ले पाते हैं। बेरोजगारी की वजह से लोगों के बड़े शहरों की ओर पलायन हो जाने से शिक्षा का स्तर पर भी सुधार हो रहा है। बुन्देलखण्ड का चित्रकूट और चित्रकूट के पाठा की स्थिति बेहद दयनीय है। यहां हजारो युवा बेरोजगार भटक रहे हैं। पाठा बेरोजगारधानी के रूप मे ऊभर रहा है।

बुन्देलखण्ड के जनपदों के तकरीबन सभी कस्बों मे इंसानों की मंडी लगती है, जहाँ सूखे और बेरोजगारी से पस्त गरीब दिन भर के लिए खुद की बोली लगाते हैं। इसे बुंदेलखंड की बदकिस्मती कहें या कुछ और! सरकारी आकड़ो की बाजीगरी के चलते विशेष पैकेज और सौ दिन काम की गारंटी देने योजना मनरेगा भी यहाँ नाकाम साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश मे बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों बाँदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर आदि मे कामगारों के हालात बेहद खराब हैं। खेती के सिंचाई के लिए कोई साधन न होने से हमेशा सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है। जिसकी वजह से यहाँ के लोग कर्ज और मर्ज के शिकार हो गए हैं। लाखों किसानों पर अरबों का सरकारी कर्ज लद गया है। अदायगी न कर पाने पर किसान आत्महत्या कर रहे हैं,हलांकि सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। लोगों की बेबसी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है चित्रकूट जनपद के कस्बों के चौराहों मे भोर से ही इंसानों की मंडी सजने लगती है। गांव देहात से आए गरीब हाथ मे फावड़ा, कुदाल व डलिया लिए किसी सेठ महाजन के आने का बेसब्री से इंतजार करते मिल जाएंगे। चित्रकूट जनपद मे कई दशकों से डाकुओं और दादुओं का आतंक रहा है। अब यहां डकैतों से मुक्ति तो मिल गई लेकिन विकास के लुटेरे अब भी दिन के उजाले में विकास और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लूट रहे हैं। यहां न तो आवागमन के लिए पर्याप्त साधन हैं और न ही उद्योग-धंधे हैं। यहां बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। केंद्र के साथ ही राज्य सरकार भी रोजगार देने के दावे तो कर रही है, लेकिन इसका कुछ खास परिणाम देखने को नहीं

दो वक्त की रोटी के जुगाड़ मे रोजाना शहर के लगाते हैं चक्कर

जंगलो मे बसे लोग दो वक्त की रोटी के जुगाड़ मे रोजाना शहर के चक्कर लगाते हैं। चित्रकूट पाठा के मानिकपुर, बरगढ मारकुण्डी, कटैयाडंडी, ऊंचाडीह टिकरिया, इटवा डुड़ैला आदि गांव के गरीब आदिवासियो का कहना है कि रोजाना पन्द्रह, बीस, किलोमीटर की दूरी तय कर काम की तलाश मे शहर आना उनकी मजबूरी है, क्योंकि गांव मे सरकारी काम मिलता नही और बड़े लोगों की चाकरी मे बसर नहीं किया जा सकता। पाठा के आदिवासियों का कहना है सरकार जो सौ दिन का काम देने का दावा कर रही है वह पूरी तरह से असफल है, मनरेगा का सबसे ज्यादा फायदा तो ग्राम प्रधान और सचिव ले रहे है।

ग्लास फैक्ट्री से हजारों युवाओं को मिल सकता था रोजगार

बरगढ मे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पहल पर एशिया की सबसे बड़ी ग्लास फैक्ट्री की स्थापना हुई, वह भी बंद पड़ी है। इस ग्लास फैक्ट्री के चालू होने से बुन्देलखण्ड के हजारों युवाओं को रोजगार मिलता लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते चालू नहीं हो सकी। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा जब एक साथ पहल नही किया जायेगा तब तक ऐसे ही धूल फांकती रहेगी। राज्य मिनरल्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन के अंतर्गत आने वाली ये फैक्ट्री का शिलान्यास सन 1987 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किया था। बुलेट प्रूफ कांच बनाने वाली ग्लास फैक्ट्री का निर्माण उप्र राज्य खनिज विकास निगम (यूपीएस एमडीसी) द्वारा सन 1988 में कुछ प्राइवेट सेक्टर के उद्योगपतियों के सहयोग से प्रारम्भ किया गया था । इस फैक्ट्री के निर्माण में प्राइवेट सेक्टर के कई लोगों ने अपना-अपना साझा पूंजी निवेश कर रखा था।

- बेरोजगारी की समस्या का मर्ज दूर होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। अगर डबल इंजन की सरकार में भी बेरोजगारी दूर नहीं हुई तो आखिर कब दूर होगी? सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

रामबाहोरी

- स्थानीय जनप्रतिनिधि कभी भी बेरोजगारी का मुद्दा सदन में नहीं उठाया है। क्षेत्र में रोजगार ना होने से यहाँ की 70 प्रतिशत आबादी पलायन कर जाती है। यह सब जनप्रतिनिधियों के उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण है।

-अजीत कुमार

- समूचे बुंदेलखंड में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। नौकरी की तलाश में युवा बड़े शहरों की तरफ भाग रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार रोजगार देने का दावा तो खूब कर रही है, लेकिन इसका कुछ खास परिणाम देखने को नहीं मिल रहा।

-कंचन कुमार

- चुनाव के समय नेता बेरोजगारी दूर करने का खूब वादा करते हैं। लेकिन चुनाव बीतने के बाद सब भूल जाते हैं। फिर चुनाव आ गाय है और लोक लुभावने वादो की बरसात हो रही है। नेता काम नहीं सिर्फ वादा करते हैं।

-सुनील कुमार

बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो महिलाओं समेत तीन घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर के इमलिया व बिनौरा के बीच दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदोई गुर्जर निवासी हामिद 35 वर्ष गुरुवार रात को 50 वर्षीय महिला बतूलन को बाइक पर बैठाकर कोंच रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार सुरेंद्र पाल अहिरवार, पत्नी कविता अहिरवार निवासी ग्राम दाड़ी की बाइक से ग्राम इमलिया व बिनौरा के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दो महिलाओं समेत चारों लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने हमीद को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लिया और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भक्त की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार: कथा वाचक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र व शिव विवाह की कथा का रसपान कराया।

धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भागवत भगवान ने सर्वप्रथम वांचा है। जिसे नारद मुनि ने सुना। नारद ने भगवान व्यास को सुनाया। व्यास जी ने शुकदेव व शुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत कथा श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि नारद मुनि भगवान से मिलने के लिए आतुर थे। तीसरे जन्म पर भगवान ब्रह्मा के पुत्र के बाद नारायण से मिले। उन्होंने बताया कि कलियुग प्रथम चरण में है। कलियुग की आयु चार लाख 32 हजार वर्ष है। जब किसी भक्त को परेशानी होती है तो प्रभु संकट का निवारण करते हैं। उन्होंने ध्रुव चरित्र के बारे में बताया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। भक्त की रक्षा के लिए प्रभु ने अवतार लिया था। शिव विवाह की कथा में बताया कि पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह हुआ। आरती के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

समाजसेवियों ने करवाया अनाथ गरीब बेटी का विवाह

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

ब्राह्मण परिवार की बिटिया का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। पंडित पुष्पराज त्रिपाठी ने इस विवाह का बीडा उठाया। विवाह के बाद जब विदाई हुई तो माँ की आंखों में बिटिया के घर से जाने की पीडा तो थी। साथ ही उसका विवाह सकुशल संपन्न होने से आंखों में खुशी के आंसू भी थे। ग्राम पंचायत जमहिल निवासी स्व सत्यनारायण त्रिपाठी का पांच वर्ष पहले निधन हो चुका था। परिवार के नाम पर केवल दो सदस्य बेटी खुशी और विधवा माँ नन्दनी देवी ही बचे हैं। माँ मेहनत मजदूरी करके गुजर-बसर करती है। घर में किसी प्रकार खाने की ही व्यवस्था हो पाती है। बडी हो रही बेटी का विवाह कौन करता।

ऐसे में पंडित पुष्पराज त्रिपाठी बेटी के विवाह की पूरी जिम्मेदारी उठायी। खुशी के विवाह के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मित्र मण्डली से आग्रह किया।

सभी मित्रों ने बढ-चढकर सहयोग किया। जिसमें प्रमुख रूप से सहयोगी उत्तर प्रदेश वाले काका कार्टूनिस्ट उर्फ प्रवीण त्रिपाठी अयोध्या से, श्रवण कुमार पाण्डेय, अवनीश कुमार पाण्डेय चित्रकूट से, गणेश तिवारी मुम्बई से, भारतेंदु गौतम आदि रहे। पंडित पुष्पराज त्रिपाठी ने जमहिल गाँव में रहकर विवाह की सम्पूर्ण व्यवस्था की और वैवाहिक कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया। साथ ही खुशी को मध्यमवर्गीय ग्रहस्थी जीवन में उपयोगी समस्त सामग्री भेंट की गई।



भाजपा के कार्यकाल में हुआ है समाज के सभी वर्गों का विकास: पाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के बांदा लोकसभा के मानिकपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कृषक इण्टर कॉलिज भौरी में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करें। यह चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है। हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर आर के पटेल बनकर चुनाव में सक्रिय प्रयास करें। हर बूथ में हमें घर-घर पहुंचकर जन जन से सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयास से जब मतदान होता है तो भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेने चलती है, पहाडी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है, राम वन गमन पथ बनता है, श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। पीएम मोदी का संकल्प है नारी शक्ति का सशक्तिकरण, गरीब का कल्याण, किसान का विकास और युवाओं के सपनो को साकार करना। उन्होंने कहा कि शक्ति की बात न्यारी है, चण्ड-मुण्ड पर भारी है। कहा कि जिन लोगों ने राम भक्तों पर गोली चलवाई, जिन लोगों ने राम के आस्तित्व को नकारा है, ऐसे लोगो के विरूद्ध जन जन से आग्रह करना है जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देहि। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड जन जन के सामने है। यदि हर भ्रष्टाचारी के सींग होती तो अरविंद केजरीवाल राजनीतिक पटल पर बारहसिंगा होते। सपा का पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। सपा ने न तो पिछडो का विकास किया और न ही बसपा ने दलितों का विकास किया। पिछडो और दलितों का विकास भाजपा की डबल इंजन सरकारों के कार्यकाल में हुआ। जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि जिस पार्टी के पास पीएम मोदी और सीएम योगी जैसा नेतृत्व हो और ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह तो हर हाल में विजयी होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ होता है। बिना इनके पार्टी नही खडी हो सकती। मतदान के दिन बूथ पर बूथ अध्यक्ष ही लडता है तभी विजय मिलती है। सभी बूथ अध्यक्षों को एक सजग प्रहरी की भाति लगकर अपने बूथों में मतदाताओं से सम्पर्क व सवाद करना है। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने को प्रत्याशी मानकर इस महासमर मे उतरना होगा। सभी को प्रधानमंत्री के 10 वर्षो के सुशासन व विकास की बातो को बताने व समझाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि वह आपकी तरह भाजपा के एक छोटे कार्यकर्ता हैं। यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लडा जा रहा है।

इस मौके पर बांदा लोकसभा के प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, कर्वी विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, अध्यक्षता लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अश्वनी, अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, शिवकांत पांडेय, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, जयप्रकाश पांडेय, गंगाधर मिश्रा, रामरतन प्रजापति, शंकर दयाल जायसवाल, दशरथ प्रजापति, हीरो मिश्रा, रवि, ओम प्रकाश मिश्रा, आशीष पांडेय, अभिषेक ओझा, बृजेश शुक्ला, ममता सिंह, राजीव तिवारी, संजय पांडेय आदि मौजूद है।

एसपी ने शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारी, कर्मचारी का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान आगामी वी.वी.आई.पी., वी.आई.पी. कार्यक्रमों के दृष्टिगत वीवीआईपी, वीआईपी की सुरक्षा सम्बन्धित बिन्दुओं एवं रिंग राउण्ड टीम, रिजर्व पूल की डियूटियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान कर रिहर्सल करायी। प्रशिक्षण, रिहर्सल के बाद पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर, लाइन्स राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद की दोनों विधानसभाओं में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) योजना के अंतर्गत प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदाता शिक्षा देने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गठित की गई ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेहंदी पोस्टर, भाषण, निबंध, नुक्कड नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान को चलाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा कराई जा रही इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं के साथ वह छात्र-छात्राएं जो भावी मतदाता हैं, उनके अंदर निर्वाचन के प्रति रूचि उत्पन्न करने के साथ माता-पिता व घर परिवार के लोगों को जागरूक करना है।

छात्र-छात्राएं इन गतिविधियों की चर्चा अपने घरों में अवश्य करेंगे। साथ ही अपने परिवार में मत के महत्व को बतायेगें कि मताधिकार का प्रयोग करना कितना महत्वपूर्ण है, जिससे उनके परिवार के लोगों में मतदान के प्रति अवश्य जागरूकता आएगी। जिससे वह अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 20 मई को अपने बुथों में जायेंगे। बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र करते हुए मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन लिखे। पिछले तीन दिनों में बजरंग इण्टर कॉलिज सपहा, राजकीय हाई स्कूल मुरका, शांति देवी इण्टर कॉलिज पहाडी, कृषक इण्टर कॉलिज भौरी, राजकीय हाई स्कूल मंडोर, राजकीय हाई स्कूल बियावल, वासुदेव इण्टर कॉलिज मानिकपुर, बालिका इण्टर कॉलिज मऊ, साहब सिंह इण्टर कॉलिज पूरबपताई, राजकीय हाई स्कूल चाँदी, राजकीय हाई स्कूल मिर्जापुर आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुआ छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

मेधावियों का बढ़ा हौसला, किए गए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। उरई

इंटर व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं में शहर के बघौरा स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर का दबदबा रहा। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में अपना डंका बजा दिया। इस विद्यालय की तीन छात्राओं ने टाप फाइव में स्थान बनाकर एक ओर जहां विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया है तो वहीं जनपद व अपने परिवार को भी गौरवान्वित किया है। जिले के आलाधिकारियों ने आज छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर हौसला अफजाई की और कहा कि इसी तरह मेहनत कर सर्वोच्च पदों पर बैठकर देश की सेवा करें।

बताते चलें कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर सरस्वती ज्ञान मंदिर ने हमेशा ही सर्वोच्च शिक्षा की बदौलत छात्र छात्राओं को बेहतर नंबरों से उत्तीर्ण करने के लिए मेहनत की है। शिक्षकों की मेहनत इस बार भी रंग लाई। इस बार विद्यालय की हाईस्कूल की तीन छात्राओं दीपांशी सिंह सेंगर ने प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं इशिका ने प्रदेश में चौथा और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। चाहत पटेल ने प्रदेश में पांचवां और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिसमें अंकित प्रजापति ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं निशा यादव ने जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का डंका बजवाया। जिसमें प्रतीक्षा कुशवाहा ने प्रदेश में आठवां व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राधिका विश्वकर्मा ने जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अधिकांश छात्रों ने नब्बे प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इन सभी मेधावियों को आज विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

जिसमें डीआईओएस राजकुमार पंडित, बीएसए चंद्रप्रकाश ने मेधावी छात्र छात्राओं को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का समय सोशल मीडिया, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि का है। इन चीजों से छात्र छात्राओं को बहुत सारी चीजें सीखने को मिलती हैं। मोबाइल का प्रयोग बेहतर शिक्षा के लिए करें। इसका दुरुपयोग मत करें। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन जगत सिंह यादव ने प्रदेश व जिले में अपनी मेधा का डंका बजाने वाले छात्र छात्राओं को शील्डें व साइकिल देकर उनको सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक शिवेंद्र प्रताप सिंह व प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर मनीष कुमार, गौरव तिवारी, आरिफ, सचिन, रोहित, सुमित, रविकांत, जयप्रकाश, ऊषा यादव, नीलम, आरती, रीता कुशवाहा, नेहा, मानवेंद्र आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 27 अप्रैल 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आँधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.4 (-1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 44 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

शॉपर स्टॉप मॉल निर्माण के लिए सरेआम प्राधिकरण और सरकार के नियमों का हुआ कत्ल

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। अंधेर नगरी चौपट राजा वाला हाल इस समय कानपुर विकास प्राधिकरण में चल रहा है। इस विभाग से अगर आपके पास पैसा है तो उसके बल पर आप जी.टी. रोड पर भी मकान बनाने के लिए नक्शा पास करवा सकते हैं, इस विभाग के नक्शा विभाग और प्रवर्तन में तैनात खिलाड़ी अधिकारी और बाबू हर तरह से आपको राहत पहुंचाते हुए सारे गुण सिखा देंगे जिससे आपका निर्माण जीटी रोड पर भी हो जाए। जिसका एक जीता जागता उदाहरण वर्तमान समय में जी.टी. रोड कोका-कोला चौराहे के ठीक किनारे बना शॉपर्स स्टॉप मॉल है। जन एक्सप्रेस दावा करता है कि अगर इस निर्माण की फाइल को एक जांच कमेटी का गठन कर जांचा जाए तो कई अधिकारी तक अपनी नौकरी गंवा बैठेंगे। कारण यह है कि इस निर्माण को बड़े-बड़े अधिकारियों की सरपस्ती में ही तैयार किया गया है।

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में स्थित जीटी रोड कोका-कोला चौराहे पर कॉर्नर पर ही पूर्व में कन्हा गैलेक्सी नाम का एक होटल था। कान्हा गैलेक्सी के प्रबंधन तंत्र को इस होटल को मॉल में बदलना था। कान्हा गैलेक्सी के प्रबंधन तंत्र ने कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों को अपने साथ मिलाया और बड़ी शान से शासन तथा कानपुर विकास प्राधिकरण के नियमों मानकों का दिन दहाड़े कत्ल करते हुए पूर्ण रूप से माल का रूप दे डाला। इस मॉल का नाम शॉपर्स स्टॉप रखा गया है। इस खबर को पढ़ रहे जो अभी के जिम्मेदार अधिकारी हैं वह खुद जानते होंगे कि वाकई में उन्होंने शासन प्रशासन के साथ कानपुर विकास प्राधिकरण के किन नियमों और मानकों का कत्ल हो जाने दिया और आवास तक नहीं निकाली है। शॉपर्स माल का निर्माण कराने वाले कान्हा गैलेक्सी होटल के प्रबंध तंत्र का दावा है कि उसने निर्माण को शमन शुल्क जमा करते हुए करवाया है। ऐसा लगता है कि कान्हा गैलेक्सी होटल का प्रबंध तंत्र यह भूल गया कि उसने प्राधिकरण में किस कार्य के लिए अपना शपथ पत्र दिया था और जो शमन जमा हुआ है वह किस निर्माण के लिए जमा हुआ है।

खूब जमकर बांटी गई पंजीरी

प्राधिकरण (के.डी.ए.)के ही सूत्र बताते हैं कि इस निर्माण को कराने के लिए कई पूर्व के बड़े अधिकारियों का हाथ शामिल रहा है। जमकर कानपुर विकास प्राधिकरण और यूपी सरकार के नियम और मानकों की हत्या करते हुए यह निर्माण हुआ है। सुविधा शुल्क रूपी पंजीरी खूब जमकर बांटी गई है।

इस अवैध निर्माण ने जीटी रोड तक का कर लिया है अतिक्रमण

कानपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के कई जिम्मेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि इस कॉमर्शियल निर्माण के कारण मानक के अनुरूप इस निर्माण की पार्किंग नहीं है इसीलिए कई पूर्व में कई ईमानदार अधिकारी इस निर्माण को होने नहीं दे रहे थे, लेकिन कान्हा गैलेक्सी ने अपने रसूख का प्रयोग करते हुए आखिरकार निर्माण तो करवा लिया अब फुटपाथ की जमीन भी घेर ली है देर शाम तक मानक के अनुरूप पार्किंग ना होने के कारण दूर-दूर तक सड़क के किनारे कारें खड़ी हुई दिखाई देती हैं।

आचार संहिता खत्म होने के बाद कई अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार कई ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता जिन्होंने पूर्व में भी अपनी लिखा पड़ी से कई अधिकारियों को सबक सिखाया है और नक्शे भी निरस्त कराए हैं जन एक्सप्रेस में खबर प्रकाशित होने के बाद उनके द्वारा बड़े भारी पैमाने पर इस निर्माण की खोजबीन आरंभ कर दी गई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का यह मानना है कि अभी आचार संहिता होने के कारण अधिकारियों के खिलाफ शासन स्तर पर कार्रवाई नहीं हो सकती लेकिन वह जैसे ही चुनाव खत्म होगा इस मामले में स्वयं मुख्यमंत्री के दरबार समेत हर एक जिम्मेदार अथॉरिटी के सामने पेश होकर इसकी शिकायत करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने यह भी जन एक्सप्रेस के सामने दावा किया है कि इस मर्तबा इस निर्माण के मामले में कई अधिकारियों पर गाज भी गिर सकती है।

एक और समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह एवं हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा (रूस)? के बोटैनिकल गार्डन परिषद के अध्यक्ष डॉ.यूरी प्लूगतर द्वारा शुक्रवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय और हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा के बीच सहयोग का उद्देश्य अकादमिक तथा शोध विषयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को पारंगत करना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शिक्षक रूस स्थिति उद्यान संस्थान की शिक्षण एवं शोध गतिविधियों को सीखेंगे तथा रूस के वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय कानपुर आकर शिक्षण एवं शोध गतिविधियों सीखेंगे। वही द्वितीय चरण में एमएससी एवं पी एचडी के छात्र एवं छात्राएं रूस स्थित इंस्टीट्यूट जाकर वहां शिक्षण, शोध और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर सकेंगे तथा रूस के विद्यार्थी कृषि विश्वविद्यालय कानपुर आकर विश्वविद्यालय में शिक्षण,शोध तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर सकेंगे।

रूस के उपनिदेशक वैश्विक सांस्थानिक गतिविधियां उच्च शिक्षा एवं वैश्विक मंत्रालय रसिया डॉ.सर्गी खोखलोव तथा कृषि काउंसलर एंबेसी आफ रशियन फेडरेशन इन रिपब्लिक ऑफ़ इंडिया डॉक्टर कांस्टेंटिन ए मालासेन कोव तथा कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल. मौर्य मौजूद रहे।

25 अप्रैल से 23 मई 2024 तक प्रवेश के लिए बीटेक के छात्र करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय स्थित यूआईटी में संचालित बीटेक पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष के प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन 25 अप्रैल से 23 मई 2024 तक होना है। जिसके लिए इच्छुक अच्यर्थी आवेदन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://applications.csjmu.ac.in/btechw®wy/register.php पर आवेदन कर सकते है। बताते चले कि बीटेक पाठ्यक्रम की 6 ब्रांचो की 429 सीटों पर प्रवेश आईआईटी जेईई मेंस की रैंक के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से होगा। जिसके लिए ऐसे अच्यर्थी जिन्होंने आईआईटी जेईई मेंस का एग्जाम दिया है काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय में बीटेक मे केमिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में होता है।

अग्निकांड: अधिवक्ताओं ने नहीं दाखिल की लिखित बहस, फिर बढ़ी तारीख, टला फैसला

✻ अब 29 अप्रैल को होगी सुनवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के अग्निकांड मामले में फिर से एक बार एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 के न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए तारीख बढ़ा दी है। न्यायाधीश ने अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों को लिखित में जवाब दाखिल करने के लिए कहा था और मामले में अगली सुनवाई 26 अप्रैल को नियत कर दी है। 26 अप्रैल को अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने लिखित में बहस कोर्ट के सामने दाखिल नहीं कि जिस कारण विद्वान न्यायाधीश के द्वारा अब इस मामले की सुनवाई 29 अप्रैल तक के लिए नियत कर दी गई है। इस मामले में अंतिम निर्णय 29 अप्रैल को भी नहीं आ पाएगा, क्योंकि उस दिन लिखित में अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों अपना जवाब दाखिल करेंगे।

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी को कल जनपद महाराजगंज से नहीं लाया गया था, उसकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। वहीं दूसरी ओर विधायक के भाई रिजवान सोलंकी को कानपुर जेल से नहीं लाया गया था। उसकी पेशी भी वीसी के माध्यम से हुई, जमानत पर रिहा हुए हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान, अज्जन और मोहम्मद, शरीफ स्वयं पहुंचे हुए थे। अभियोजन और बचाव पक्ष ने लिखित बहस नहीं दाखिल की जिस कारण सुनवाई की तारीख 29 अप्रैल तक के लिए बढ़ गई है।

ज्ञातव्य हो कि बीते वर्ष 8 नवंबर 2022 को थाना जाजमऊ क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी स्थित सपा विधायक इरफान सोलंकी के पैतृक मकान के ठीक बगल में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा ने उनकी झोपड़ी को विधायक इरफ़ान और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के अन्य सदस्यों द्वारा साजिश रच के फूंक देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर थाना जाजमऊ में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही विधायक इरफान सोलंकी अपने भाई रिजवान सोलंकी को लेकर फरार हो गया था। लेकिन उसे पुलिस से भागना काफी भारी पड़ा भागने के दौरान ही उसने ऐसे ऐसे अपराधों को अंजाम दिया जो एक साधारण व्यक्ति तो नहीं दे सकता था जिसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला खुद को अशरफ अली बनाकर हवाई यात्रा करना था। इस मामले में उसे सहयोग करने के कारण हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान की बेटी सपा नेत्री नूरी शौकत समेत उसके भाइयों और इरफान के सालों को भी जेल जाना पड़ा था। इसके बाद भी मुकदमा दर्ज होने का सिलसिला नहीं रुका संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान को भी गैर कानूनी तरीके से नागरिकता दिलाने के मामले में विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अग्निकांड मामले में विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में दिन प्रतिदिन सुनवाई चली है। मामले में अंतिम निर्णय सुनाया जाना है लेकिन हर मर्तबा किसी न किसी कारण तारीख आगे बढ़ जाती है। कल के दिन शुक्रवार को भी लोगों को अंतिम निर्णय न आने की उम्मीद इसलिए थी क्योंकि दोनों पक्षों को लिखित में बहस दाखिल करनी थी। सकता है। फिलहाल अब इस मामले में अगली सुनवाई आगामी 29अप्रैल को होगी।

पीड़ित पक्ष न्याय प्रणाली से दिख रहा नाखुश

सपा विधायक इरफान सोलंकी के जुल्मों का शिकार होने वाली नजीर फातिमा और उनके परिवार लगातार निर्णय न आने से बेहद निराश दिखाई दे रहे हैं। शुक्रवार को कोर्ट परिसर में नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा ने बड़े ही हताश और उदास मन से मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते कहा कि उनके तीन-तीन भाइयों की हत्या कर दी गई। उनके झोपड़ी को जलाने वाला उन पर अत्याचार करने वाला इरफान और उसका भाई घटना को कारित करने के बाद भी छाती ठोक ठोक कर कोर्ट के सामने कहते रहते हैं कि वह बरी हो जाएंगे। लेकिन उसके बाद भी बोली कि उन्हें कोर्ट पर भरोसा है कि न्याय मिलेगा।

फास्ट फॉरवर्ड

छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 का परीक्षाफल घोषित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 का परीक्षाफल सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा घोषित कर दिया गया है। केंद्र के मण्डलीय मनोवैज्ञानिक डॉ.नरेश चन्द्र ने बताया कि अच्यर्थी परीक्षाफल वेबसाइड www.entdata.co.in पर देख सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का जन-जन तक किया बखान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चौबेपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत ने व उनकी टीम द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव गांव और घर घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया गया। जितेंद्र राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में समझाया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामबाबू कठेरिया सेक्टर संयोजक नीरज राजपूत बूथ अध्यक्ष सिद्धार्थ राजपूत पूर्व प्रधान राम बहादुर राजपूत अनूप शुक्ला काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाने उत्कर्ष नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल कालेज के छात्र छात्रा बड़ी संख्या में पहुंचे। छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि 2019 और 2020 में उत्कर्ष नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल कालेज में करीब 50 छात्र और छात्राओं ने प्रवेश लिया था और लगभग सभी छात्रों से कालेज प्रशासन ने पांच पांच लाख रुपया वसूल किया।लेकिन चार माह पहले जानकारी हुई की नर्सिंग कालेज की मान्यता ही नहीं है।जब की कालेज के मालिक उत्कर्ष त्रिवेदी ने बताया की इंडियन नर्सिंग कालेज से मान्यता प्राप्त है।जब इसकी सूचना उत्कर्ष त्रिवेदी को बताई तो वो धमकाने लगे की सबका भविष्य खराब कर देंगे। जिसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी जिसके बाद उनके प्रवेश पत्र मिल सके थे। सभी छात्र-छात्राओं ने एक सुर में बताया कि अब कॉलेज प्रशासन जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नर के व्यस्त होने के कारण सभी छात्र-छात्राएं उनसे नहीं मिल पाए।

ठगी और चोरी के मामलों मे आरोपी, कानपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी

(क)	संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं0	014/2019 थाना-काकादेव, कानपुर	0250/2022 थाना-गोविन्द नगर, कानपुर
(ख)	न्यायालय के नाम के साथ मामला सं0	ACJ(JD)-I,कानपुर नगर	MM IV,कानपुर नगर
(ग)	अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं (धारा की सं0 दें, अर्थात भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा.....)	406/420/467/468/471/323/504/506 I.P.C.	147/306/511/506 I.P.C.
(घ)	अपराध का संक्षिप्त विवरण	406/420/467/468/471/323/504/506 I.P.C.	147/306/511/506 I.P.C.
(ङ)	क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें)	नहीं	नहीं

✻ जनता के बीच चर्चा का विषय, कैसे कर पाएंगे यह भला

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत कई दलों के गठबंधन से इंडिया नामक गठबंधन तैयार करके विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी के विजयी रथ को रोकना चाहते हैं। सभी दल भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों पर अनेकों प्रकार के गंभीर आरोप लगाते हुए रोजाना संपूर्ण भारत मे लोकसभा चुनाव के दौरान देखे जा रहे हैं जिसमे उनके राष्ट्रीय स्तर के नेता और प्रवक्ता भी शामिल हैं। इंडिया गठबंधन का दावा है कि उन्होंने जितने भी प्रत्याशी लोकसभा चुनाव के मैदान मे उतारे हैं वह सभी पाक साफ हैं। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप मे कानपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने आलोक मिश्रा नामक व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाकर मैदान मे उतारा है। आलोक मिश्रा कहने को तो एक निजी विद्यालय के मालिक हैं। लेकिन इनके ऊपर एक नही दो नही तीन फ्रॉड धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं जिनमे से दो धोखाधड़ी के व एक चोरी के मुकदमों मे चार्जशीट भी माननीय न्यायालय मे दाखिल हो चुकी है। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से उम्मीदवार आलोक मिश्रा के विरुद्ध सबसे पहले जनपद बरेली की कोतवाली मे धोखाधड़ी का मुकदमा वर्ष 2007 मे दर्ज किया गया था। इस मुकदमे मे आईपीसी की धारा 420 के अलावा 467/468/471 की धाराएं भी शामिल थीं। इस मामले मे जांच के बाद आलोक मिश्रा के विरुद्ध चार्जशीट भी सीजेएम कोर्ट बरेली मे दाखिल हुई थी। वर्ष 2011 मे कानपुर नगर के थाना किदवई नगर मे मारपीट गाली गलौज जबरन किसी को हिरासत मे रखते हुए चोरी करने का मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। इस मुकदमे मे आईपीसी की धारा 323/504/ 506/ 342/ 379 मे मुक़दमा दर्ज हुआ था। इस मामले मे भी चार्ज शीट माननीय न्यायालय एसीजे फोर्थ मे दाखिल हुई थी। वर्ष 2022 मे थाना गोविंद नगर मे आईपीसी की धारा 147/306/506/511 मे दर्ज हुआ था। वर्ष 2019 मे थाना काकादेव मे एक बच्चे के अभिभावक द्वारा आईपीसी की धारा 420 /406/ 467 / 468 / 471/323/ 504/506 मे दर्ज किया गया था।

बीती 24 अप्रैल 2024 को थाना नवाबगंज मे आलोक मिश्रा समेत दो अन्य पर धारा 171 एफ और 420 मे मुकदमा दर्ज किया गया है। जनता में अब यह चर्चा है कि जिस प्रत्याशी के ऊपर ठगी चोरी और आत्महत्या करने के उकसाने के मुक़दमे दर्ज हों वह खुद को पाक साफ बता रहा है।

बाबूपुरवा पुलिस पुलिस ने ढूंढ निकाला गुम हुआ युवक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना बाबूपुरवा की पुलिस ने महज कुछ ही घंटे में एक गुम हुए युवक को ढूंढ निकाला और उसके परिजनों को सौंप दिया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 25 अप्रैल को थाना बाबूपुरवा पर मो0 आसिफ आयु लगभग 22 वर्ष पुत्र शमीउल्ला निवासी 83/141 जालपा नगर थाना जूही कानपुर नगर के सम्बन्ध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। चौकी प्रभारी टीपी नगर उ0नि0 विकास शर्मा मय हमराह उ0नि0 विश्वजीत सिंह व हे.का. शिवप्रताप सिंह के द्वारा त्वारित संज्ञान लेते हुए गुमशुदा मो0 आसिफ की सुकशल बरामदगी के मिलने वाले सावर्जनिक स्थानों पर टीम बनाकर सघन चेकिंग तथा अथक प्रयासों से गुमशुदा को झकरकट्टी बस अड्डे के पास से सकुशल बरामद किया गया। गुमशुदा को उनके माता पिता के सुपुर्द कर थाने से सकुशल रवाना किया गया। इस कार्य की वादी के परिवारीजनों द्वारा भूरी भूरी प्रसंशा की गयी।

दलित छात्र समूह पर हुए हमले के विरोध में ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दलित शोषण मुक्ति मंच व सामाजिक संगठनो के संयुक्त मंच ने लखनऊ मे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी (ब्क्क) के सुरक्षा कर्मियों द्वारा दलित छात्रों पर अमानवीय तरीके से हिंसात्मक हमले किए जाने के विरोध मे राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। संयोजक गोविन्द नारायण ने बताया कि लखनऊ के बीबीएयू मे 16 अप्रैल 2024 को बाबा साहब अंबेडकर जी कि जयंती के कार्यक्रम के लिए विद्यालय के छात्रों को साउंड और स्पीकर ले जाने की अनुमति विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं दी गई, पर 17 अप्रैल 2024 को विश्वविद्यालय के मंदिर के कार्यक्रम में दूसरे छात्रों को स्पीकर और साउंड ले जाने दिया गया, इस पर अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन करने वाले छात्रों ने आपत्ति की, इसी को लेकर कुलपति आवास के बाहर तैनात सुरक्षा गार्ड एजेंसी के सुरक्षाकर्मियों ने अमानवीय तरीके से स्कूल प्रशासन की शय पर छात्रों को लाठी डंडों द्वारा व जमीन पर पटक-पटक कर मारा, जिससे अनेक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया मे वायरल हुआ है। इस घटना को लेकर कुलपति आवास पर पीड़ित छात्र न्याय के लिए धरने पर बैठे हैं, कई छात्र क्रमिक अनशन पर बैठे हैं, जिनकी हालात बिगड़ने पर अस्पताल में ले जाया गया, धरने का 9वां दिन है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही है बल्कि, स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित छात्रों के खिलाफ ही 04 छात्रों का नाम दर्ज व 25 अज्ञात छात्रों पर मुकदमा थाना आशियाना में दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। राष्ट्रपति से निवेदन करते हुये ये मांग कि विश्वविद्यालय प्रशासन जो धर्मिक व जातिगत भावना के चलते कार्य कर रहा है, और पुलिस प्रशासन जो एक तरफा कार्यवाही कर रही है, साथ ही सुरक्षा कर्मियो के खिलाफ जो कानून को अपने हॉथो लेकर छात्रो की पिटाई की है को संज्ञान लेते हुये उक्त घटना की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी विद्यालय प्रशासन व सुरक्षा कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व पीड़ित छात्रों को शीघ्र न्याय दिलाया जाय। ज्ञापन देने वालो मे चमन खन्ना, एड0 सोनेलाल गौतम, प्रताप साहनी, जग नारायण (पूर्व पार्षद) भारत राज योगी, एड0 नीरज यादव, एड0 बुद्ध सिंह, एड0 आनंद गौतम, एड0 राम नवल कुशवाहा, एड0 प्रवीण यादव, एड0 पंकज सिंह, एड0 राकेश सत्यार्थी, एड0 सरदार प्रबोध सिंह, एड0 अरविंद यादव, हरभजन बाल्मीकि, उमाकांत, कल्लू, विमल, प्रदीप यादव आदि शामिल रहें।

चमनगंज पुलिस ने दबोचे धोखाधड़ी के आरोपी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना चमनगंज पुलिस द्वारा थाने पर दर्ज़ धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अबूजर पुत्र आफताब आलम निवासी 88/384 ए नाला रोड़ थाना चमनगंज हाल पता 83/143 मदीना कम्पाउन्ड परमपुरवा पुलिस चौकी के सामने थाना जूही कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष व फहद पुत्र इन्तियाज हुसैन निवासी 88/53 प्रेमनगर थाना चमनगंज कानपुर नगर को सिद्दीकी आरामशीन नियर चन्द्रिका देवी चौराहा के पास से को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर, 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हर्षिता माथुर ने बताया है कि 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी, जिसके अनुसार 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 26 अप्रैल 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नाम निर्देशन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 03 मई 2024, नाम निर्देशन की जांच 04 मई 2024 एवं उम्मीदवारों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 06 मई 2024 निर्धारित है। 36 रायबरेली संसदीय क्षेत्र निर्वाचन का नामांकन स्थल न्यायालय कक्ष, जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली है।

नामांकन दाखिल करने का समय 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे के मध्य रिटर्निंग ऑफिसर जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली या सिद्धार्थ चौधरी उप जिलाधिकारी ऊँचाहार/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 183-ऊँचाहार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे।

आकाश आनंद ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बहुजन समाज पार्टी को अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट पर संजीवनी की तालाश

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने शुक्रवार को जिले में जनसभा को संबोधित कि?या। युवाओं में जोश भरते हुए जय भीम का नारा लगाया। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर छठवें चरण में चुनाव होना है।

आकाश आनंद ने शुक्रवार को अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी कमर हयात के समर्थन में जिले के पवित्र ब्रह्मस्थली शिवबाबा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। जन सभा को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने भारतीय जनता पार्टी और सपा कांग्रेस गठबंधन को निशाने पर लिया।

आकाश ने कहा, हमें मुफ्त का राशन नहीं बहन जी का शासन चाहिए। भाजपा के लोग आएं तो उनसे शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार पर सवाल करें। कहा कि भाजपा ने स्कूलों का बुरा हाल कर दिया। भाजपा शिक्षा से खिलवाड़ कर रही है। आकाश ने कहा, बाबा साहब कहते थे शिक्षा वह शेरनी है जो उसका दूध पियेगा वो दहाड़ेगा। बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी सरकार से नाराज हैं या उन्हें लगता है कि मौजूदा सरकार में उनके साथ नाइंसाफी हुई है, अत्याचार हुआ है, वह वोट की ताकत का इस्तेमाल कर बदला लेने का काम करें।

आकाश आनंद ने कहा है कि लोग सही पार्टी का सेलेक्शन कर उसे वोट करें और नाइंसाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेंके।आकाश आनंद के मुताबिक लोग वोट की ताकत का सही तरीके से इस्तेमाल कर आकाश आनंद ने पेपर लीक के मामलों पर कहा है कि हर एक बच्चा या हर एक युवा जो पेपर लीक का शिकार हुआ है, वह सरकार को सबक सिखाना चाहता है। उनके मुताबिक अभ्यर्थी पेपर लीक की वजह से वैसे ही परेशान रहते हैं। अपना विरोध जताने के लिए जब वह धरना प्रदर्शन करते हैं तो प्रशासन उन पर लाठीचार्ज करता है।

ऐसे लोग तो सरकार को मुंहतोड़ जवाब देंगे ही।

आकाश आनंद ने कहा कि बीजेपी ने कहा था कि महंगाई कम कर देंगे 2 करोड़ लोगों को हर साल रोजगार देंगे लेकिन सरकार अपने वायदे को पूरा नहीं कर पाई है।

बसपा नेता ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस समाज ने विधानसभा चुनाव में इन्हें एक मुफ्त वोट डाला आज उस समाज पर अत्याचार हो रहा है लेकिन समाजवादी पार्टी के नेताओं के मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। कहा कि जब प्रमोशन में आरक्षण का बिल राज्यसभा में आया तो सबसे पहले विरोध समाजवादी पार्टी ने किया। आकाश आनंद ने कहा की यह लोग बहुजन समाज ही नहीं पिछड़े अति पिछड़ों के खिलाफ भी हैं। इनसे बड़ा देशद्रोही और गद्दार कोई नहीं है।

सपा गद्दार और देश द्रोही है: आकाश आनंद

अपने जोशीले भाषण में बीएसपी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश ने कहा कि सपा के लोग बहुजन समाज ही नही पिछड़े और अति पिछड़ों के खिलाफ हैं। इनसे बड़ा देश द्रोही और गद्दार कोई नही है। जन सभा संबोधन में उन्होंने कहा कि इसी तरह से कांग्रेस पार्टी के लोग भी आपसे वोट मांगने आएंगे और कहेंगे कि हम बहुजन समाज के लोगों को एससी एसटी और पिछड़े लोगों को रिजर्वेशन देने का काम करेंगे। बसपा ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। साल 2019 में भी इस सीट पर बसपा का कब्जा था और रितेश पांडेय सांसद चुने गए थे जो वर्तमान में भाजपा का दामन थाम चुकें हैं व वर्तमान में भाजपा प्रत्याशी भी हैं। वहीं सपा ने कटेहरी विधानसभा सीट से विधायक लालजी वर्मा को इस सीट पर चुनावी मैदान में उतारा है।अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर छठे चरण में 25 मई को चुनाव होगा।

फास्ट फॉरवर्ड

संत सेवा, गौ सेवा, गरीबों की सेवा ही गुरु के लिए सच्ची श्रद्धांजलि: महंत गणेश दास

जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में मोहल्ला बेगमपुरा स्थिति अवध बिहारी कुंज मंदिर में पुन्य तिथि संत सुखी दस फलाहारी की तीसरी पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाया गया संत सुखित दास फलाहारी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर संतो महंतों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया अवध बिहारी कुंज के पिठाधीश्वर महंत गणेश दास महाराज के सानिध्य में सुखित दास महाराज की पुण्यतिथि के तीन दिवसीय रामायण पाठ राम कथा का आयोजन कर भजन संध्या का आयोजन की धूम रही पुन्य तिथि पर बृहद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संतों महंतों को दक्षिण भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया साथ ही लोग भोजन प्रसाद ग्रहण कर लोग धन्य हुए। अवध बिहारी कुंज के पीठाधीश्वर महंत गणेश दास ने बताया संत सुखित दास महाराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से मंदिर में सनातन धर्म की रक्षा हेतु संत सेवा गौ सेवा गरीबों की सेवा निरंतर होती रहती है। आज की पुण्यतिथि में गुजरात राजस्थान मध्य प्रदेश दिल्ली समेत कई प्रदेश के भक्तों ने उपस्थित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण का कृतार्थ हुए एक सवाल के जवाब में महंत गणेश दास कहते हैं जो अवध बिहारी की शरण में है उनकी कृपा सदा भक्तों पर भारी बनी रहती है विश्व शांति मानव कल्याण समाज उत्थान हेतु निरंतर हमारा मंदिर प्रबंधन की ओर से धार्मिक कार्यक्रम पूजा पाठ हवन व कथा के माध्यम से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में प्रयास बना रहता है उक्त पुन्य तिथि पर सैकड़ो संत महंत और गृहस्थ मौजूद थे।

मानव कल्याणार्थ रामार्चा कथा व रामायण महोत्सव संपन्न

जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम। अयोध्या धर्म की धरती अयोध्या में छोटी देवकाली स्थित सिद्ध पीठ राजगोपाल मंदिर में मानव कल्याणार्थ राम कथा व रामार्चा यज्ञ महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। राजगोपाल मंदिर के महंत सीताराम शरण के सानिध्य में अहमदाबाद गुजरात से सीताराम केडिया सा परिवार के साथ सिद्ध पीठ राजगोपाल मंदिर में आकर मानव कल्याणार्थ रामार्चा कथा व रामायण महोत्सव संपन्न कर वृहत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें रामनगरी के वरिष्ठ संत महंत पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए। राजगोपाल मंदिर के अधिकारी सर्वेश्वर दास ने बताया की सीताराम केडिया पूरे परिवार के साथ अहमदाबाद से आकर रामार्चा यज्ञ के साथ-साथ रामायण का कार्यक्रम संपन्न किया। इसमें हजारों संतों महंतों और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया साथ ही सीताराम केडिया द्वारा सभी को दक्षिण भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।

पूर्व मंत्री ने किया साकेतनगर वार्ड व महात्मा गांधी वार्ड में जनसंपर्क

जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में महानगर कमेटी अयोध्या ने साकेतनगर वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड में में जनसंपर्क कर गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए जनता से वोट की अपील की, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि एक तरफ वो लोग हैं जो देश में नफरत पैदा करना चाहते हैं एक तरफ इण्डिया गठबंधन है जो देश में प्यार मोहब्बत और भाईचारा रखना चाहता है, आज संविधान को खत्म करने की एक बड़ी साजिश भाजपा कर रही है जिसको जनता समझ चुकी है, इस लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जनता जिताकर सांसद बनाने का काम करेगी।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट के अनुसार इस मौके पर अमित प्रसाद,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, मंसूर प्रधान, आकीब खान, महानगर सचिव वीरेंद्र गौतम, सूर्यभान यादव, पार्षद रामभुवन यादव, जगत नारायण यादव, अर्जुन यादव सोमू, राम अजोर यादव, अम्बेडकर वाहिनी महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, जे पी यादव, संजीत सिंह, अमन सागर, बृजलाल पासी, इश्तियाक खान, सुरेन्द्र यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

चंद्र ट्रेडर्स प्रतिष्ठान का शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम। सुचित्तागंज बाजार कोला मोड़ पर स्थित चंद्रा ट्रेडर्स प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर बाबू गया प्रसाद सिंह व शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने फीता काटकर किया। उपरोक्त प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर व्यवसायी के के सिंह एवं संयोजक शिक्षामित्र संघ के मंडलीय उपाध्यक्ष राम तीरथ बानौधिया थे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबू गया प्रसाद सिंह, के के सिंह, सहाबे आलम (माकू), फरीद अहमद, पंकज पांडेय , विकास सिंह, शिक्षा मित्र संगठन पदाधिकारी आशुतोष प्रताप सिंह , रामकरन भारती, विनय चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश मूर्ति यात्रा

जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र बैती कला गांव में चार दिवसीय श्री मां काली जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को धार्मिक माहौल में गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश मूर्ति यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक गानों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। काली माता की जयकारों से क्षेत्र गूजता रहा। अयोध्या और क्षेत्र से आए पुरोहितों द्वारा वैदिक कर्मकांड और मंत्र उच्चारण के साथ काली जी के मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व काली जी के मंदिर से शुरू हुई कलश मूर्ति यात्रा कई घंटे तक क्षेत्र में स्थापित सभी मंदिरों से होकर गुजरी। प्राण प्रतिष्ठा होने वाली काली जी की मूर्ति का पूरे ग्राम पंचायत और सभी मंदिरों में भ्रमण मूर्ति यात्रा कराई गई। इस मौके पर मूर्ति कलश यात्रा में जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह, राम आधार सिंह, आनंद सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, अजय सिंह, विनय, शिवम, सत्यम, आदित्य, दुर्गेश एवं राजवीर सिंह, कथा व्यास पंडित कुलदीप शास्त्री अयोध्या धाम, पंडित अभिषेक तिवारी, पंडित कुलदीप पांडे, पंडित पवन तिवारी, सहित तमाम महिला पुरुष ग्रामीण श्रद्धालु उमस और गर्मी के बावजूद भी कलश यात्रा में मौजूद रहे।

अमेठी जनपद में नामांकन से लेकर मतगणना तक डेट वाइज कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, उम्मीदवारों को जानकारी देते हुए बताया है कि 37अमेठी लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जो तीन मई तक चलेगी।नामांकन जांच चार मई,नाम वापसी छ मई, मतदान बीस मई तथा मतगणना चार जून निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 37 अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन न्यायालय कक्ष संख्या 11 जिला मजिस्ट्रेट अमेठी कलेक्ट्रेट परिसर गौरीगंज में किया जाएगा। नामांकन पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 तक रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्राप्त किए जाएंगे। चार मई को नाम निर्देशन पत्रों की सवींक्षा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी। 6 मई को नाम वापसी के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन एवं काफिले को नामांकन कक्ष से सौ मीटर के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ चार अन्य व्यक्ति उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं।

पंद्रह ने बाइस सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया

नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शुक्रवार को 15 लोगों द्वारा 22 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किए गए। जिसमें स्मृति जुबिन इरानी भाजपा से दो सेट, मिथुन जायसवाल निर्दलीय एक सेट, रामपाल निर्दलीय एक सेट, सुरेश कुमार मौर्या राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी एक सेट, चंद्रावती बहुजन मुक्ति पार्टी एक सेट, अजय कुमार त्रिपाठी, निर्दलीय एक सेट, अनुराग श्रीवास्तव निर्दलीय दो सेट, परेश कुमार भारतीय राष्ट्रीय दल दो सेट, संतराम त्रिपाठी समझदार पार्टी तीन सेट आदि ने नामांकन पत्र प्राप्त किया।

मिल्कीपुर व बीकापुर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे जलशक्ति मंत्री

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विधानसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलनों में शनिवार को मिल्कीपुर तथा बीकापुर विधान सभा के बूथों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसे प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सम्बोधित करेंगे।

लोक सभा में होने वाले सम्मेलनों के संयोजक व भाजपा के जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी दी गई हैं। विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों का आयोजन किया गया है। जिसमें बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक व प्रभारी, मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि मिल्कीपुर विधान सभा का सम्मेलन कलुआ मउ डिग्री कालेज 11 बजे तथा बीकापुर विधान सभा का सम्मेलन होटल त्रिमूर्ति, कोटसराय में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहेंगे।

गुरु कृपा से उनके बताये मार्ग पर चलकर ही होगा मानव कल्याण: महंत पवन कुमार दास फलाहारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम

अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में परिक्रमा मार्ग प्रहलाद घाट स्थित श्री हनुमत ध्यान भवन मंदिर में पूर्व महंत रामदास महाराज के चित्र पर फूल माला श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वरिष्ठ संतो महंतों ने श्री हनुमत ध्यान भवन के महंत पवन कुमार दास फलाहारी ऊंची खड़ाऊ वाले के सानिध्य में पूर्व महंत रामदास महाराज का 35 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि अर्पित के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित संत महंत व भक्तगणों ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए । और पवन कुमार दास फलाहारी द्वारा दान दक्षिणा देकर स्वागत सत्कार किया गया। श्री हनुमत ध्यान भवन मंदिर के महंत पवन कुमार दास फलाहारी ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया की गुरु रामदास महाराज के कृपा व दिखाएं मार्ग पर चलकर मानव कल्याण हेतु सनातन धर्म की रक्षा संत सेवा गौ सेवा विद्यार्थी व भक्तों की सेवा हेतु सारा जीवन समर्पित है।

आज हमारे पास जो कुछ भी है वह उन्हीं की कृपा से है संतों पर भगवान की कृपा व भक्तों की सहयोग से सभी कार्य संपन्न होता है। जीवन का सारा समय भगवान की भजन व भक्तों की सेवा हेतु समर्पित है पवन कुमार दास फलाहारी आगे बताते हैं की सभी लोग भगवान की आदर्श पर चलकर जीवन को धन्य करें सभी भक्त अयोध्या आए और प्रभु का दर्शन करें।

आवासीय पट्टे की जमीन पर विपक्षी द्वारा जबरन रोका गया निर्माण कार्य

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

क्षेत्र के दबंग भूमाफियाओं के सहयोग से मोहम्मद शफी द्वारा अपने दबंगई के बल पर रोक गया पीड़ित द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य

जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव में दबंगों ने आवासीय पट्टे की भूमि पर जबरन निर्माण कार्य रोक दिया। दबंगों की हरकतों से पीड़ित परिवार परेशान है। जबकि हल्का लेखपाल द्वारा ग्राम प्रधान की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश कर सीमांकन कर दिया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। कटघर मूसा गांव में इब्ने हसन को 2012 में गाटा संख्या 1191 में आवासीय पट्टा दिया गया था। तब से आज तक उक्त भूमि पर उनका कब्जा है। इसी भूमि पर विपक्षी मोहम्मद शफी भी अपना दावा ठोकते हैं। जबकि उनका पट्टा सन 2002 में खारिज हो गया है। इसी फर्जी दस्तावेज के सहारे भूमाफियाओं के सहयोग से मोहम्मद शफी द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। मामले में हल्का लेखपाल धर्मेंद्र राणा द्वारा पैमाइश की गई तो उक्त भूमि इब्ने हसन की बताई गई। फिलहाल मामले में राजनीति गर्म हो गई है। समय रहते यदि मामले को हल नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

पीड़ित अयान अब्बास ने बताया कि कटघर मूसा के आसपास सरकारी जमीनों पर भी भूमाफियाओं की निगाह बनी हुई है। फिलहाल मामले में एसडीएम जलालपुर के द्वारा जांच की जा रही है।

बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुखों की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। सेक्टर सुनबा में बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक संपन्न कराया। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तेज तिवारी ने कहा मतदाताओं को समूहों में अपने घरों से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया जा सके ताकि भाजपा के पक्ष में मतदान बढ़ाया जा सके।मतदान के दिन पार्टी कार्यकर्ता बूथ पर नियमित अंतराल पर जांच भी करेंगे कि कितने मतदाता वोट डालने के लिए बचे हैं उसी आधार पर उनसे वोट देने का आग्रह किया जाएगा। पन्ना प्रमुख की यह जिम्मेदारी है कि वह संबंधित पन्ने के मतदाताओं से नियमित रूप से संपर्क एवं संवाद करें और उन्हें मतदान के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित करें।बैठक में भाजपा नेता वेद प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह, पवन सिंह , राकेश तिवारी, राजेंद्र सिंह, दया शंकर चौरसिया, राजेश श्रीवास्तव, माता बदल पांडेय, अमर बहादुर सिंह, तुंग बहादुर सिंह, रमेश साहू एवं सभी पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग ने 1439 वाहनों का किया अधिग्रहण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु स्कूली वाहन /प्राइवेट बसों/हल्के वाहन/मिनी ट्रक की शत प्रतिशत उपलब्धता के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित किया गया। निर्वाचन संबंधी अभी तक की तैयारियो के बारे में एआरटीओ द्वारा बिदुवार अवगत कराया गया कि 521 बसे, 868 हल्के वाहन, 50 मिनी ट्रक की निर्वाचन के दौरान आवश्यकता है। इसके लिए वाहन स्वामियों को अधिग्रहण आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसकी तामिला भी कराई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वाहन स्वामियों को शत प्रतिशत तामीला कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में भी इसकी बैठक कर वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिन वाहनों के फिटनेस न हुए हो अथवा आगामी कुछ दिनों में समाप्त हो रहे हो वे सभी लोग अपने वाहनों का फिटनेस व अन्य कमियों को दूर कर लें, जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत 25 मई के मतदान में अपना वाहन दिए गए समय में उपलब्ध करा सकें। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ, जिला सूचना अधिकारी तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

चौहान गुट ने 116वीं लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज चौहान गुट टीम ने 116वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों खीरों थाने के अंतर्गत रघुवापुर दुबई ग्रामसभा में एक अज्ञात महिला का लावारिश शव मिला, जिसको लेकर पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु खीरों थाना ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह, पीएनओ- 112466637, थाना खीरों जनपद रायबरेली की मौजूदगी में करवाया गया। जिला अध्यक्ष मो0 उमर ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, नगर मीडिया प्रभारी निजाम, ड्राइवर गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।

संशिक्षा अकादमी छात्रों के भविष्य का वरदान: नीरज

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। संशिक्षा अकादमी के निदेशक नीरज सोनी ने कहा कि समय की माँग पर संशिक्षा अकादमी की स्थापना की गयी है, यह छात्रों के भविष्य के लिए वरदान साबित हो रही है। संस्थान के छात्र अर्पित कुमार गुप्ता के 99.84, प्रतिमा शुक्ला के 99.75, गौरव पटेल के आये 99.06 परसेंटाइल। संक्षिका अकादमी के 30 से ज्यादा बच्चों ने जे.इ.ई. मेंस में अच्छा रिजल्ट दिया है। जे.इ.ई. एडवांस में पास होने पर बच्चे आई.आई.टी. में एडमिशन ले सकते हैं। अकादमी के निदेशक नीरज सोनी, अभिषेक निरंजन और सेंटर हेड संजय कुमार जो खुद आई. आई.टी. कानपुर से बी.टेक. है, ने बताया कि संस्थान के दीपेश ने 98.83, आस्था ने 97.31, अभिजीत प्रताप सिंह का 96.35, नील गुप्ता का 96.05, अभिनव श्रीवास्तव का 95.2, अभय गुप्ता 94.2, आर्यन सिंह 94.5, विश्वास सिंह 94.3 सहित अखंड सिंह, आर्यन सोनी, रितिकि, अली हमजा, पलक वर्मा, आयुष यादव, दिव्यांशी ने भी जे.इ.ई. मेंस पास कर लिया।

महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण देकर मोदी ने बढ़ाया नारी शक्ति का मान: स्मृति इरानी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा अमेठी के महिला मोर्चा द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें स्मृति इरानी को फिर से एक बार भारी बहुमत से सांसद बनाने का संकल्प लिया गया। महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में स्मृति इरानी व विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद प्रियंका रावत रहीं। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति ईरानी ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33त्न आरक्षण देकर नारी शक्ति का मान बढ़ाया।साथ ही राजनीति में भी सदन में महिलाओं की संख्या को बढ़ाने का काम किया। और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी काम किया है। नारी शक्ति बंधन अधिनियम देकर के मोदी ने नारी शक्ति का एक अलग ही स्थान प्रदान किया है। शौचालय देकर के महिलाओं के बाहर शौच जाने से मुक्ति दिलाई है। महिलाओं को उन्हीं के नाम से आवास देने का काम हुआ एवं अगले पांच सालों तक राशन भी देने का काम मोदी ही करेंगे। पहले लोग महिला आरक्षण पर केवल बातें करते थे।मोदी ने करके दिखाया।

महिला सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने संबोधित करते हुए मोदी के विज़न 2047 तक विकसित भारत बनाने में मातृ शक्ति की अहम भूमिका है। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लागू करके हम बहनों को भी संसद भवन में भागीदारी देने का काम मोदी ने किया है। नारी शक्ति अबकी बार चार सौ पार के संकल्प के साथ मोदी के विकसित भारत विजन 2047 को पूरा करने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक तेजभान सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा एवं प्रभारी अमेठी बबीता तिवारी, गीता सिंह जिला महामंत्री निमिषा त्रिपाठी जिला महामंत्री पूनम पांडे,रचना कोरी, उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष भाजपा डॉ.रीता वर्मा, प्रज्ञा बाजपेई सहित सभी प्रमुख महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 27 अप्रैल 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	42°C	27°C
कानपुर	42°C	26°C
देहरादून	35°C	21°C
नई दिल्ली	39°C	26°C

'मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहता है इंडी गठबंधन'

बोले योगी, जनता का एक वोट देश की तस्वीर और तकदीर को बदलने में निर्णायक साबित होगा

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक
- बोले, भाजपा विकास, सुरक्षा और सुशासन का मुद्दा लेकर जनता के बीच आई थी
- कांग्रेस के मेनिफेस्टो में लिखी बातें दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक: योगी
- योगी ने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन की मंशा के प्रति देश को आगाह करना जरूरी है
- कांग्रेस के मंसूबों पर समय रहते वोट के माध्यम से 'पानी फेरना' होगा: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की जनता को कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रति एक बार फिर आगाह किया है। उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। सीएम योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी। पहले चरण का मतदान इन्हीं मुद्दों पर हुआ, मगर पहले चरण से ठीक पहले इंडी गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण घटक कांग्रेस के घोषणापत्र ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। भाजपा हर हाल में इसका पुरजोर विरोध करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा का वक्तव्य सबने पढ़ा है। यूपीए सरकार के दौरान रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस लेकर आई थी। इसके अलावा कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण में जबरदस्ती मुस्लिमों को डालकर ओबीसी के अधिकार का बंदरबांट कर रही है। विरासत टैक्स, संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात, संपत्ति को कब्जे में लेने की बात करके ये लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। इसके साथ ही विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था। अगर कोई राजनीतिक दल ऐसा करने की कोशिश करेगा तो उसका विरोध हर हाल में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अगर इस प्रवृत्ति को फिर से पनपाने का प्रयास होगा तो भाजपा इसे कतई स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा सरकार पहले से ही कार्रवाई कर रही है। मगर आम आदमी की संपत्ति पर डकैती डालने का प्रयास कोई करेगा करेगा तो हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस और सहयोगी दल देश की राजनीति का तालिबानीकरण करने पर उतारू हो चुके हैं। माओवादी दुष्प्रवृत्ति को फिर से लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्सनल लॉ के जरिए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को पुनर्स्थापित करके महिलाओं का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए इन मुद्दों को आज के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पुरजोर तरीके से उठाकर इसका विरोध कर रही है।

वोट के जरिए इस पर पानी फेरने का काम करे

उन्होंने कहा कि हम ये मुद्दे उठा रहे हैं और जनता का ध्यान आकषित कर रहे हैं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे। चिदंबरम जो बात वरासत टैक्स की करके कह रहे थे, वही बात सैम पित्रोदा कह रहे हैं। इनके मंसूबों पर पानी फेरने की जरूरत है, नहीं तो ये देश, कॉमन मैन और आधी आबादी के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।

मोदी जी के कार्यों को लेकर उमंग और सकारात्मक माहौल

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में मोदी जी के कार्यों को लेकर उमंग और सकारात्मक माहौल है। उनके कार्यों को जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में मदद मिल रही है। देश कार्यों को देखना चाहता है और मोदी जी ने 10 साल में देश को नई दिशा दी है। उनका कार्यकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास का स्वर्णिम युग है। हर सेक्टर में विकास हुआ है। दुनिया में भारत नई धमक के साथ तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। उसका लाभ बीजेपी को मिलेगा। 4 जून को प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा फिर एक बार सत्ता में आएगी।

उत्तर प्रदेश में अब तक 32281.70 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

- यूपी में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा अनुपालन
- 25 अप्रैल को 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी की गई जब्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 अप्रैल, 2024 को कुल 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इस तरह 1 मार्च से 25 अप्रैल, 2024 तक कुल 32281.70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा प्रदेश में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 25 अप्रैल गुरुवार को 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई। इसमें 13.93 लाख रुपए नकद, 49.95 लाख रुपए कीमत की 18628.60 लीटर शराब, 63.62 लाख रुपए कीमत की 193367.70 ग्राम ड्रग व 0.01 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री शामिल है। 25 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद मिर्जापुर की मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 38 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 152000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है।

अब तक पकड़ी गई 4435 लाख रुपए की शराब

उन्होंने बताया की 1 मार्च से 25 अप्रैल तक जो 32281.70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की गई है उसमें 3181.54 लाख रुपए नकद, 4435.47 लाख रुपए की शराब, 21346.72 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री शामिल है। मालूम हो कि निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

एनबीएफजीआर द्वारा स्कूली बच्चों में बौद्धिक संपदा जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्कूली बच्चों में नवाचार और रचनात्मकता का बीज प्रफुटित करने के उद्देश्य से एनबीएफजीआर द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्ली पश्चिम में 'हैप्पी इनोवेशन ऑवर' नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की कल्पना और रचनात्मकता को प्रज्वलित करने के लिए डिज़ाइन किए गए इस नए आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन सोच को प्रोत्साहित करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। उत्साही प्रतिभागियों ने कॉपीराइट, डिजाइन, ट्रेडमार्क और पेटेंट सहित बौद्धिक संपदा अधिकारों की बारीकियों को जानने के लिए काफी उत्सुकता दिखाई। इंटरैक्टिव सत्रों और काल्पनिक समस्या-समाधान अच्यासों के माध्यम से, बच्चों ने दर्शकों पर एक स्थायी छाप छोड़ते हुए अपनी कल्पनाशील सोच और समस्या को सुलझाने के कौशल का प्रदर्शन किया। अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में, बच्चों को कल्ली पश्चिम के स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए स्टेशनरी और स्नैक्स से भरे रचनात्मक रूप से डिजाइन किए गए जूट पाउच प्राप्त करने में प्रसन्नता हुई। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा तात्कालिक प्रदर्शन भी किया गया। डॉ. यूके सरकार, निदेशक, भाकृअनुप एनबीएफजीआर, और डॉ. पूनम जयंत सिंह, आई/सी आईटीएमयू, ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करते हुए समन्वय और निष्पादन का नेतृत्व किया। लगभग 200 उत्साही प्रतिभागियों के साथ, इस कार्यक्रम ने न केवल उपस्थित बच्चों को प्रेरित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए रचनात्मकता और नवाचार को अपनाने के लिए मंच तैयार किया। 'हैप्पी इनोवेशन ऑवर' बच्चों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर एनबीएफजीआर की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो एक उज्जवल और अधिक समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

सपा को पछाड़ने के लिए बसपा ने लगाई जुगत

साइकिल की हवा निकालने के लिए नई रणनीति से घेराबंदी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।सभी पार्टियों की निगाहें यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर है। बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी को पछाड़कर लोकसभा चुनाव में खुद को दूसरी सबसे अधिक सांसदों वाली पार्टी बनाने के लिए अपनी रणनीति में कई अहम बदलाव किए हैं। बसपा ने सपा की जीती हुई लोकसभा सीटों पर ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया हैं,जो सपा को नुकसान पहुंचाने की दम रखते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था।बसपा 10 और सपा ने 5 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। सपा की जीती हुई पांच लोकसभा सीटों में आजमगढ़ में भाजपा ने उपचुनाव में बाजी मार ली थी। जबकि रामपुर के सांसद आजम खां की सदस्यता समाप्त होने के बाद भाजपा के घनश्याम लोधी जीते थे। इस बार भी सपा को इन पांच लोकसभा सीटों पर जीत की उम्मीद है,लेकिन बसपा ने सपा के प्रत्याशियों के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। बसपा ने मैनपुरी में सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है।रामपुर में सपा प्रत्याशी इमाम मोहिब्बुल्लाह का मुकाबला करने के लिए जीशान खान को मैदान में उतारा है। मुरादाबाद में सपा ने सांसद एचटी हसन की जगह रुचि वीरा को मैदान में उतारा है।बसपा ने मोहम्मद इरफान सैनी को मैदान में उतारकर सपा के पाले में जाने वाले मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की व्यूहरचना बनाई है। संभल से सपा के जियाउर्रहमान के सामने बसपा ने शौलत अली को मैदान में उतारा है, जिससे मुस्लिम वोट बैंक बिखर सकता है। बसपा ने पहले आजमगढ़ से अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मैदान में उतारा था,लेकिन अब भीम राजभर को सलेमपुर से चुनावी मैदान में उतारने का फैसला लिया है। अब बसपा आजमगढ़ में ऐसे किसी कद्दावर नेता को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जो सपा को शिकस्त दे सके। यदि बसपा की रणनीति सफल रही तो भाजपा और सपा की लड़ाई में बसपा को फायदा मिल सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिलने के बाद सपा ने 2022 विधानसभा चुनाव में अपना प्रदर्शन सुधारने की कवायद तो की, लेकिन विधानसभा चुनाव में सपा के साथ आए कई प्रमुख नेताओं ने दूरी बना ली है। इसका असर लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है।

> बसपा लोकसभा चुनाव में पिछली बार के मुकाबले अधिक सीटें जीतेगी। सपा इस चुनाव में कमजोर स्थिति में है। तमाम बड़े दलों और नेताओं ने सपा का साथ छोड़ दिया है। कांग्रेस का तो यूपी में कैडर ही नहीं बचा है।
> -विश्वनाथ पाल, बसपा प्रदेश अध्यक्ष

काकोरी मोड़ से सलेमपुर पतौरा जाने वाला मार्ग जर्जर, भरा गंदा पानी

जन एक्सप्रेस/ अभिमन्यु कुमार रावत

- कई वर्षों से जल भराव व जर्जर रास्ते पर नहीं पड़ी सम्बंधित अधिकारियों की नजर

लखनऊ। मां कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 क्षेत्र के काकोरी मोड़ से सलेमपुर पतौरा गांव जाने वाला मार्ग बहुत जर्जर हैं और रास्ते पर जल भराव का गंदा पानी भरा रहता जिसके चलते वहां के रहने वाले लोगों को आने जाने में बहुत दिक्कते होती हैं, स्थानीय लोगों ने बताया कि रास्ते पर जलभराव होने के कारण पूर्व में कई लोग गिरकर चोटिल भी हुए हैं, सूत्रों की माने तो कई बार स्थानीय लोगों ने सम्बन्धित अधिकारियों को लिखित शिकायत की थी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके कारण रास्ता अभी तक नहीं बना है।

> कई वर्षों से काकोरी मोड़ से सलेमपुर पतौरा जाने वाला मुख्य रास्ता जर्जर है और रास्ते पर गंदा पानी भरा रहता है, जिसके चलते रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनमें अभी भी गंदा पानी भरा है और हम लोगों को निकालने में दिक्कत होती है, जबकि कई बार हम लोगों ने मिलकर संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत की पर सम्बन्धित अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं।
> -डॉ हीरालाल सलेमपुर
> पतौरा पारा कोतवाली

> रास्ता काफी जर्जर है और गंदा पानी साल के बारों महीने भरा रहता है, हम स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी आने-जाने में बहुत दिक्कतें होती है और ज्यादातर स्कूल जाने वाले बच्चों को।
> -राजू यादव, सलेमपुर पतौरा

> रास्ता न बनने से निवास कर रहें ग्रामीणों के घरों के सामने गंदा पानी भरा रहता और उन्हें घर से बाहर निकलने में बहुत दिक्कते होती है, सम्बंधित अधिकारी इस रास्ते की समस्या को संज्ञान में लेकर जल्द बनवा दें।
> -विपिन कुमार गुप्ता, काकोरी मोड़

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान ना पहुंचाने का संदेश दिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अवध कॉलेजिएट , लखनऊ की 50 एनसीसी कैडेटस, 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा दो दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दो दिवसीय अभियान मे कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान ना पहुंचाने का संदेश दिया ढ्ढ पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से भी स्वच्छता के महत्त्व को समझाया और समझाया यदि हम सब इसका पालन करगे तो वास्तव में यह सच्ची देश सेवा होगी। स्वच्छता अभियान मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच में सम्मिलित होना चाहिए। हमारे द्वारा फैलाई गई गन्दगी हम सब के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। रीयूज, रिफयूज, रीडयूज व रिफयूज को अपना कर हम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इन समर्पित कैडेट्स ने विद्यालय के परिसर के बाहर और स्कूल में अपने मिशन को बढ़ावा देने के लिए कृष्णा नगर कानपुर रोड में रैली निकालने का आयोजन किया, ताकि हमारे समाज में जागरूकता फैलाई जा सके। स्कूल के प्रबंधक सर्वजीत सिंह और निर्देशिका जतिंदर वालिया के मार्गदर्शन में अवध कॉलेजिएट के इस प्रयास को संभव बनाने में स्कूल की प्रधानाचार्या अमृता धनाईं और ह्ह, साधना पीटीआई, के मार्गदर्शन और निरीक्षण का बहुत ही महत्व रहा।

'गुंडों, माफिया और अपराधियों की भाभी हैं डिंपल यादव, दें हमारे मंगलसूत्र का हिसाब'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- सपा समर्थित माफिया गैंग्स के शिकार लोगों की विधवाओं ने डिंपल यादव पर साधा निशाना
- अधिवक्ता उमेश पाल, पूर्व विधायक कृष्णानंद राय और पूर्व डिप्टी मेयर अनिल सिंह की पत्नियों ने डिंपल से पूछे सवाल
- अलका राय ने डिंपल से पूछा, जब मेरा मंगलसूत्र छिना तब आप कहां थीं
- उमेश पाल की पत्नी ने कहा, डिंपल को नहीं है पुलवामा पर कुछ बोलने का हक
- वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर अनिल सिंह की पत्नी ने कहा योगी राज में माफियाओं का हो रहा गिन गिन कर सफाया

पुलवामा आतंकी हमले पर राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या सपा सरकार में पोषित माफियाओं द्वारा कर दी गई थी। मंगलसूत्र वाले डिंपल के बयान पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने तगड़ा पलटवार किया है। महिलाओं ने समाजवादी पार्टी द्वारा पाले-पोसे गये मुख्तार और अतीक जैसे अपराधियों द्वारा की गई हत्याओं का मुद्दा उठाते हुए अपने अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा है। प्रयागराज के अधिवक्ता दिवंगत उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा है कि पुलवामा की बात डिंपल यादव को शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव गुंडों, माफिया और अपराधियों की भाभी हैं। आज जब चुन चुनकर सारे माफिया का सफाया हो रहा है, तो उन्हें यह नहीं भा रहा। मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। न जाने कितने बच्चों को अनाथ किया गया। कितनी ही बहनें अपने भाइयों की कलाई को याद करके रोती रहती हैं। मंगलसूत्र उतारने और चूड़ियां तोड़ने का दर्द डिंपल नहीं नहीं समझ सकेंगी। उनकी पार्टी देश का इस्लामीकरण करना चाहती हैं और इस्लाम में मंगलसूत्र का कोई महत्व नहीं है। जया पाल ने यह भी कहा कि जिस दिन रामभक्तों पर उनके ससुर ने गोलियां चलवाई थीं, उन विधवाओं के मंगलसूत्र का हिसाब कौन देगा। कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में जिनके सुहाग उजड़े उनके मंगलसूत्र का क्या होगा। डिंपल अगर सैफई से बाहर निकलें तो देखेंगी कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुर से ले लिया है। पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उसमें ब्लॉक प्रमुख से लेकर पुलिसकर्मी तक शामिल थे। उस समय डिम्पल जी कहां थीं। एक बार भी वह विधवाओं और अनाथ बच्चों के आंसुओं को पोंछने क्यों नहीं गईं। इंसाफ के लिए हम दर-दर भटकते रहे, तब सपा सरकार ने हमारा कोई साथ नहीं दिया। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया। वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर दिवंगत अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो ज्यादा अच्छा होगा, क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। मगर, सपा सरकार के दौरान मुख्तार अंसारी ने मेरे पति और देवर की हत्या कराई। मेरे जैसी तमाम महिलाएं हैं, जिन्होंने माफियाओं द्वारा उनके पतियों की हत्या के बाद छोटे छोटे बच्चों को लेकर किस तरह उनका पालन पोषण किया। उन्होंने बताया कि किसी भी सरकार में हमें न्याय नहीं मिला अब योगी जी के राज में माफियाओं का गिन गिनकर सफाया हो रहा है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

देश को संदेश देने में नाकाम रही

विपक्ष की रांची रैली

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए। हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई।

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने उलगुलान न्याय महारैली का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे और झारखंड झुकेगा नहीं जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। उलगुलान शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है। देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।%% जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है।

एक्सप्रेस आलेख

चीन विरोधी गुट क्वाड में भागीदारी कर रहा है। साथ ही इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं । जिस तरह चीन ने अपने उद्देश्यों के लिए वैश्वीकरण का इस्तेमाल किया, अपनी संप्रभुता को खोने के बजाय मजबूत किया, उसी तरह ग्रेटर इंडिया भी ऐसा करने का इरादा रखता है। शुरू में, अंतरराष्ट्रीय राजनीति की वस्तुगत वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, अपनी शक्ति को मजबूत करने, अपनी विशाल आबादी के कल्याण को बढ़ाने, घरेलू बाजार की मात्रा, सैन्य शक्ति और तकनीकी क्षमता का विस्तार करने के लिए और फिर उपयुक्त समय पर, एक पूरी तरह से स्वतंत्र और संप्रभु ध्रुव के रूप में उभरने के लिए भारत आज तैयार दिखता है।

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

हमारी आँखों के सामने भारत के रूप में एक नए वैश्विक केंद्र का उदय, दार्शनिक अलेक्जेंडर दुगिन का ये नजरिया विशेष है

'दुगिन' आज यह भी बता देते हैं कि जॉर्ज सोरोस और उनके ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ने नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ युद्ध की घोषणा की है। उसने भारत में सामाजिक और जातीय संघर्ष को भी सक्रिय रूप से भड़काया है। खास तौर पर सोरोस, दलितों को मोदी के खिलाफ उठ खड़ा होने का आह्वान करते हुए असंतोषियों को विद्रोह के लिए उकसा रहा है। ऐसे में अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस जैसी शख्सियतों से मोदी और भाजपा को सावधान रहने की अत्यधिक जरूरत है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे 'अलेक्जेंडर दुगिन' भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं । वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में 'अलेक्जेंडर दुगिन' बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है। यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री 'दुगिन' का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' एक लम्बा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं, 'हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं । हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है। वैसे 'दुगिन' की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथम मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रिका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। युरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता। भारत के पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, अफगानिस्तान किसी न किसी संकट से जूझते दिखते हैं, जिसमें कि सबसे बड़ा संकट आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे में निश्चित ही यह बहुत बड़ी बात है कि भारत तमाम असहमतियों के बीच सहमति बनाने में कामयाब होता दिखता है। 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, ''कई लोगों को आश्चर्य होगा कि भारत वर्तमान में दुनिया की

स्वामी विवेकानंद के अपने एक भाषण में कहा था कि 19वीं सदी यूरोप की थी, 20वीं सदी अमेरिका की है और 21वीं सदी भारत की होगी। वास्तव में वर्तमान में मोदी सरकार जिस तरह से नीतिगत निर्णय लेकर कार्य करती दिखती है, उसे देखते हुए यही कहना होगा कि आज की 21वीं सदी सच में भारत के नवोन्मेष और उत्थान की है। भारत अपने विचारों से विश्व विजय की ओर अग्रसर है।

सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2023 में देश की जीडीपी 8.4 प्रतिशत बढ़ी। 2027 तक इसके वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भारत 2030 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और यहां तक कि चीन को भी पीछे छोड़ सकता है। भारत जनसांख्यिकी और आईटी क्षेत्र में भी अग्रणी है। भारतीय प्रवासी अब सिलिकॉन वैली के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करते हैं और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं, जो उदार-वैश्विक विचारों के साथ जातीय रूप से भारतीय हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रमुख रूढ़िवादी राजनेता, भारतीय मूल के एक कट्टर ट्रम्प समर्थक, विवेक रामास्वामी...हैं। कोई भी क्षेत्र हो भारतीय आगे बढ़ रहे हैं।'' दुगिन साथ ही यह भी घोषणा करते हैं कि भारत वर्तमान में आईटी में वैश्विक नेताओं में से एक है और वित्तीय क्षेत्र एक नया वैचारिक वैश्विक आयाम प्राप्त करेगा । वे लिखते हैं कि हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं, हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है । निश्चित तौर पर इन सफलताओं का श्रेय काफी हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जाता है। भारतीय जनता पार्टी के शासन और मोदी के व्यक्तिगत राजनीतिक करिश्मे ने भारत को मौलिक रूप से बदल दिया है। दिलचस्प बात यह है कि मोदी के शासन में इंडिया का आधिकारिक नाम बदलकर उसका प्राचीन संस्कृत नाम 'भारत' कर दिया गया। आज यह निर्णय दर्शाता है कि नरेंद्र मोदी कांग्रेस की तुलना में पूरी तरह से अलग एवं हर क्षेत्र में भारत को श्रेष्ठ के साथ आगे बढ़ाए जाने की विचारधारा पर कार्य कर रहे हैं। 'दुगिन' ने बहुत स्पष्ट तरीके से लिखा है कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हमारे सामने एक ऐसा भारत उभर रहा है जिसे हम शायद ही जानते हों - एक सही परंपरागत भारत, एक वैदिक सच्यता को आचरण में लेकर आनेवाला राज्य और पूर्ण संप्रभुता के मार्ग पर एक महान भारत हमें दिखाई देता है। कहना होगा कि मोदी का प्रशासन भारत को एक वैदिक सच्यता के रूप में बढ़ावा दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक स्तर पर भारत भू-राजनीतिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के साथ अधिक संरेखित हो रहा है। चीन विरोधी गुट क्वाड में भागीदारी कर रहा है। साथ ही इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं । जिस तरह चीन ने अपने उद्देश्यों के लिए वैश्वीकरण का इस्तेमाल किया, अपनी संप्रभुता को खोने के बजाय मजबूत किया, उसी तरह ग्रेटर इंडिया भी ऐसा करने का इरादा रखता है। शुरू में, अंतरराष्ट्रीय राजनीति की वस्तुगत वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, अपनी शक्ति को मजबूत करने, अपनी विशाल आबादी के कल्याण को बढ़ाने, घरेलू बाजार की मात्रा, सैन्य शक्ति और तकनीकी क्षमता का विस्तार करने के लिए और फिर उपयुक्त समय पर, एक पूरी तरह से स्वतंत्र और संप्रभु ध्रुव के रूप में उभरने के लिए भारत आज तैयार दिखता है। 'दुगिन' आज यह भी बता देते हैं कि जॉर्ज सोरोस और उनके ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ने नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ युद्ध की घोषणा की है। उसने भारत में सामाजिक और जातीय संघर्ष को भी सक्रिय रूप से भड़काया है। खास तौर पर सोरोस, दलितों को मोदी के खिलाफ उठ खड़ा होने का आह्वान करते हुए असंतोषियों को विद्रोह के लिए उकसा रहा है । ऐसे में अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस जैसी शख्सियतों से मोदी और भाजपा को सावधान रहने की अत्यधिक जरूरत है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	तृतीया 08:17 तक
नक्षत्रः	ज्येष्ठा 28:21 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	शनिवार
योगः	परिघा, 27:16
सूर्योदयः	05:47
सूर्यास्तः	18:50
चंद्रमाः	वृश्चिक राशि में
राहुकालः	09:03-10:41
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	वैशाख
शुभ मुहूर्तः	11:52-12:44

जन एक्सप्रेस

रहे वो निकल !

छोड़ अपनी पार्टी ।
रहे वो निकल ।।
राजनीतिक हलकों में ।
मची है हलचल ।।
थाम लिया दामन ।
बहती अलग बयार ।।
बाकी लगता है अभी ।
अगला चमत्कार ।।
सबका अपना दांव है ।
और व्यक्तिगत मत ।।
अंदरखाने सबको ।
मिल रहे हैं ख़त ।।
होना अभी अजूबा ।
करना होगा इंतज़ार ।।
जो थे धुर विरोधी ।
बन बैठे अब यार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

पोस्टपार्टम हेमरेज के कारण महिलाओं को होती है गंभीर परेशानी

महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान कई समस्याओं का सामना तो करना ही पड़ता है। लेकिन प्रेग्नेंसी के बाद डिलीवरी होने के साथ भी कई समस्याओं का खतरा रहता है। डिलीवरी के बाद महिलाओं में होने वाली एक मुख्य समस्या है पोस्टपार्टम हेमरेज। पोस्टपार्टम हेमरेज एक ऐसी स्थिति है जिसमें महिला शिशु को जन्म देने के बाद बहुत ज्यादा ब्लीडिंग का सामना करती है। यह एक गंभीर स्थिति होती है, अगर समय रहते इस समस्या का इलाज नहीं किया गया तो जान जाने का खतरा भी रहता है।

पोस्टपार्टम हेमरेज कारण: स्टार मैटरनिटी हॉस्पिटल की सीनियर स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ विजय लक्ष्मी के मुताबिक पोस्टपार्टम हेमरेज के मुख्य कारण इस तरह से हैं

योनि से ज्यादा ब्लीडिंग: गर्भाशय के बाहर के रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए नावद्वार के नरम होने के कारण, डिलीवरी के बाद योनि से अधिक रक्तस्राव हो सकता है।

जननांग में घाव: जननांग के छेद में टियर या घाव के कारण भी अत्यधिक ब्लीडिंग हो सकती है।

गर्भाशय एटोनी: गर्भाशय की एटोनी एक और सामान्य कारण है जिससे पोस्टपार्टम हेमरेज हो सकता है। इसमें गर्भाशय की मांसपेशियों का अच्छे से संकुचित होने और ब्लड वेसल्स के नरम होने के कारण ब्लीडिंग हो सकता है।

अत्यधिक रक्तस्राव: अगर प्रसव के बाद योनि से अधिक ब्लीडिंग हो रही है, तो यह पोस्टपार्टम हेमरेज का लक्षण हो सकता है।

कमजोरी और चक्कर आना: रक्तस्राव के कारण आपके शरीर में रक्त की कमी हो सकती है, जिससे आपको कमजोरी और चक्कर आ सकता है।

सांस लेने में कठिनाई: अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण शरीर में रक्त की कमी हो सकती है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

ब्लड प्रेशर में गिरावट: ब्लीडिंग के कारण आपके ब्लड प्रेशर में गिरावट हो सकती है, जिससे आपको चक्कर और अनियमित दिल की धड़कन महसूस हो सकती है।

पोस्टपार्टम हेमरेज का बचाव: यदि आपको पोस्टपार्टम हेमरेज के लक्षण महसूस होते हैं, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। इसके अलावा प्रसव के दौरान किसी भी समस्या को नजरअंदाज करने से बचें। ऐसा करने से आपकी परेशानियां और गंभीर हो सकती हैं। डॉक्टर से मिलकर समय-समय पर ब्लड टेस्ट जरूर कराएं। डिलीवरी के बाद संतुलित आहार लें और पर्याप्त प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल्स का सेवन करें।

एक्सप्रेस विशेष

आओ मतदान करें

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने हैं।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

घर में चाय पी रहे परिवार पर तेंदुए ने किया हमला, तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे तहसील निघासन क्षेत्र के गोविंदपुर फार्म में एक तेंदुआ घुस आया। उसने दहशत फैला दी। घर में चाय पी रहे परिवार के लोगों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे परिवार के लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागे। तेंदुए ने तीन लोगों को घायल कर दिया।परिवार के अन्य लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग गया।हमले में गोविंदपुर फार्म निवासी 35 वर्षीय सरजीत सिंह, 68 वर्षीय बलदेव सिंह, 55 वर्षीय बलविंदर सिंह घायल हुए हैं। तीनों घायलों को निघासन सीएचसी ले जाया गया। जहां उनका उपचार हुआ। तेंदुए के हमले की सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। बता दें कि जंगल के आसपास गांवों और फार्म में रहने वाले लोगों के लिए वन्यजीव खतरे का सबब बन रहे हैं। बाघ और तेंदुए की आबादी की तरफ घुसपैठ से लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। पिछले एक माह में एक दर्जन से ज्यादा हमला करने की घटनाएं हो चुकी हैं। शुक्रवार सुबह हुई घटना से फिर दहशत फैल गई।

लोहे की गर्म रॉड से प्रेमिका के गालों पर लिखा अपना नाम

✻ शादी से इनकार पर गुस्साए प्रेमी की करतूत

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। प्रेमिका के शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने खौफनाक वारदात को अंजाम दे डाला। सिरफिरे प्रेमी ने गुस्से में प्रेमिका के गाल पर लोहे की गर्म रॉड से जबरन अपना नाम लिख दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद आरोपी प्रेमी पर एफआईआर दर्ज की गई। पीड़िता ने बताया कि 19 अप्रैल को वह कुछ सामान लेने दुकान पर गई थी। तभी अमन मुंह दबाकर उसे अपने घर उठा ले गया। फिर हाथ-पैर बांधकर गलत काम किया और लोहे की गर्म रॉड से चेहरा जला दिया। चेहरे पर अपना अपना नाम लिख दिया। बकौल पीड़िता- अमन की बहन और उसकी मां ने मुझे पकड़ रखा था। मैं चिल्लाती रही लेकिन कोई बचाने नहीं आया। अब मुझे इंसाफ जानकारी के मुताबिक,धौरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अमन नाम के लड़के का अपने ही गांव की एक लड़की से पिछले कई सालों से जानकारी के मुताबिक, धौरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अमन नाम के लड़के का अपने ही गांव की एक लड़की से पिछले कई सालों से युवती ने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।फिलहाल, आरोपी की तलाश की जा रही है, वो फरार है। ही गांव की एक लड़की से पिछले कई सालों से प्रेम संबंध चल रहा था। लेकिन अभी हाल में जब अमन ने अपनी प्रेमिका से शादी करने की इच्छा जताई तो युवती ने मना कर दिया।इससे अमन भड़क उठा। गुस्से में उसने लोहे की गर्म रॉड से युवती के दोनों गालों पर अपना नाम अमन लिख दिया पर एफआईआर दर्ज की गई। फिलहाल, पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। मामला इलाके में का विषय बना हुआ है।

दो हाथ मेरे सैकड़ों हाथ आप सब के कह काफी उत्साहित दिखे अंशय कालरा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गुरुवार दोपहर खीरी लोकसभा सीट से बसपा ने अंशय कालरा ने प्रेसवार्ता की प्रेस वार्ता में युवा अंशय कालरा काफी आश्वस्त दिख रहे थे उन्होंने पत्रकार वार्ता में रूबरू हो हुए खुलकर अपनी बात रखी और पत्रकारो के बेबाकी से जबाब दिया फूल कांफिडेंस में नजर आ रहे थे अंशय कालरा उन्होंने उत्पीड़न रोकने महिला सुरक्षा को लेकर अनेकों विषय पर बात कही उन्होंने कहा मुझे हर धर्म का समर्थन मिल रहा है मैं किसान का बेटा हूं मैंने किसान आंदोलन में भाग लिया कभी कोई आंदोलन धरना प्रदर्शन होता है तो प्रदर्शनकारी दिल्ली की तरफ लोग करते हैं दिल्ली के में बैठे हुक्मरान अपनी तानाशाही के आगे किसी की नहीं सुनते बताते चलें तिकुनिया हिंसा से नाराज सिख समाज और किसानों को एकजुट कर उसका लाभ बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा को मिल सकता है लगतातार जमीनी प्रचार सैकड़ों गांवों में लोगों से मिलने का फायदा भी बसपा प्रत्याशी को मिल सकता है। उनकी बातों में जबरदस्त हौसला दिखाई दे रहा था प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करने के दौरान उनके इरादों से यह स्पष्ट हो रहा था वह अपने दिल में क्षेत्र के लिए काफी कुछ सोच कर आए हैं और उन्होंने कहा मुझे सर्वे सभी धर्म का समर्थन प्राप्त है लगातार में क्षेत्र में जा जाकर माता बहनों से आशीर्वाद ले रहा हूं अंशय कालर में एक अलग बात यह भी नजर आई है कि जहां भी अग्नि लगने के कांड हुए हैं वह वहां पर पहुंचे लोगों को सम्मिलित हुए और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने संकल्प पत्र के रूप में प्रगति के दस कदम नाम से एक पर्ची बंटवाई जिसमें आम जन की रसोई में मात्र 2 रुपया में भर पेट खाना तथा हर जोन में जन सहायता केंद्र व युवाओं के लिए डिजिटल ट्रेनिंग और ई-लाइब्रेरी व महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर तथा सरकारी ठेकों में स्थानीय श्रमिकों को 70त्न आरक्षण 30 दिन के अंदर गन्ने की फसल का भुगतान व खीरी में पर्यटन विकास तथा बीज केंद्रों में ग्रीन हाउस प्रशिक्षण व किसानों की जमीन का कोई अधिग्रहण नहीं तथा सशक्त कानून व्यवस्था-झूठे केस बंद, फास्ट्रैक व्यवस्था से केस से त्वरित निदान, हथियार युक्त महिला पुलिस जनपद के लिए बहुत कुछ करने के लिए उनके दिल में है।

फेरों से पहले नाराज हुई दुल्हन: बरातियों संग गाड़ी लेकर थाने पहुंचा दूल्हा

✻ पुलिस ने बनाई बिगड़ी बात तब जाकर मामला आया लाइन पर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। गांव पकरिया में बृहस्पतिवार रात शादी समारोह में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। काफी मान-मनौव्वल के बाद भी दुल्हन अपनी जिद पर अड़ी रही। इस पर दूल्हा और बराती थाने पहुंच गए। उन्होंने दुल्हन पक्ष के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दुल्हन के पिता को बुलाया। थाने में पंचायत हुई, जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद दुल्हन ने दूल्हे के साथ फेरे लिए। थाना खमरिया क्षेत्र में गांव कलुआपुर निवासी राधेश्याम अपने पुत्र शिवकुमार की बरात लेकर गांव पकरिया निवासी दुलारे के यहां पहुंचे। बरात का स्वागत सत्कार हुआ। दूल्हा पक्ष के लोग एक लाख रुपये में मंगलसूत्र, पायल, झुमकी, कुंडल आदि जेवर लाए थे। 32 हजार रुपये के कपड़े भी थे। देर रात लगभग 12:00 बजे जेवर व सामान दुल्हन के पास भेजे गए, तब दुल्हन ने कम जेवर आने की बात कहते हुए शादी से इनकार कर दिया दुल्हन के पिता व अन्य परिजन भी उसका पक्ष लेने लगे। इससे हंगामा शुरू हो गया। देर रात तक रिश्तेदारों और परिवार के लोगों में मान मनौव्वल का दौर चलता रहा, लेकिन दुल्हन शादी न करने की जिद पर अड़ी रही। बात नहीं बनने पर शुक्रवार तड़के दूल्हा पक्ष खमरिया थाने पहुंच गया और दुल्हन पक्ष के लोगों के विरुद्ध लिखित तहरीर दे दी। सभी बराती भी थाने आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सुबह ही लड़की के पिता दुलारे को बुला लिया। दुलारे परिवार और अन्य रिश्तेदारों के साथ थाना खमरिया पहुंचे। इसके बाद दोनों पक्षों में वार्ता हुई। दूल्हा पक्ष ने बाद में और जेवर बनवाकर देने की बात कही। इस पर दोनों पक्षों में समझौता हुआ। इसके बाद बरात फिर पकरिया गांव गई और भावरें समेत अन्य शादी की रस्में कराई गईं। शुक्रवार दोपहर में शादी संपन्न हुई। पुलिस कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। शिवकुमार अपनी दुल्हन को विदा कराकर घर ले गया।

प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुआ रैण्डमाइजेशन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

एनआईसी कक्ष में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के प्रेक्षकों की उपस्थिति में माइक्रोऑब्ज़र्वरों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ। माइक्रोऑब्जर्वरों की विधानसभा वार ड्यूटी लगी।

प्रथम रैण्डमाइजेशन के द्वारा माइक्रोऑब्जर्वर के रूप में ड्यूटी लगी थी। तृतीय रैण्डमाइजेशन के माध्यम से बूथों का आवंटन होगा। सभी क्रिटिकल व 3 या 3 से अधिक बूथों वाले मतदान केन्द्रो पर इन माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतदान के दिन लगाया जायेगा।

समस्त तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न करायी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नियंत्रण अधिकारी 2 दिन के अंदर ड्यूटी सम्बंधित अधिकारियों को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

कार्मिकों का पहचान पत्र भी प्राप्त कराएं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शराब ठेके के सामने दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड हाईवे स्थित शराब ठेके पर शराबियों में जमकर मारपीट हुई। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। काफी देर तक दोनों पक्षों के युवकों के बीच मारपीट और हंगामा होता रहना लेकिन बस स्टैंड पर तैनात पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। मारपीट का यह वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद बस स्टैंड पर तैनात पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। शाहाबाद कोतवाली से चंद कदम की दूरी और बस स्टैंड मौलागंज में पर शाहजहांपुर हरदोई हाईवे पर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें हैं। प्रतिदिन यहां पर बड़ी संख्या में मदिरा प्रेमी पहुंचते हैं और यहीं पर शराब का सेवन करने के बाद मारपीट की घटनाएं अक्सर होती रहती है। गुरुवार को रात्रि तकरीबन 8:30 बजे शराब पीने के बाद दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात मारपीट तक आ गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। हंगामा होते देख मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई लेकिन मात्र चंद कदम की दूरी पर बस स्टैंड पर तैनात पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। काफी देर तक हंगामा और मारपीट होती रही। मारपीट की घटना का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद शाहाबाद कोतवाली पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है।

कार की टक्कर लगने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। शाहजहांपुर में मुंडन संस्कार की दावत में शामिल होने जाते समय बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव कलुआपुर निवासी सुनीता (55) की मौत हो गई।

उपकेंद्र में नया ट्रांसफार्मर लगने के कारण शनिवार को दिन में रहेगी कटौती

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। बिजली व्यवस्था सुद्रण करने के लिए शनिवार को पाली कस्बा के विधुत उपकेंद्र पर रिवैप योजना के तहत छमता बृद्धि का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जिसके कारण शनिवार की सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक उपकेंद्र से संचालित होने वाले चारो फीडरों को करीब 12 घण्टे बंद रखा जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद में बिजली सप्लाई शुरू की जाएगी। अवर अभियंता संतोष निषाद ने जानकारी देते हुए बताया है कि पाली विधुत उपेंद्र के चार फीडरों से कस्बा व आस-पास क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा से अधिक गावों के करीब 22 हजार उपभोक्ता को बिजली सप्लाई होती है। उपकेंद्र पर पांच एमवीए और आठ एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे है। गर्मी बढ़ने से बिजली की खपत में बढ़ोतरी हुई है। जिसके कारण ट्रांसफार्मरों पर भरा भी बढ़ा है।

फास्ट फॉरवर्ड

प्रेक्षक प्रातः 10 से 11 बजे तक करेगें आम जनता से मुलाकातः ए0के0 त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। 31-लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के लाईजिनिंग आफिसर/अधिशासी अभियंता जल निगम ए0के0 त्रिपाठी ने बताया है कि लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के मा0 प्रेक्षक एम0 सुन्दरेश बाबू का आगमन 24 अप्रैल 2024 हो चुका है। श्री त्रिपाठी ने अवगत कराया कि प्रेक्षक महोदय आम जनता से प्रतिदिन प्रातः 10 से 11 बजे तक लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर मुलाकात करेगें और प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर-9453756109 है।

01 मई को होगी गेहूं फसल की नीलामी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। नायब तहसीलदार टड़ियावां ने बताया है कि ग्राम अहरापुर तहसील सदर स्थिति तालाब एवं जंगल श्रेणी की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से उगायी गयी गेहूँ फसल की नीलामी 01 मई 2024 को तहसील सदर के सभागार में अपरान्ह 02 बजे की जायेगी। उन्होने कहा है कि गेहूं फसल लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर नीलामी में भाग लेना सुनिश्चित करें।

हज जायरीनों का होगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। 30 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मदरसा अशरफुल मदारिस, सिनेमा रोड, हरदोई में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 आर0के0 सिंह ने बताया कि प्रातः 09.00 बजे से कार्य पूर्ण होने तक दो चिकित्सकीय टीमें हज यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण करेंगी तथा टीकाकरण करेंगीं। आपने बताया कि प्रत्येक टीम में दो चिकित्सक एवं आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ हज यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण करेंगे एवं आवश्यक परामर्श देंगें।

उधारी के पैसे मांगने पर एक युवक को दबंगों ने पीटा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा बीबीजयी में उधारी के पैसे मांगने पर एक युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीबीजयी निवासी युसूफ पुत्र मंगल के अनुसार राना पुत्र लाले मिस्त्री एवं अच्छे मियां पुत्र मंगल पर उसके उधारी के पैसे थे। बकौल युसूफ जब अपने उधारी के पैसे मांगे तो उपरोक्त दोनों ने उधारी के पैसे देने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए उसे मारापीटा जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

युवती को पीट कर किया लहूलुहान

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर खुर्द गांव में एक दबंग ने शराब के नशे में एक युवती को पीट कर लहूलुहान कर दिया। युवती का सिर फट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी प्रेमपाल पुत्र लालाराम के अनुसार उसकी बहन सुमिला दरवाजे पर खड़ी थी और मोबाइल पर बात कर रही थी। उसी समय गांव का कमलेश पुत्र नत्थू शराब के नशे में उसकी बहन को गाली गलौज करने लगा। बहन ने गाली गलौज करने से जब मना किया तो डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे उसकी बहन का सिर फट गया, और बार लहूलुहान हो गई। घायल अवस्था में सुमिता शाहाबाद कोतवाली पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया घटना की जांच की जा रही है।

प्रेक्षकों ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के प्रेक्षकगणों द्वारा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह के साथ एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम, सिंगल विंडो कक्ष का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रेक्षकों को बताया कि एमसीएमसी कक्ष में 24 घंटे राजनीतिक विज्ञापनों व पेड न्यूज की इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया में निगरानी की जा रही है। उन्होंने कंट्रोल रूम पहुंचकर शिकायतों की जानकारी ली। सिंगल विंडो कक्ष में वहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर की साज सज्जा की उन्होंने सराहना की।



बाइक से पाली बाजार आया युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज



जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। ट्रैक्टर में बांधने के लिए म्यूजिक सिस्टम (डेग) लेने बाइक से पाली आया एक युवक अचानक गायब हो गया। खोजबीन के बाद भी युवक का कुछ पता नही चला है। युवक की मौसी ने थाने पर गुमसुदगी दर्ज कराई है।

पाली थाने के कनकापुर लाल निवासी गौरा पत्नी नरसिंग ने शुक्रवार की शाम को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया है कि पड़ोस में ही रह रही उसकी छोटी बहन का बेटा अमन सिंह (23) पुत्र छोटे सिंह खेती किसानी का काम करता है। गुरुवार की शाम तीन बजे बाइक से अमन म्यूजिक सिस्टम (डेग) खरीदने पाली गया था। देर शाम तक घर नही पहुंचा। जिसके बाद परिजनों ने उसकी इधर उधर खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नही चला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे को खोजने की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि गुमसुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

बावन ब्लॉक में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास खण्ड बावन के ग्गाम पंचायत सोनेपुर के प्रा0 पाठशाला मझरेता के बूथ संख्या 216, तथा जू0हा0 कोरिया के बूथ संख्या 323, 324 पर चुनाव पाठशाला का आयोजन डा0 राम प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, तथा मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता रैली निकाली गयी। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी, तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रातः सपरिवार वोट डाले जाने का आश्वासन दिया गया। ग्रामवासी/ मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट हेतु जागरूक कर रहें है। उपस्थित बी0एल0ओ0 अध्यापक व बच्चों को अपने अभिभावकों को सपरिवार अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। उ0प्रा0वि0 बरसोहिया के बूथ संख्या 208, 209, 210 प्रा0वि0 बाजपुर नकटौरा के बूथ संख्या 195, 196, संस्कृत महाविद्यालय सकाहा के बूथ संख्या 55, 56, 57, जू0हा0 कौढा के बूथ संख्या 353, 354, 355, 356, प्रा0पा0 कौढ़ा के बूथ संख्या 357, 358 का निरीक्षण किया गया तथा सचिवों को प्रत्येक दूसरे दिन शौचालयों तथा स्कूल के परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त प्रा0पा0 दूलारपुर बूथ संख्या 67, दुधिया के बूथ संख्या 22, में मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, अनिल कुमार चौरसिया, सचिव, प्रदीप कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ प्राधानाध्यापक के साथ अन्य शिक्षक /शिक्षिकाएं/ बी0एल0ओ0 एवं ग्राम वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित रचित पंक्तियां भी सबको सुनायी गयीं। हमको है निज देश पे गौरव, हमको है खुद पे अभिमान, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान।

03, 07 व 10 मई को प्रत्याशियों के व्यय लेखा का किया जाएगा निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई

वरिष्ठ कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हरदोई ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले समस्त अच्यर्थियों से कहा है कि उनके व्यय लेखा का निरीक्षण 03 मई तथा 07 मई व 10 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक तथा लेखा समाधान बैठक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26 वे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता मे 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक विकास भवन सभागार मे प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि समस्त अच्यर्थी जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रत्याशी है, उपरोक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि/समय पर विकास भवन सभागार में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियाँ तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक है। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को, एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अच्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके जनसभा/जुलूस तथा वाहन की परमीसन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्यवाही भी की जा सकती है।

डॉ. नफीस के बेटों और करीबी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रवक्ता डॉ. नफीस के बेटे और करीबी लोग फर्जी नोटरी तैयार कर सुन्नी वक्फ बोर्ड की जमीन को किराये पर देने के मामले में फंस गए हैं। महिला ने विरोध किया तो उसके पति की हत्या करने की धमकी दी गई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मलूकपुर बाजदारान निवासी साजदा अख्तर के मुताबिक वक्फ संख्या 96 द्वितीय एक्जेन्टेड बरेली उनका खानदानी वक्फ है। कटघर निवासी तस्लीम मियां, मलूकपुर निवासी वासिफ यार और शहजाद ने लखनऊ वक्फ बोर्ड में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि इस खानदान में कोई सदस्य जीवित नहीं बचा है।

मेले में लगा झूला टूटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

बहराइच जिले के जरवलरोड थाना के अंतर्गत नगर पंचायत जरवल के बाबा अहमद शाह नगर में स्थित मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष बाबा अहमद शाह का उर्श मनाया जा रहा था। बीती रात उर्श पर बाबा के दरगाह पर विशाल मेले का भी आयोजन होता है। मेले मे तमाम तरह के दूर दराज के व्यापारी मेले मे आकर अपनी दुकानें लगाते हैं। रात्रि मे लगभग 10 बजे मेले मे लगा झूला टूटने से तमाम बच्चे चोटिल हो गये। झूले में बैठी सूफिया (16) पुत्री वसीम निवासी बसहियापाते, सोहेल अहमद पुत्र अजीज उनके दो बच्चे निवासी तकिया समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

गाड़ी सं. 01109/01110 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

गाड़ी सं. 01109 आगमन	गाड़ी सं. 01109 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01110 आगमन	गाड़ी सं. 01110 प्रस्थान
—	23:50	छत्रपति शिवाजी महाराज ट.	23:15	—
02:35	02:40	लखनऊ	16:50	16:55
08:20	--	गोरखपुर जं.	--	11:20

चलने के दिनः 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से 28.04.2024 (रविवार) एवं 02.05.2024 (गुरूवार) को तथा 01110 गोरखपुर जं. से 30.04.2024 (मंगलवार) एवं 04.05.2024 (शनिवार) को।
स्थानः 3 टियर वाता. इकॉनोमी।
ठहरावः दादर, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

गाड़ी सं. 09557/09558 भावनगर ट.- दिल्ली कैंट - भावनगर ट. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

गाड़ी सं. 09557 आगमन	गाड़ी सं. 09557 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 09558 आगमन	गाड़ी सं. 09558 प्रस्थान
—	15:15	भावनगर ट.	12:25	—
13:10	--	दिल्ली कैंट	--	15:25

चलने के दिनः 09557 भावनगर ट. से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक (शुक्रवार) तथा 09558 दिल्ली कैंट से 04.05.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार)
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः भावनगर पारा, सिहोर जं., धोला जं., बोटाद, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम जं., चांदलोडिया 'बी', मेहसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं. एवं गुड़गाँव स्टेशन।

गाड़ी सं. 09044 बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	गाड़ी सं. 09044 आगमन	गाड़ी सं. 09044 प्रस्थान
बरौनी जं.	—	10:20
बारांबकी	01:33	01:35
बांद्रा टर्मिनस	07:05	--

चलने के दिनः 09044 बरौनी जं. से 29.04.2024 (सोमवार) को।
स्थानः शयनयान।
ठहरावः समस्तीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सायन, सूरत, उधना जं., वलसाड, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

गाड़ी सं. 03423/03424 भागलपुर जं.- हरिद्वार- भागलपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

गाड़ी सं. 03423 आगमन	गाड़ी सं. 03423 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 03424 आगमन	गाड़ी सं. 03424 प्रस्थान
—	13:55	भागलपुर जं.	21:20	—
17:55	--	हरिद्वार	--	19:55

चलने के दिनः 03423 भागलपुर जं. से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक (सोमवार) तथा एवं 03424 हरिद्वार से 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार)।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा जं., बक्सर, प.दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद जं. एवं लक्सर जं. स्टेशन।

गाड़ी सं. 06225/06226 हुब्बल्लि जं.- योग नगरी ऋषिकेश- हुब्बल्लि जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

गाड़ी सं. 06225 आगमन	गाड़ी सं. 06225 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 06226 आगमन	गाड़ी सं. 06226 प्रस्थान
—	21:45	हुब्बल्लि जं.	17:30	—
18:45	--	योग नगरी ऋषिकेश	--	17:55

चलने के दिनः 06225 हुब्बल्लि जं. से 29.04.2024 से 27.05.2024 तक (सोमवार) तथा एवं 06226 योग नगरी ऋषिकेश से 02.05.2024 से 30.05.2024 (गुरूवार)।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहरावः धारवाड़, बेलगवि, घटप्रभा, मिरज जं., सातारा जं., पुणे, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ह. निज़ामुद्दीन, गाज़ियाबाद जं., मेरठ सिटी, खतौली, मुज़फ्फरनगर, देवबन्द, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
1266/2024
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अग्निकांड से बचाव के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

*** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र ने की जनता से अपील**

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

तेजी से बढ़ रहे तापमान व तेज पछुआ हवा के चलने एवं गर्मी में व्यक्तिगत असावधानियों से गांवों/कस्बों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित हो रही हैं, जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति हो रही है।

इससे बचने के लिए अपर जिलाधिकारी ने अग्निकांड से बचाव के दृष्टिगत बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं। दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। खाना बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। हमेशा सूती कपड़े पहनकर ही खाना बनाएं। भोजन बनाने के बाद गैस सिलेन्डर बंद कर दें। माचिस या लाईटर को बच्चों से दूर रखें। जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर न फेंकें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगाएं।

जिला आपदा विशेषज्ञ रवि प्रताप राय ने आग से बचाव के बारे में जागरूकता हेतु बताया कि सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। घरों एवं दुकानों में लगें इन्वर्टर के बैट्री मे पानी कम न होने दे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अपने-अपने खेतों में 10×10 फिट तक सफाई व्यवस्था कर दे, ताकि किसी प्रकार से इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट होने से बिजली के तारों से निकलने वालीं चिंगारी से आपकी खड़ी फसल को कोई नुकसान न हो। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए विद्युत विभाग के जनपद कुशीनगर हेतु हेल्पलाईन न0-7054177824 एवं राज्य टोल फ्रीन0-1912) को दें। आग लगने पर सर्व प्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड न0-101/100 एवं जिला प्रशासन जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कन्ट्रोल रुम टोलफ्री न0-1077, 05564-240590 पर तुरंत सूचित करें।

राकेश को पीटकर उतारा गया मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। लार देवरिया

नगर के मठ वार्ड निवासी राकेश सिंह (33) का शव गजेड़ी मोड़ पर बुधवार की शाम को देशी शराब भट्ठी के समीप मिला था। पिता ने अज्ञात के खिलाफ पीटकर हत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चिकित्सकों के अनुसार पिटाई के दौरान चोट लगने से उसकी मौत हुई है। इस मामले में पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर दोपहर बाद युवक का शव घर पहुंचा तो चीखपुकार मच गई। लार नगर के मठ वार्ड निवासी राकेश सिंह 33 वर्ष पुत्र विनोद सिंह घर पर ही रह कर खेती बाड़ी करते थे। परिजनों के मुताबिक बुधवार को दिन में दस बजे के करीब घर से निकले। शाम तक घर नहीं पहुंचे। इसी बीच पिता बिनोद सिंह किसी काम से लार बाजार जा रहे थे। तभी गजेड़ी मोड़ पर सड़क के किनारे देशी शराब भट्ठी के सामने एक चौकी पर राकेश का शव पड़ा था। उसके बदन पर चोट के निशान थे।

विदेश से आया मजदूर युवक का शव, परिजनो में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के गांव बतरौली बाजार टोला इन्द्रसेनवा निवासी एक युवक विदेश में अपने परिवार की माली स्थिति ठीक करने व रोजी रोटी के लिए कमाने गया था। जहां उसकी मौत हो गई। विदेश से शव जब गांव आया तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। नदी तट उनका अंतिम संस्कार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बतरौली बाजार इंद्रसेनवा निवासी 35 वर्ष मुकेश प्रसाद 18 माह पहले दुबई में निजी कम्पनी में मजदूर के रूप कार्य करने गए थे।कम्पनी व दूतावास द्वारा खबर मिली कि 15 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई है।यह खबर जब घर वालों को मिली तो वह बदहवास हो गए, लेकिन नियति के इस फैसले को कोई टाल नहीं सकता है। घटना की सूचना मिलने के बाद घर वालों ने शव को वतन वापसी कराने के लिए प्रवासी मदद फाउंडेशन आफिस पिपरा मे राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार व उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय व महासचिव विजय मद्धेशिया से मिलकर गुहार लगाया। उक्त संस्था के लोगों की पहल पर मृतक युवक का शव उसके गांव में पहुंचा तो घर वालों का एक बार फिर से हाल बेहाल हो गया।पत्नी मुन्नी शव देख कर बेहोश हो गई।मुकेश के बेटी छोटी (6) वर्ष बेटा (1)वर्ष का भी बुरा हाल था। लोग इन परिवारजनो को ढांढस बंधाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे थे।

गांव के लोगों के सहयोग से शव का नजदीकी नदी तट पर देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया।मासूम बच्चे को मुखग्नि देते देख हर किसी की आंखें नम हो गईं।

श्री पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया

उपनगर के निवासी अशोक बरनवाल सहायक अभियंता के सौजन्य से मालवीया रोड के तरकुल वाली गली में श्री पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा होनी है इसी आयोजन के क्रम में आज नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें की सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु सम्मिलित हुए उपनगर के मालवीया रोड निवासी अशोक बरनवाल जो की सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है जो की मूल रूप से मालवीया रोड भाटपार रानी के निवासी हैं शुरू से ही यह धर्म कर्म के प्रति जागरूक रहे हैं प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व विधि विधान से पूजन कार्य चल रहा है और तत्पश्चात पंचमुखी श्री हनुमान जी की शोभायात्रा नगर वासियों को दर्शन के लिए निकाली गई, इस क्रम में मुन्ना बरनवाल डॉक्टर ईश्वर चंद्र वर्मा राजेश वर्मा दुर्गेश्वरी सोनी अमित वर्मा साहित्य सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ग्राम सभा के विकास कार्य में बाधक बने वन रेंजर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा इटौवा प्रेमगढ़ में ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों की सुविधा हेतु चरबंध पर मिट्टी कराए जाने में वन विभाग द्वारा अवरोध उत्पन्न कर कार्य प्रगति विगत दिनों से बाधित कर दिया गया, जिससे ग्राम सभा कार्य करने वाले जाब कार्ड धारकों पर रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है।

मनरेगा मजदूरों की रोजी रोटी के संकट का कारण बना वन रेंजर

बताते चलें कि ग्राम सभा द्वारा गाटा संख्या 74 के चकबंध का मिट्टी कार्य मनरेगा के तहत कराए जाने के क्रम में गांव के एक व्यक्ति द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी को फोन कर चकबंध कार्य में अवरोध आने के क्रम ताड़ व गुलर के पेड़ काटे जाने की सूचना दी और वन रेंजर ने चकबंध निर्माण कार्य बंद करा दिया, जबकि ताड़ व गुलर के पेड़ काटने की वन विभाग से परमीशन लेने की आवश्यकता नहीं होती है उक्त वृक्ष प्रतिबंधित पेड़ों की श्रेणी में नहीं आते हैं परंतु विभागीय क्षेत्राधिकार के रेंजर द्वारा गांव का विकास कार्य बाधित कर दिया जिससे भारत सरकार जनकल्याणकारी योजना मनरेगा में कार्यरत गरीब मजदूरों के रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

बिना अधिकार वन रेंजर ने विकास कार्य किया बाधित ज्ञातव्य हो कि ग्राम सभा की भूमि पर अवस्थित वृक्षों का सर्वाधिकार ग्राम सभा का होता है यह नहीं ग्राम सभा की किसी भी सार्वजनिक सम्पत्ति पर ग्राम पंचायत का ही अधिकार होता है परंतु वन रेंजर द्वारा एक सप्ताह तक विकास कार्य बाधित करने के पश्चात ग्राम प्रधान पर 20 हजार रूपए का जूर्माना ना जाने किस अधिकार से लगा,जो वन रेंजर के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

जुर्माना राशि का करुंगा अवलोकन - डीएफओ इस संबंध में पूछे जाने पर जिला वन अधिकारी विकास यादव ने बताया कि ग्राम सभा की भूमि पर स्थित होने के कारण जुर्माना लगाया गया है जिसका अपने स्तर से अवलोकन कर जुर्माना राशि का आकलन करुंगा।

कैंपियरगंज में अवैध मिट्टी खनन जोरों पर, जिम्मेदार मौन

*** स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से रात्रि में होता है मिट्टी खनन कार्य**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पर्यावरण व जल संरक्षण हेतु भारत सरकार द्वारा हर साल अरबों रुपए खर्च किए जा रहे ताकि देश में पर्यावरण संरक्षण पर मंडरा रहे खतरे से निबटने में मदद मिले,जिसके अंतर्गत नये वन क्षेत्र विकसित करने से लेकर आमजन को पौधे रोपित करने और जल संरक्षण हेतु जागरूक किया जाता है और इसी क्रम में मिट्टी खनन कार्य रोक लगाया गया है, परंतु राजस्व विभाग के जिम्मेदारों व स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा खनन माफियाओं से साठ-गांठ कर मोटी रकम वसूल कर धड्डले से अवैध रूप मिट्टी खनन कराया जा रहा है। जहां जनता की आंखों में धूल झोंकते हुए दिन की बजाय रात में 9 बजे के पश्चात से 4 बजे भोर तक अवैध मिट्टी खनन का खेल जमकर खेला जाता है, जबकि वन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मिट्टी खनन का परमिट जारी होने पश्चात भी रात में खनन कार्य नहीं कर सकते हैं, परंतु पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से खनन माफियाओं की बल्ले-बल्ले है।

पर्यावरण व जल संरक्षण की उड़ाई जा रही धज्जियां

मामला गोरखपुर जनपद के तहसील क्षेत्र के कैंपियरगंज क्षेत्र के ठाकुर नगर ग्राम सभा लौकीहवा का जहां रात होते ही

शुरू हो जाता हैं अवैध रूप से मिट्टी खनन का खेल जहां खनन माफियाओं का खौफ स्थानीय लोगों में इस कदर व्याप्त है कि अवैध खनन की बात करते ही हाथ जोड़ इसमें नहीं घसिटने की बात करते हैं, राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की टीम ने ग्रामीणों से बातचीत में पाया कि शिकायत करने पर जान माल की धमकी दी जाती है। वहीं आस पास स्थानीय लोगों ने अवैध मिट्टी खनन को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि खनन कार्य लगे ट्रैक्टर ट्राली रोड़ को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर रहे हैं पर प्रशासन पूरी तरह मौन साधे है।

यक्ष प्रश्न- अब सवाल यह उठता है कि माफियाओं को मिट्टी में मिलाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में जब खनन माफियाओं का इस तरह का आतंक है कि ग्रामीण शिकायत तक नहीं दर्ज करा सकते है, और खनन माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को फर्जी केस में फंसाकर कर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही हैं।

बख्शे नहीं जाएंगे अवैध खनन कराने वाले: एसडीएम

इस संबंध में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी कैंपियरगंज राहुल मौर्या ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन का मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कर संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के विपरित कार्य करने वाले चाहे खनन माफिया हो या संलिप्त कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे।

विक्षिप्त महिला भेजी गईं वन स्टॉप सेंटर

जन एक्सप्रेस/बरहज। बरहज में एक विक्षिप्त महिला के इधर उधर भटकने की सूचना 23 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग को मिली। इसे तुरंत चाइल्ड लाइन की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज में भर्ती कराया। वहां से 24 अप्रैल को लाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। इसके बाद चिकित्सकों की टीम ने इलाज शुरू कर दिया। महिला अभी स्वास्थ्य लाभ कर रही है। इसकी देखरेख के लिए वन स्टॉप सेंटर की टीम लगाई गई है। सीएमएस डॉ. एचके मिश्र ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो पाई है। चिकित्सक नियमित रूप से महिला की जांच कर इलाज कर रहे हैं।

बुजुर्ग महिला के गायब होने की दी तहरीर

जन एक्सप्रेस/बरियारपुर,देवरिया। थाना क्षेत्र के धनौती कला टोला सिंहपुर की रहने वाली विश्रामी देवी (64) पत्नी स्व. रामजी उपाध्याय 12 दिनों से गायब है। नहीं मिलने पर उनके पुत्र नित्यानंद उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को बरियारपुर थाने पर तहरीर दी और मां को ढूंढने की गुहार लगाई है। विश्रामी देवी 14 अप्रैल को घर से कहीं चली गई और शाम तक घर नहीं पहुंचीं, जिससे परिवार के लोग चिंतित हो गए और चारों तरफ तलाश की, लेकिन वह घर नहीं पहुंचीं।

डेढ़ किलो सोना और डेढ़ करोड़ रुपये के साथ तीन भारतीय सहित सात गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

आरोपियों के पास से 1768.25 ग्राम सोना और एक करोड़ 43 लाख 60 हजार रुपये बरामद हुए। केस दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। नेपाल काठमांडों पुलिस ने नकदी और सोने के साथ तीन भारतीय नागरिक सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार किए गए सात लोगों में चार नेपाली और तीन भारतीय नागरिक हैं, जो महाराष्ट्र के निवासी बताए गए है। डेढ़ किलो से अधिक सोना और करीब डेढ़ करोड़ रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस डीएसपी राजन श्रेष्ठ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध सोने का कारोबार कर रहे हैं। पुलिस टीम तलाशी के लिए गई और मौके से गणेश दत्त बड्डू निवासी महाकाली नंबर पालिका को गिरफ्तार किया। इसी के साथ अन्य छह लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से 1768.25 ग्राम सोना और एक करोड़ 43 लाख 60 हजार रुपये बरामद हुए। केस दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

नेपाल में लगी आग, भारतीय क्षेत्र में दहशत

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। पड़ोसी देश नेपाल के रुपनदेही जिले के कोटहीमाई गांऊ पालिका वार्ड नंबर तीन के त्रिलोकपुर सीवान में बृहस्पतिवार को गेहूं के डंठल में आग लगने से करीब 50 एकड़ गेहूं का डंठल जल गया। भैरहवा से पहुंची अग्नि शमन विभाग की टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। वहीं भारतीय सीमा से सटा होने के कारण कैथवलिया उर्फ बरगदही के यादव टोला के लोग दहशत में रहे। कोटहीमाई गांऊ पालिका वार्ड नंबर तीन के त्रिलोकपुर गांव निवासी दयाशंकर चौधरी, कमलेश सहानी ने बताया कि गेहूं के डंठल में अचानक आग लग गई तेज हवा की वजह से आग पर काबू पाने में दिक्कत हो रही है। अग्निशमन विभाग की टीम और आसपास गांव व हरदीडाली, कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के ग्रामीणों ने भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। भारतीय सीमा से गांव कैथवलिया उर्फ बरगदही के यादव टोला निवासी अनिल गौतम, विनोद यादव ने बताया कि गनीमत रही की आग भारतीय क्षेत्र में नहीं बढ़ी।

तैयारियां पूरी, पांच को होगा सेमीफाइनल

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। वॉलीवुड फैशन शो महराजगंज का सेमीफाइनल पांच मई को एक निजी होटल में आयोजित होगा। शहर में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। फाइनल का डेट अभी नहीं तय है, लेकिन फाइनल जीतने वाले को पांच लाख रुपये दिया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक उन्हें एक साल तक विभिन्न स्थानों पर अवसर दिलाते रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक सर्वेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन में गॉट टैलेंट के मैनेजर दीपू चौधरी ने विशेष योगदान दिया है। 24 स्कूलों में आडिशन लेकर पहले एक हजार बच्चों को चयन हो चुका है। इसमें से 260 बच्चे सेमीफाइनल के दिन पांच मई को डांस, माडलिंग, फैशन शो में प्रतिभाग करेंगे। बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सात्विक राय, सादिक अली, श्यामकरण व दिलीप अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

थर्ड जेंडर को मतदान की प्रक्रिया में शामिल करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने किया संवाद

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज विकास भवन के गाँधी सभागार में किन्नर समुदाय के लोगों से संवाद किया। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान शपथ दिलाई एवं जिलाधिकारी द्वारा मतदान करने के लिए भेजी गई पत्र को थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सहभागिता किन्नर समुदाय को मुख्य धारा में जुड़ने हेतु एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक स्वीप नोडल शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए अंतिम व्यक्ति तक की भागीदारी आवश्यक है। थर्ड जेंडर समुदाय के जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके लिए एक विशेष दिन अभियान चलाकर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा और उन सभी को एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने कहा कि सरकार द्वारा थर्ड जेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। मतदान प्रक्रिया में भागीदारी इसे और सशक्त बनायेगी। इस दौरान थर्ड जेंडर को समाज की मुख्य धारा में लाने एवं उनकी बेहतरीन के लिए कार्य कर रही संस्था एकता सेवा संस्थान की अध्यक्ष एकता माहेश्वरी के नेतृत्व में थर्ड जेंडर के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीडीओ को अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता डॉ आलोक पांडेय, जनपद स्वीप कोऑर्डिनेटर आशुतोष नाथ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

शिव की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ विधि-विधान से भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी देवरिया

उपनगर के रानी पोखरा पर आज आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी की नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता द्वारा भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना के लिए विधि विधान सेआज भूमि पूजन किया गया, भूमि पूजन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता ने बताया कि और रानी पोखर का प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व है इसी को ध्यान में रखते हुए इसके सुंदरीकरण के लिए रानी पोखर के बीचों बीच स्थित कुआं तक ब्रिज का निर्माण व वहां पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कराई जानी है, इसी क्रम में आज भूमि पूजन किया गया इस दौरान मुख्य रूप से अनिल मद्धेशिया गुलाब मदेशिया हृदयनंद मद्धेशिया अनिल मद्धेशिया गुड्डु अजीत रौनियार मनोज रौनियार आलोक वर्मा जयप्रकाश बरनवाल अनिल वर्मा गोल्डी वर्मा सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हीट वेव की एडवाइजरी का उड़ाया जा रहा है माखौल

जन एक्सप्रेस/देवरिया। पिछले कुछ दिनों से जिले में हीट वेव को देखते हुए डीएम अखंड प्रताप सिंह ने एडवाइजरी जारी किया है। जिसमें रोडवेज के एआरएम को पर्याप्त इंतज़ाम करने का निर्देश दिया है। इसके बाद भी रोडवेज में हीट वेव से बचने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। डीएम ने रोडवेज परिसर में सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीम की तैनाती और यात्रियों को लू से बचाने के लिए उचित व्यवस्था करना है। लेकिन रोडवेज में यात्रियों के लिए पर्याप्त में छाया एवं पेय जल की व्यवस्था नहीं है। वहीं लू से बचने के लिए रोडवेज में कोई भी प्राथमिक उपचार की व्यवस्था नहीं है।

वोटरों में दिख रहा भारी उत्साह, लगी लंबी-लंबी लाइनें

नोएडा। ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के तहत आज यानी शुक्रवार को सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर कहीं लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है तो कहीं लोग चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित शहीद भगत सिंह के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा। पोलिंग बूथ के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने परिवार के साथ सेक्टर 14 ए स्थित सामुदायिक केंद्र में बने मतदान केंद्र पर मतदान कर दिया है। दरअसल, गौतम बुद्ध नगर सीट से बीजेपी ने लगातार दो बार सांसद रहे डॉ महेश शर्मा को फिर से टिकट दिया है। बसपा की ओर से राजेंद्र सोलंकी मैदान में हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने इस सीट से महेंद्र नागर को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं, ऐसे में इस सीट पर लड़ाई दिलचस्प है। गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र में सुबह 9.00 बजे तक कुल 10.15 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

पूर्व मंत्री के नाती को नहीं मिली अग्रिम जमानत...गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश, अब कुर्की की तैयारी

जन एक्सप्रेस। आगरा

घर के बाहर युवती और उसके पिता को कार से कुचलने की कोशिश करने वाला पूर्व मंत्री का नाती पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है। वहीं आरोपी द्वारा कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए दिया गया प्रार्थना पत्र भी खारिज हो गया है। आगरा में युवती और उसके पिता को कार से कुचलने की कोशिश के आरोपी दिव्यांश चौधरी को कोर्ट से राहत नहीं मिली। यह पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह का पौत्र है। आरोपी के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया, जिसे एसीजेएम तृतीय दस्यु प्रभावी क्षेत्र रविकांत ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। अब पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश पर दबिश दे रही है। ऋषि मार्ग पर 15 अप्रैल को वारदात हुई थी। दिव्यांश पर युवती को कार से कुचलने की कोशिश का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया है। घटना के बाद पुलिस की लापरवाही पर पंजाबी समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। तीन दिन पहले आरोपी की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। शुक्रवार को सुनवाई हुई।अधिवक्ता ने तर्क दिया कि आरोपी को झूठा फंसाया गया है। उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है। वादी की ओर से मौजूद अभियोजन और अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। तर्क दिया कि वादी और उनकी बेटी को आरोपी ने कार से टक्कर मारने की कोशिश कर जान से मारने का प्रयास किया है। तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पहले दिन से ही पुलिस सुस्त है। इनाम घोषित होने में भी 10 दिन से ज्यादा लग गए। अब जब इनाम हो गया है तो भी आरोपी गिरफ्त से दूर है। पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह ने भी पीड़ित परिवार पर आरोप लगाए थे। इसके विरोध में पंजाबी समाज ने आक्रोश जताया। तीन दिन में गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। दो दिन बीत चुके हैं। शनिवार तक गिरफ्तारी न होने पर पंजाबी समाज रणनीति बनाएगा। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पश्चिमपुरी और जयपुर हाउस में शुक्रवार को दबिश दीं। आरोपी हाथ नहीं लगा। इस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी के घर की कुर्की की कार्यवाही के लिए भी अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया है। धारा 82 का नोटिस चस्पा करने के बाद कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए तेजी से प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ने भले ही हत्या की कोशिश के आरोपी दिव्यांश चौधरी पर इनाम घोषित कर दिया है। मगर, उसकी गिरफ्तारी में नाकाम है। बड़ा सवाल है कि थाना पुलिस से लेकर एसओजी तक फेल है। पूर्व में भी कई चर्चित मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी हो चुकी है, जिससे आरोपियों को लाभ मिला था। गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार सवाल उठा रहा है।

फास्ट फॉरवर्ड

धोखे से वाहन बेचने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ तीन गिरफ्तार

जनएक्सप्रेस/सुलतानपुर। गोसाईगंज पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधड़ी कर वाहन बेचने वाले गिरोह के तीन आरोपितों को ट्रैक्टर-ट्राली के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों ट्रैक्टर-ट्राली को बेचने के फिराक में थे। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उनको जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पठानीपुर निवासी शादाब ने 18 अप्रैल को अपना ट्रैक्टर चालक सोनावा बहरिया कोइरीपुर निवासी रमेश को उघड़पुर से गेहूं की फसल लाने के लिए दिया था। रास्ते में स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाने के बाद रमेश ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया था। काफी तलाश के बाद जब उसका पता नहीं लगा तो वाहन स्वामी ने गोसाईगंज थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में गोसाईगंज पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि गुड्डू पुत्र हीरालाल निवासी कजियापुर थाना शिवगढ़, रमेश पुत्र छेदू निवासी बहरिया थाना चांदा, दयाशंकर भारती पुत्र होरीलाल निवासी पूरे कच्छवा थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी ढकवा कोईरीपुर मार्ग पर अंडरपास के पास ट्रैक्टर-ट्राली के साथ मौजूद है। उपनिरीक्षक फहीमुद्दीन खान ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपितों को वाहन समेत गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया आरोपितों का धोखाधड़ी कर वाहन बेचने का पेशा है। वह ट्रैक्टर ट्राली को बेचने के फिराक में थे। आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उनको जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

कुएं में मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

जनएक्सप्रेस/सुलतानपुर। शुक्रवार की दोपहर थाना क्षेत्र कूरेभार के गजऊराय पुरवा में गांव के बाहर कुएं में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शिवम शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा (25) का शव शुक्रवार को गांव के बाहर कुएं में मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चले तीन साल पहले मृतक का एक्सीडेंट हो गया था, जिससे वह काफी दिन तक कोमा में रहा। जब वह कोमा से बाहर आया तब से उसका दिमाग कम काम करने लगा और वह मंद बुद्धि की तरह हो गया। मृतक गुरुवार की शाम से ही घर से लापता हो गया था और उसका शव शुक्रवार की दोपहर गांव के ही कुएं में मिला, जब कि, उसका चप्पल कुएं के बाहर पड़ा मिला।

दो पक्षों में चटकी लाठियां, शादी समारोह का विवाद रंजिश में बदला

जनएक्सप्रेस/सुलतानपुर। गांव के युवकों का शादी समारोह में शामिल होने पर आपसी रंजिश को लेकर दोनों पक्षो में जमकर लाठिया चटकी। पूरा मामला स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर गांव का है। जहां पर 24 अप्रैल को शिवपुर गांव में एक लोगो के घर शादी समारोह था। जिसमे गांव के ही करुणापति क्षमापति व रमापति व राकेश जो गांव के ही थे जो बारात में शामिल होने आयी महिलाओं के ऊपर टार्च मार रहे थे जिन्हें रोका गया तो उन लोगों द्वारा भद्दी भद्दी गालियां देकर मारा पीटा गया व जान से मारने की धमकी दी गयी। वहीं दूसरी तरफ से रमापति उपाध्याय निवासी ग्राम शिवपुर ने चांदा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका भाई क्षमापति उपाध्याय गांव के ही एक शादी में शामिल होने गया था। जहां पर पंकज झा व कुलदीप झा व कुछ अन्य साथियों के साथ उसको मारा पीटा गया था जिसकी सुचना थाने को दी थी। उसी रंजिश को लेकर दूसरे दिन रात को शिवम झा मनीष झा कुलदीप झा पंकज झा गौरव झा संदीप झा एक राय होकर लाठी डंडे लेकर आये जिनके द्वारा रमापति उपाध्याय को जमकर मारा पीटा गया व दहशत फैलाने को लेकर अवैध तमंचे से फायर भी किया गया। उपरोक्त दोनों मामले में चांदा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। विवाद के बाद अब भी दोनों पक्षो की तरफ से तनाव पूर्ण स्थिति है। थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि दो पक्षो में आपसी रंजिश को लेकर मार पीट हुआ था। दोनों पक्षो की तहरीर पर दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है।

पत्नी से बात ही तो की थी, पति ने पड़ोसी को सिर्फ इसलिए मार डाला, पुलिस जांच में खुला कत्ल का राज

- गांव के ही रहने वाले पड़ोसी की महज इसलिए हत्या कर दी गई, क्योंकि उसने आरोपी की पत्नी से बात की थी।

जन एक्सप्रेस। आगरा

गांव के ही रहने वाले पड़ोसी की महज इसलिए हत्या कर दी गई, क्योंकि उसने आरोपी की पत्नी से बात की थी। इस बात को लेकर पहले दोनों में विवाद हुआ। उसके बाद आरोपी ने हत्या की साजिश रची। आगरा के बाह क्षेत्र के भाऊपुरा गांव में 19 अप्रैल को हुई सुनील कुमार (28) की हत्या का खुलासा बाह पुलिस ने कर दिया। गांव के ही सत्यभान को इस आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सब्बल भी बरामद किया। पत्नी से बातचीत करने से रोकने पर सत्यभान ने सुनील की हत्या की थी। वारदात को हादसा दर्शाने के लिए उसने शव को सड़क किनारे खंदक में फेंक दिया था। भाऊपुरा में सड़क किनारे खंदक में सुनील कुमार का शव पड़ा मिला था। सिर और बाजू पर चोट के निशान थे। पिता रामप्रकाश ने गांव के ही सत्यभान, आकाश, शैलेंद्र, सत्यपाल, महेंद्र सिंह को नामजद किया था। कहा था कि बटाई पर लिए खेत में गेंहू की फसल काटकर घर लौटते समय हत्या कर सड़क किनारे खंदक में शव फेंक दिया गया है। एसीपी गौरव सिंह ने बताया कि बाह पुलिस, सर्विलांस सेल, एसओजी की टीम ने शुक्रवार को फरैरा तिराहे से सत्यभान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सत्यभान ने सुनील की हत्या कबूल की। बताया कि सुनील कुमार के घर उसका आना-जाना था। सुनील की पत्नी राखी के साथ बातचीत होती थी। सुनील इसका विरोध करता था। 18 अप्रैल की रात इसी बात पर विवाद हुआ तो उसने सुनील की हत्या कर शव खंदक में फेंक दिया। पुलिस को उसने बताया कि 18 अप्रैल की रात गांव के विमल के भट्ठे के पीछे माता प्रसाद के खेत की मेड़ पर उसने सुनील को मार डाला। शव को सड़क पर फेंककर हादसे का रूप देना चाहता था। कुछ लोग आते दिखे तो राजकीय नलकूप के सामने खंदक में शव को फेंक कर भाग गया था। पुलिस ने सत्यभान के पास से फोन, फटा हुआ आधार कार्ड, 70 रुपये बरामद किए। निशानदेही पर सब्बल भी बरामद हुआ।

अलीगढ़ में 5 बजे तक 54.34 : वोटिंग

अलीगढ़। अलीगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। दोपहर 5 बजे तक 54.34: वोटिंग हुई। यहां रहने वाले 19.90 लाख मतदाता वोट डालेंगे। अलीगढ़ लोकसभा के 1049 मतदान केंद्र के 2121 पोलिंग बूथों पर वोटिंग जारी है। अलीगढ़ शहर के काजीपाड़ा में फर्जी वोटिंग के आरोप में जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाजपा के मुस्लिम समर्थक ने फर्जी वोटिंग की शिकायत की है। सुनवाई न होने पर भाजपाइयों ने हंगामा किया। अलीगढ़ में 7 विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 27,76,674 मतदाता हैं। इसमें 5 विधानसभा क्षेत्र अलीगढ़ लोकसभा में शामिल हैं। जबकि दो विधानसभा हाथरस में शामिल हैं। अलीगढ़ लोकसभा में शामिल शहर, कोल, अतरौली, बरौली और खैर में कुल 19,90,529 मतदाता हैं। अलीगढ़ की 5 विधानसभाओं में आज मतदान है। अलीगढ़ लोकसभा के 1049 मतदान केंद्र हैं।

भाजपा प्रत्याशी पर पूर्व सांसद ने लगाए गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ में भाजपा के प्रत्याशी व दो बार के सांसद सतीश गौतम पर मतदान से ठीक पहले गंभीर आरोप लगे हैं। सपा के गठबंधन प्रत्याशी व पूर्व सांसद चौ. बिजेंद्र सिंह ने उनके ऊपर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही उनकी शिकायत जिला निर्वाचन आयोग को की है। सपा प्रत्याशी का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम वोटरों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने प्रचार के लिए जो सामग्री छपवाई है, उसमें उनका दुष्प्रचार कर रहे हैं। वह उनका गलत चुनाव चिन्ह दर्शा रहे हैं। देर शाम उन्होंने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और यह जानकारी दी। सपा प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने बताया, वह गठबंधन के प्रत्याशी हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी ने उन्हें टिकट दिया है और उनका चुनाव चिन्ह 'साइकिल' है। यह चुनाव चिन्ह उन्हें चुनाव कार्यालय की ओर से एलॉट हो चुका है और चुनाव कार्यालय की ओर से उन्हें बैलेट पेपर में पहले स्थान पर रखा गया है। वह 'साइकिल' चुनाव चिन्ह के साथ चुनावी मैदान में हैं। भाजपा का क्रमांक दूसरा है। भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान सांसद सतीश गौतम ने अपने प्रचार के लिए बैलेट का जो नमूना छपवाया है, उसमें जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझ कर गलती छपवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद प्रत्याशी ने उनका चुनाव चिन्ह 'साइकिल' की जगह 'हाथ का पंजा छपवा' दिया है। जिससे जनता गुमराह हो रही है। पूर्व सांसद व सपा के गठबंधन प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने दावा किया कि वह यह चुनाव जीत रहे हैं। इसी बात से भाजपा प्रत्याशी बौखलाए हुए हैं और जानबूझ कर ऐसी हरकत कर रहे हैं।

जिससे जनता को गुमराह किया जा सके और उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल की शाम को उन्हें इस बात की जानकारी हुई है। जिसके बाद उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. से बात करके उन्हें सारी बात बताई है।

पुलिस और मतदाता के बीच हुई झड़प, पुलिस ने कहा-वोट डालना है तो मोबाइल जमा करो...

जन एक्सप्रेस। नोएडा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर आज सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। भारी संख्या में मतदाता पोलिंग बूथों पर पहुंचकर अपना मतदान कर रहे है। इसी बीच नोएडा के सेक्टर 75 स्थित गोल्फ एवेन्यू में मतदान केंद्र पर फोन ले जाने को लेकर पुलिस और मतदाता के बीच झड़प हो गई। पुलिस के कहने पर भी मतदाता अपना फोन जमा नहीं करा रहे थे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के लिए चल रहे मतदान को लेकर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस मतदान केंद्र पर फोन लेकर जाने पर पाबंदी लगाई है। पुलिस ने मतदाता से कहा कि वोट डालना तो मोबाइल फोन जमा करो। इस दौरान पुलिस और मतदाता के बीच झड़प हो गई। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर आज सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। इस चरण में पश्चिमी यूपी के अमरोहा, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा लोकसभा सीट पर वोटिंग किया जा रहा है। वहीं, गौतमबुद्धनगर के दनकौर में एक मतदान केंद्र पर दौरा पड़ने से वोट डालने आया युवक बेहोश होकर गिर गया। मेहंदीपुर गांव में मतदान के लिए मतदाताओं की लंबी कतार लगी है। व्हीलचेयर पर वोट डालने आए व्यक्ति नानक ने बताया कि वोट डलवाने के लिए घर पर कोई नहीं आया। वहीं, पोलिंग बूथ पर पहली बार एनसीसी के छात्र ड्यूटी दे रहे हैं।

4 शराब तस्कर गिरफ्तार, 1 लाख की अवैध शराब जब्त

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

लोकसभा चुनाव के चलते अलीगढ़ में लगातार पुलिस सख्ती बरत रही है और हर आने जाने वाले वाहनों की तलाश की जा रही है। चेकिंग के दौरान गुरुवार शाम को अलीगढ़ में अतरौली और टप्पल क्षेत्र में 4 शराब तस्कर पकड़े गए और उनके पास से अवैध शराब बरामद हुई है। लोकसभा चुनावों के मतदान के चलते अलीगढ़ में तीन दिन तक शराब के ठेके बंद चल रहे हैं। ऐसे में आरोपी हरियाणा और अन्य प्रदेश से शराब लेकर अलीगढ़ आए थे और इसे ऊंचे दामों पर बेंचने वाले थे। इससे पहले ही पुलिस ने छापेमारी करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया। इसके पास से लगभग 1 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। अलीगढ़ की अतरौली पुलिस ने गुरुवार शाम को शिवानी ढाबा के पीछे गांव चाऊपुर होज के पास से योगेन्द्र पुत्र चुन्नी लाल निवासी ग्राम चाऊपुरहोज और यतेन्द्र कुमार पुत्र योगेन्द्र निवासी ग्राम चाऊपुरहोज को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 19 पेटी शराब (कुल 855 ट्रैटा पैक) बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से कई मामलों में नामजद मुकदमें दर्ज हैं। इनके पास से बरामद शराब लगभग 60 हजार रुपए कीमत की बताई जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में एसआई सुभाष मलिक, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, ज्ञानवीर सिंह शामिल रहे। हरियाणा बॉर्डर से सटे टप्पल क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को हरियाणा मार्का की शराब बरामद की। आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए संजय कुमार पुत्र स्व. भगवान सिंह निवासी ग्राम कृपालपुर और मोतीलाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बृजानगला थाना टप्पल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस को हरियाणा मार्का की अंग्रेजी और देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस को यूपी की 71 पव्वा देशी शराब और हरियाणा मार्का की 42 पव्वा विदेशी शराब बरामद हुई है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
Auction Catalogue No.	03-CATERING-24
Description of Work	Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years
Catalogue Published on	25.04.2024
Auction Start (All Lots)	13.05.2024 at 12:00 hrs.
Auction close Date/Time	13.05.2024 at 15:20 hrs.
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

नीलामी सूची संख्या - 03-CATERING-24 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित केटरिंग स्टाल का विवरणः-

Sn	Station	Lot No	Stall ID No.	Close Date/ Time	Quota	Sub Quota
1	PARSIPUR	Catg-LKO-PRF-GMU-38-24-1	PRF/PF-1/95/ ADDL/	13.05.2024 12:30	GMU	Nil
2	NIGOHAN	Catg-LKO-NHN-GMU-35-24-1	NHN/PF-1/92/ West End of PF	13.05.2024 12:40	GMU	WOMEN
3	UGRASENPUR	Catg-LKO-URPR-GMU-47-24-1	URPR/PF-1/ 100/ADDL/	13.05.2024 12:50	GMU	WOMEN
4	KHAJURHAT	Catg-LKO-KJA-GMU-31-24-1	KJA/PF-1/86/ ADDL/	13.05.2024 13:00	GMU	Nil
5	NIGOHAN	Catg-LKO-NHN-GMU-34-24-1	NHN/PF-1/91// East End of PF	13.05.2024 13:10	GMU	FF/WW/ WRE
6	RAM CHAURA ROAD	Catg-LKO-RMC-GMU-39-24-1	RMC/PF-1/96/ ADDL/	13.05.2024 13:20	GMU	Nil
7	HARCHANDPUR	Catg-LKO-HCP-SMU-27-24-1	HCP/PF-1/80/ ADDL/	13.05.2024 13:30	SMU	MINORITY
8	KAPSETHI	Catg-LKO-KEH-SMU-29-24-1	KEH/PF-1/85/ ADDL/	13.05.2024 13:40	SMU	SC WOMEN
9	SAFDARGANJ	Catg-LKO-SGJ-SMU-3-24-2	SGJ/PF-1/98/East End of PF No. 1	13.05.2024 13:50	SMU	SC
10	PRAYAGRAJ SANGAM	Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1	PYGS/PF-4-5/ 109/New	13.05.2024 14:00	SMU	OBC
11	PARIAWAN KALAKANKAR ROAD	Catg-LKO-PQN-SMU-37-24-1	PQN/PF-1/94// West End of PF	13.05.2024 14:10	SMU	MINORITY
12	KURBHAR	Catg-LKO-KBE-SMU-28-24-1	KBE/PF-1/84/ ADDL/	13.05.2024 14:20	SMU	OBC-FF/WW/ WRE
13	PRAYAGRAJ SANGAM	Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1	PYGS/PF-01/104/ New	13.05.2024 14:30	SMU	SC
14	KHALISPUR	Catg-LKO-KSF-SMU-32-24-1	KSF/PF-1/87/ ADDL/	13.05.2024 14:40	SMU	MINORITY-WOMEN
15	PARIAWAN KALAKANKAR ROAD	Catg-LKO-PQN-SMU-36-24-1	PQN/PF-1/93// East End of P	13.05.2024 14:50	SMU	MINORITIES-FF/WW/ WRE
16	PRAYAGRAJ SANGAM	Catg-LKO-PYGS-SMU-43-24-1	PYGS/PF-2-3/ 106/New	13.05.2024 15:10	SMU	MINORITY
17	PRAG RAJ SANGAM	Catg-LKO-PYGS-SMU-45-24-1	PYGS/PF-4-5/ 110/New	13.05.2024 15:20	SMU	ST

No. C/285-E-Auction/SMU/D, E&F/2022/AJ Date:- 26.04.2024 1257/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

लोकसभा चुनाव 2024 : मथुरा में शाम छह बजे तक 49.49 फीसदी मतदान, हेमा सहित 15 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 49.49 फीसदी मतदान हुआ। जिसमें 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिलाओं ने वोट डाला। अब परिणाम चार जून को आएगा।

जन एक्सप्रेस। आगरा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 15 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। शाम छह बजे तक 49.49 फीसदी मतदान हुआ, जो कि 2019 के मुकाबले 11.51 फीसदी कम है। मतदान कम होने के पीछे गर्मी और कई गांवों में मतदान बहिष्कार या देरी से शुरू होने की वजह बताई जा रही है। प्रशासन ने मतदान के लिए जनपद भर में 2128 बूथ बनाए थे। 1929549 मतदाताओं में से 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि मथुरा से 18वां सांसद कौन होगा। सुबह साढ़े पांच बजे निर्वाचन कार्यालय की ओर से बूथों पर प्रत्याशियों व उनके एजेंट्स के सामने ईवीएम की मॉक पोल कराई। इस दौरान 40-40 वोट डाले गए। सब कुछ सही पाए जाने पर 7 बजे से मतदान शुरू कराया गया। हालांकि कुछेक बूथों पर ईवीएम में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। इससे मतदान कुछ समय प्रभावित हुआ। इधर, मतदाता पर्चियां न मिलने के कारण हजारों लोग वोट डालने से वंचित रह गए। सुबह 9 बजे 11.83 फीसदी वोट पड़ने का आंकड़ा सामने आया। इसके बाद जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ी मतदाताओं के कदम भी रुक गए। लोग शाम को मौसम का रुख नरम होने का इंतजार कर रहे थे। मगर, चार बजे बाद छाए बादलों ने फिर से कदम रोक दिए। शाम छह बजे तक सिर्फ 49.49 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के दौरान जिलेभर के मतदाताओं के मन में स्थानीय मुद्दे हावी रहे। मांट विधानसभा क्षेत्र के नंद नगरिया, इरौली जुन्नारदार, बसाऊ, पीरी, नंद नगरिया, सैदगढ़ी, बलदेव विधानसभा क्षेत्र के नगला चिकन, भरऊअर, खप्परपुर, नगला अकोस, गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में मुखराई, कोन्हई, बंडपुरा, छाता के देवपुरा आदि इलाकों में लोगों ने विकास कार्य न होने की नाराजगी के चलते मतदान का बहिष्कार कर दिया। हालांकि समझाने के बाद कुछ जगह दोपहर तक मतदान शुरू हो पाया। ईवीएम में गड़बड़ी के चलते मथुरा के ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज के एक बूथ पर मतदान सुबह 20 मिनट की देरी से शुरू हो सका। फरह के प्रेमदास सुखदास इंटर कॉलेज में एक बूथ पर ईवीएम की गड़बड़ी के चलते मतदान प्रभावित हुआ। छाता के प्राइमरी पाठशाला राकोली में एक बूथ पर ईवीएम में गड़बड़ी की वजह से मतदान देरी से शुरू हो सका। मतदान के दौरान 50 फीसदी मतदान केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी की गई। दूसरी ओर, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ संपन्न

*** जनपद पीलीभीत की उल्लेखनीय उपलब्धियां: लक्ष्मीकांत शर्मा**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज ग्लोबल साइंस क्लब के तत्वाधान में बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में, ऑनलाइन मोड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधी जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जे एम बी इंस्टीट्यूट की बुशरा कुरैशी व निखिल श्रीवास्तव ने उल्लेखनीय प्रस्तुति दी राज्य समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि बौद्धिक संपदा मानव बुद्धि की किसी भी मूल रचना जैसे कलात्मक, साहित्यिक, तकनीकी या वैज्ञानिक रचना से संबंधित हैं। बौद्धिक संपदा अधिकार एक निश्चित अवधि के लिए अपने आविष्कार या रचना की रक्षा के लिए आविष्कारक या निर्माता को दिए गए कानूनी अधिकारों को संदर्भित करता है। डॉ.भरत कंचन ने बताया कि 2024 बौद्धिक संपदा अधिकार की थीम है बौद्धिक संपदा और सतत विकास लक्ष्यः रचनात्मक और नवाचार के साथ हमारे सामान्य भविष्य का निर्माण। पेटेंट ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन, इंटीग्रेटेड सर्किट, भौगोलिक संकेत, न्यू प्लांट वैरायटी बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रमुख प्रकार हैं। अपने बौद्धिक संपदा के उपयोग का नियंत्रण कर और उसका उपयोग करके भौतिक संपदा अर्जित कर सकते हैं। डॉ.कंचन ने जानकारी दी कि यह पीलीभीत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है की पीलीभीत के होनहार बेटे अंकित सक्सेना ने अपनी मां मीरा सक्सेना की प्रेरणा से उनके साथ संयुक्त रूप से अपने आविष्कार ए सिस्टम फॉर कलेक्टिंग ऑयल स्पिल्स ऑन द सरफेस ऑफ़ वाटर बॉडीज के लिए 24 अप्रैल 2024 को पेटेंट प्राप्त किया।

पीलीभीत के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। अंकित सक्सेना पीलीभीत के निवासी हैं तथा उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 9,10, 11,12 सैंट अलोयसियस स्कूल से हुई हैं। अपने बिट्स पिलानी हैदराबाद केंपस से, थर्मल इंजीनियरिंग में परास्नातक उपाधि प्राप्त की वर्तमान में आप लोग शॉप इंडिया लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। आप आवास विकास कॉलोनी के निवासी हैं।अपने आविष्कार के बारे में बताते हुए कहते हैं कि यह कोई भी नुकसानदायक रसायन नहीं छोड़ता है क्योंकि आविष्कार के निर्माण में किसी भी रसायन का प्रयोग नहीं होता हैं। एकत्रित तेल को सुगमता से टैंकर में स्थानांतरित किया जा सकता हैं। इस तेल का पुनरुपयोग किया जा सकता हैं। यह युक्ति तेल की बहुत पतली शतक को भी पृथक कर सकती है जो प्रचलित युक्त जैसे आयल स्क्रमर से नहीं हो सकती। यह निम्न और मध्यम श्यानता वाले तेल से भी तेल पृथक कर सकती है।

पेटेंट विषय पीलीभीत क्षेत्र में प्रचलित नहीं है। अंकित सक्सेना और मीरा सक्सेना की यह उपलब्धि के पीलीभीत तथा आसपास के लोगों को बौद्धिक संपदा अधिकार की ओर प्रेरित करेगी।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक्सप्रेस ट्रेन चलाएं जाने की मांग

*** पीलीभीत से लखनऊ का दिल्ली नियमित रेल सेवा प्रारंभ करने हेतु रेल प्रबंधक को लिखा पत्र**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उप्र के जिलाध्यक्ष एम ए जिलानी सहित प्रमुख पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर रेल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक को एक पत्र भेजकर पीलीभीत से लखनऊ व पीलीभीत से दिल्ली नियमित रेल सेवा प्रारंभ करने व उसका समय इस तरह रखने की मांग की के सुबह को व्यापारी अपने व्यापार के सिलसिले में लखनऊ ,दिल्ली जा सके और रात को वापस अपने घर आ सके इसके लिए बरेली से चलने वाली इंटर सिटी ट्रेन को अगर सुबह जल्दी टनकपुर से चला दिया जाए तो पूर्णागिरी दर्शन के लिए आने वालों टूरिस्ट के साथ साथ पीलीभीत के व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा इसके साथ-साथ मीटर गेज के दौरान चलने वाली नैनीताल एक्सप्रेस, मरूधर एक्सप्रेस, रूहेलखंड एक्सप्रेस को भी चलाये जाने की मांग की है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष एम ए जीलानी, संरक्षक प्रकाशवीर, जिला चैयरमेन अनिल महेंद्रू, महामंत्री पंकज अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष संजय पांडेय ने संयुक्त हस्ताक्षरों से मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव को भेजे पत्र में कहा है कि पीलीभीत से लखनऊ को बडी रेल लाइन से जोड दिया गया है। इस मार्ग पर तीन लंबी दूरी की विशेष रेल गाडियों का भी संचालन आरंभ कर दिया है। यह सभी साप्ताहिक रेल गाडियां है। यह रेलमार्ग राजधानी लखनऊ से सीधा जोडता है।

पत्र में कहा गया है कि रेलवे ने जो प्रयास किये है, उसका उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वागत करता है, लेकिन इन प्रयासों की सार्थकता तभी है, जब इस रेल मार्ग पर नियमित रुप से रेल परिवहन आरंभ किया जाए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक से मांग की है, पीलीभीत से लखनऊ के नियमित रेल गाडियों का संचालन आरंभ किये जाने के साथ-साथ मीटर गेज के दौरान चलने वाली लंबी दूरी की रेलगाडियां नैनीताल एक्सप्रेस, मरूधर एक्सप्रेस, गोकुल एक्सप्रेस, रूहेलखंड एक्सप्रेस का फिर से संचालन आरंभ किया जाए। जिससे जिले के लोगों को सुविधा मिलेगी और रेलवे की राजस्व आय में बढोत्तरी होगी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने इस पत्र की प्रति रेलमंत्री को भी भेजी है।

बैठक में ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी के अलावा राजेश अग्रवाल, प्रकाश वीर, अनिल महेंद्रु, ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल, अतुल जैसवाल, मोबीन अंसारी, विक्रांत मिश्रा, विक्रम सिंह, शैली शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल अरोड़ा सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित थें।

बाइक सवार ने साइकिल में मारी टक्कर, युवक हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर कार दी जिससे साइकिल सबार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धिमरपुरा निवासी मुनेन्द्र कुमार पुत्र रामऔतार एक भट्टे पर ईट की पथाई का काम करता है। वह भट्टे से साइकिल पर सबार होकर गुलैंदा चौराहे पर सब्जी लेने जा रहा था। वह जैसे ही भट्टे से निकला वैसे ही तेज गति से आ रही बाइक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह रोड पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी गयीं सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया जहां डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। मौका पाकर बाइक सबार बाइक लेकर फरार हो गया।

मायके में परिवार के साथ सो रही विवाहिता को मनचले ने दबोचा

*** तमंचे की नोक पर किया दुष्कर्म का प्रयास, सीओ के निर्देश पर मुकदमा दर्ज**

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

ससुराल से मायके आई विवाहिता अपने परिवार के साथ सो रही थी तभी गांव निवासी एक आरोपी ने घर में घुसकर विवाहिता को चारपाई पर दबोच लिया और तमंचे की नोक पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर परिवार वाले जाग गये तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित महिला ने सीओ बीसलपुर से मिलकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। सीओ बीसलपुर के निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने मायके गांव पकड़िया बिंदुआ गई थी। जहां पर अपने माता-पिता के साथ रात में सो रही थी तभी गांव निवासी रामरतन उर्फ छोटे पुत्र राजकिशोर ने रात के अंधेरे में आकर विवाहिता को चारपाई पर दबोच लिया और तमंचे की नोक पर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया महिला द्वारा शोर मचाने पर विवाहिता की माता और भाभी जाग गई तब तक ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया तहरीर में बताया है कि इससे पहले भी आरोपी उससे और परिवार से मारपीट कर चुका है जिसका मुकदमा बीसलपुर न्यायालय में चल रहा है विवाहिता ने सीओ को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की सीओ के निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने आरोपी रामरतन उर्फ छोटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि सीओ बीसलपुर के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में व्यापारी की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर कोतवाली के आनापुर छाछो मोड़ के निकट वसूली से लौट रहे व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मंगल बाजार निवासी आनंद अग्रहरि 42 वर्ष किराना के समान सहित छोटी दुकानों पर परचून अन्य छोटे मोटे समान की अपनी बाइक से ही सप्लाई करते थे। गुरुवार देर रात्रि सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधागंज बाजार से अपनी बाइक से वसूली कर लौट रहे थे। अभी वह उक्त मोड़ के निकट पहुंचे थे कि उनके आगे आगे जा रही डीजे से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आनंद के सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर मौजूद लोगो ने एंबुलेंस की सहायता से मछलीशहर सी एच सी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने आनद की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किंतु जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही आनंद की मौत हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आनंद चार भाई थे। सभी अलग अलग रहते थे। आनंद अपने छोटे से व्यवसाय से परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी तीन संतान में बड़ा बेटा अमन अभी 17 वर्ष का है। जबकि उससे छोटी उसकी बहन नंदनी 15 वर्ष की जबकि छोटा भाई छोटू अभी मात्र दस वर्ष का है। आनंद की पत्नी सुमन का मौत की सूचना मिलने के बाद दहाड़ मारकर रो रही है।

फास्ट फॉरवर्ड

तालाब में डूबने से किशोर की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत भगमलपुर गांव में खेलने के दौरान तालाब में डूबने से किशोर अचेत हो गया। आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में लाये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। खुटहन थाना क्षेत्र के भगमलपुर गांव निवासी 7 वर्षीय जैकी पुत्र विनोद शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेलने के लिए निकला था। लेकिन बहुत देर तक घर न आने पर परिजन खोजने निकले तो घर से कुछ दूरी पर स्थित एक तालाब के किनारे पानी में पड़ा हुआ था। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में लाये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राइवेट बैंक की महिला कर्मी ने लगाया मैनेजर पर अभद्रता व मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत के सुल्तानपुर रोड स्थित सुरिस गांव समीप एक बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात महिला ने बैंक मैनेजर पर अभद्रता एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी। पीड़िता आराधना पाठक अयोध्या जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र के बैहारी टीकरा की मूल निवासी हैं वह सुरिस गांव समीप किराए के मकान में रहकर सुल्तानपुर रोड स्थित सुरिस मोड समीप एस बी सी एल बैंक मे असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि रोज की भांति शुक्रवार की सुबह वह समय से अपने बैंक की शाखा में पहुंचकर अपना कार्य कर रही थी। उसी दौरान बैंक मैनेजर ने महिला को बुलाकर अपने मन मुताबिक कार्य करने की बात कही। महिला के मना करने पर मैनेजर द्वारा उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया। पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी।

कार और बुलेट की टक्कर में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन। शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर गोसाईंपुर नहर पुलिया के पास शुक्रवार को कार की टक्कर से बुलेट सवार दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। मौका पाकर चालक कार सहित फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में ले लिया। बुलेट सवार मृतकों ने हेलमेट नहीं पहना था। सरपतहा थाना क्षेत्र के भटौली पट्टी नरेंद्रपुर गांव निवासी 24 वर्षीय शिवम सिंह पुत्र राजेश अपने चचेरे भाई 22 वर्षीय आयुष सिंह पुत्र सुरेश को अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठाकर शाहगंज किसी काम से गये थे। जहां से वापस लौटते समय उक्त नहर के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। दोनों भाई के सिर में गंभीर चोटें आने से वे सड़क पर गिर बेहोश हो गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मृतकों के स्वजन अस्पताल पहुंच गए। उनके रोने बिलखने से पूरा माहौल गमगीन हो गया। पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में लगी हुई है।

खेत पर पंपिंग सेट चला रहे किसान को कार ने मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। सड़क के किनारे खेत पर पंपिंग सेट से पानी लगा रहे किसान को तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा कटा निवासी महेश बाबू पुत्र हजारी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पिता हजारी लाल सड़क से 65 फिट पूरब की ओर पंपिंग सेट से अपने खेत में पानी लगा रहे थे तभी बेनीपुर निवासी मुनेंद्र व उनका बेटा सौरभ अपनी कार नंबर यूपी 25 डीएल 5145 से अपने गांव की तरफ से तेज़ी व लापरवाही से चलाते हुए आ रहे थे और अपना संतुलन खो बैठे तथा हजारी लाल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बेहोशी की हालत में बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। महेश बाबू ने चुनावी रंजिश को लेकर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि बरखेड़ा कटा में अनियंत्रित होकर कार चालक ने एक किसान को टक्कर मारकर घायल कर दिया है। पीड़ित के बेटे की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिना मान्यता के चल रहे तीन स्कूलों में लगाया ताला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन क्षेत्र में बगैर मान्यता के चल रहे विद्यालयो के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने बिना मान्यता के चल रहे तीन निजी विद्यालयों में ताला लगा दिया। प्रबंधकों को निर्देश दिया कि यदि शील बंद ताले के साथ छेड़छाड़ हुई तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एबीएसए सुबह राजाराम कान्वेंट स्कूल मोबारकपुर रानीपुर पहुंचे। यहां जांच पड़ताल के बाद वे सरस्वती ज्ञान मंदिर अंगुली पहुंचे। इसके बाद श्रीकृष्ण माडर्न स्कूल दिदखोरा कलापुर की जांच किया। उक्त तीनों निजी शिक्षण संस्थानों के जिम्मेदार स्कूल की मान्यता का प्रमाण पत्र नहीं दे सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने तीनों स्कूलों के मेन गेट में ताला जड़ दिया। निर्देश दिया कि विद्यालय संचालित नहीं किए जायेंगे।

बाराती गाड़ियों पर मनबढ़ों ने किया हमला, तोड़ी गाड़ियां एक घायल

*** बनवा गांव निवासी रामतीरथ हरिजन के यहां से बूढ़ूपुर गांव में बारात आई थी।**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। शुक्रवार की तड़के सरायमोहिऊद्दीनपुर पुलिस चौकी से महज कुछ दूरी पर मनबढ़ो ने बाराती गाड़ियों पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। हमले में कई वाहनों के शीशे टूटे, वहीं कुछ लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। सूचना देने के लिए पीड़ित जब सरायमोहिऊद्दीनपुर पुलिस चौकी पर पहुंचा तो चौकी पर कोई कर्मचारी नहीं मिला। बताया जाता है कि पड़ोस के अम्बेडकर नगर जनपद के दोस्तपुर थानान्तर्गत बनवा गांव निवासी रामतीरथ हरिजन के यहां से बूढ़ूपुर गांव में बारात आई थी। कार्यक्रम के दौरान रात में किसी बात को लेकर युवकों के बीच कहासुनी हो गई। फिलहाल वहां लोगों ने मामले को शांत करा दिया। लेकिन विदाई के बाद जब बारात वापस हुई तो सरायमोहिऊद्दीनपुर खुटहन मार्ग स्थित बूढ़ूपुर तिराहे के पास दस बारह की संख्या में मनबढ़ युवकों ने बारातियों पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिसमें जहां कई गाड़ियों के कांच टूटे वहीं कुछ लोग घायल हो उठे। पीड़ित बाराती सूचना देने सरायमोहिऊद्दीनपुर चौकी पहुंचे, जहां कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। पीड़ित द्वारा डायल 112 पर फोन कर मामले की जानकारी दी। मामले को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

विषम परिस्थितियों में देश की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं स्काउट: डॉ.अजेय प्रताप सिंह

*** स्काउट गाइड के विशेष परिचयात्मक पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला स्काउट गाइड के विशेष परिचयात्मक पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शुक्रवार को बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ.पंकज सिंह के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के प्रधानाचार्य डॉ.अजेय प्रताप सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने टेंट, भोजन, अनुशासन आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने शिविरार्थियों से कैंप और उससे संबंधित बातों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट देश की विषम परिस्थितियों में सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउट प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य और समन्वय स्थापित करता है। उन्होंने बताया कि स्काउट मनुष्य को प्रकृति और ईश्वर से प्रेम करना सिखाता है। हर परिस्थिति में राष्ट्र के नागरिकों को देश के प्रति उनके उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम के उपरांत शिविर के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ.पंकज सिंह ने कहा कि स्काउटिंग ईश्वर और देश की सेवा है।भारतीय शिक्षा पद्धति में दीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीक्षा मानव जीवन को परिष्कृत और परिमार्जित करती है। देश सेवा के लिए नागरिकों को तैयार करती है। बीएड के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.लालमणि प्रजापति ने कहा कि स्काउट से प्रशिक्षण लेने के उपरांत उनमें राष्ट्र सेवा का मार्ग प्रशस्त होता है। प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रशिक्षित होकर स्काउट अपनी अहम भूमिका निभाता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राम बख्श सिंह ने शिविर का संचालन किया। सहायक प्रशिक्षक अंबुज सिंह, प्रो.अरविंद कुमार सिंह, प्रो.राकेश कुमार यादव, डॉ.लक्ष्मण सिंह, डॉ.नील मणि सिंह, डॉ अविनाश वर्मा, सत्य प्रकाश सिंह, बिंद प्रताप सिंह कार्यालय अधीक्षक, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, अखिलेश सिंह राजेश सिंह, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

गायब हुआ मासूम बरामद, सोते वक्त चोरी होने का अंदेशा

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

मिर्ज़ापुर के कछवां थाना क्षेत्र के बंधवा गांव से गुरुवार की सुबह नानी के घर में पास सो रहा बच्चा चोरी हो गया था। पुलिस ने 24 घन्टे के अंदर मेहंदीगंज मिर्जामुराद वाराणसी के एक खेत के पास से बच्चे को बरामद कर लिया। पुलिस बच्चा चोरी कर ले जाने वाले के बारे में छानबीन में जुटी है। दूसरी तरफ बिलख रही मां ने इस काम के लिए पुलिस को शुक्रिया कहा है।

पूजा गोड़ पत्नी संदीप कुमार निवासी पचराव लखनऊ में रहती थी। पति के साथ दो दिन पूर्व अपने मायके बंधवा गांव आई हुई थी। बुधवार की रात्रि भोजन कर के अपने बच्चे के साथ सोने कमरे में चली गई। गुरुवार की भोर करीब तीन बजे मां की नींद खुली तो बच्चा गायब था।

सीओ सदर मंजरी राव के नेतृत्व में पुलिस बच्चे की छानबीन में जुटी थी। सीसीटीवी फुटेज की तलाश कर रही थी।

शुक्रवार को सुबह पुलिस को सूचना मिला कि वाराणसी मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज इलाके में खेत के पास बच्चा मिला है। पुलिस ने बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। सीओ सदर मंजरी राव ने बताया कि बच्चा बरामद हो गया है। उसे चोरी करने वाली की तलाश की जा रही है। जल्द उसे भी पकड़ लिया जाएगा

18 बेड वाला चिल्ड्रन वार्ड फुल, इमरजेंसी के भी आधे बेड भरे

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

मौसम के बदलते तेवर का असर सेहत पर देखने को मिल रहा है। बड़ों के साथ बच्चे भी चपेट में आ रहे हैं। किसी बच्चे को उल्टी, दस्त है तो किसी को सर्दी, जुकाम, बुखार। ऐसे में परिजन बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंच रहे हैं। मंडलीय अस्पताल का 18 बेड का चिल्ड्रेन वार्ड फुल हो चुका है। अब बच्चों को दूसरे वार्ड में भर्ती किया जा रहा है।

इमरजेंसी में भी आधे से अधिक बेड मरीजों से भरे हैं। अमर उजाला की पड़ताल में सरकारी अस्पतालों (मंडलीय अस्पताल, दीनदयाल अस्पताल, शास्त्री अस्पताल) में पर्चा काउंटर, पैथालॉजी में जांच कराने के लिए लाइन के साथ ही ओपीडी में भी फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में भीड़ दिखी। मंडलीय अस्पताल में पिछले सप्ताह तक 1200 तक मरीज पहुंच रहे थे, वह संख्या बढ़कर 1800 तक पहुंच गई है। 18 बेड वाला चिल्ड्रेन वार्ड बच्चों से भर गया है।

इसमें आधे से अधिक बच्चे मौसमी बीमारियों की चपेट वाले हैं। अस्पताल की ओर से एक अन्य वार्ड में बच्चों को भर्ती कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल: नौ वॉटर कूलर में से दो खराब, तीन से आ रहा गर्म पानी

दीनदयाल अस्पताल में मरीजों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। कहने के लिए 9 जगहों पर वॉटर कूलर हैं, इनमें से दो खराब हैं, जबकि तीन जगहों पर गर्म पानी आ रहा है। मरीज और उनके परिजन भीषण गर्मी में बाहर से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। यही नहीं कई जगहों पर पंखे भी नहीं चल रहे हैं। हर दिन वाराणसी में शहरी, ग्रामीण इलाकों से एक हजार से अधिक मरीज ओपीडी, इमरजेंसी में आते हैं। गर्मी को देख जिलाधिकारी ने पिछले दिनों पंखा, कूलर की व्यवस्था, पेयजल की बेहतर आपूर्ति के निर्देश दिए थे, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिखा है। पांडेयपुर निवासी शुभम और कुसुम ने बताया कि गर्मी में पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। सीएमएस डॉ. दिग्विजय सिंह का कहना है? कि अस्पताल में खराब पंखों को ठीक कराया जा रहा है। वॉटर कूलर में गर्म पानी निकलने की जानकारी नहीं है। अगर ठंडा पानी नहीं मिल रहा तो वॉटर कूलर की मरम्मत कराई जाएगी।

यह बरतें सावधानी

धूप से आने के बाद फ्रिज का पानी पीने से बचें।
ज्यादा तेल मसाला युक्त भोजन से परहेज करें।
मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए।
अगर बाहर धूप में निकल रहे हैं तो चेहरा ढककर निकलें।
शरीर में पानी की मात्रा कम नहीं होनी चाहिए।

चितईपुर चौराहा पर भी लागू हुआ यू-टर्न

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी के चितईपुर चौराहे पर लगने वाले रोजाना के जाम को देखते हुए थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को यू-टर्न व्यवस्था को लागू किया। यू-टर्न व्यवस्था लागू होने के बाद जाम की समस्या खत्म हो लगभग ख़त्म हो गई है। कंदवा की तरफ से आकर आदित्य नगर की तरफ जाने वाले लोगों को चौराहे के बाएं तरफ गांधी वस्त्रालय के सामने से वापस लौटकर आना पड़ेगा। इससे पुलिस कर्मियों पर भी लोड कम हो जाएगा। कोई विशेष परिस्थिति में बैरिकेडिंग को हटाकर गाड़ियां पास कराई जाएगी। थानाध्यक्ष चितईपुर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि चितईपुर चौराहे पर आदित्य नगर करौदी की तरफ से आने वाले लोग कदवा की तरफ जाते थे कदवा से आदित्य नगर की तरफ जाने वाले लोगों को एक साथ चौराहे पर क्रॉस करने के कारण जाम लगता था।

आरा मशीन संचालक के घर में घुस कर लूटपाट, विरोध करने पर बदमाशों ने मारी गोली, सीएचसी से लखनऊ रेफर

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव जिले में बांगरमऊ कोतवाली के कस्बा गंजमुरादाबाद में रात डेढ़ बजे तीन बदमाशों ने आरा मशीन संचालक के घर मे धावा बोला। पीड़ित के अनुसार कंधे में गोली मारकर,जान से मारने की धमकी देकर अलमारी के लॉकर की चाभी लेकर 90 लाख रुपये और जेवर लूट ले गए। घायल का लखनऊ में इलाज चल रहा है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है और सभी बिंदुओं पर जांच की बात कह रही है। गंजमुरादाबाद कस्बा निवासी राजू उर्फ अनारुद्दीन (48) घर के पास ही

आरा मशीन चलाता है। गुरुवार रात परिजनों के साथ खाना खाकर पहली मंजिल पर कमरे मे पत्नी रिहाना के साथ सोने चला गया। करीब 1=30 बजे भूतल के कमरे मे लेटा बेटा कासान उर्फ़ अरबाज के पैर मे दर्द होने पर रिहाना नीचे चली गयी। तभी गोली की आवाज सुन पत्नी व अन्य परिजन ऊपर कमरे मे पहुंचे ,तो कमरुद्दीन फर्श पर पड़ा था।

कमरे में और आरा मशीन के पास मिला खाली कारतूस

उसके दाहिने कंधे मे गोली लगी थी और सामान बिखरा पड़ा था। आनन फानन परिजनों ने बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। इसके बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार, कोतवाल राजकुमार ने घटनास्थल की जांच की और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस को एक खाली कारतूस कमरे में और एक आरा मशीन के पास मिला है।

परिजनों ने अभी नहीं दी है तहरीर

परिजनों के अनुसार कुछ अज्ञात लोग मकान के आसपास कई दिन से देखे जा रहे थे। मौका पाकर पड़ोसी वजीर के मकान की छत से अज्ञात लोग कमरे मे घुस गए और लूटपाट की। विरोध करने पर गोली मार कर घायल कर दिया दी। सीओ अरविंद कुमार ने बताया घटनास्थल पर जांच कर परिजनों से पूछताछ की जा रही है। घर मे चारों ओर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। खोजी कुत्ता घर के चारों ओर चक्कर लगाने के बाद लौट आया। परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

मकनपुर गांव के समीप अज्ञात कारणों से पोल्ट्री फार्म में लगी आग, पुलिस ने आग पर काबू पाया

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों आग कम लग रही है लोगों की जागरूकता के चलते आग की घटनाओं पर काबू पाया जा रहा है। शुक्रवार को मकनपुर चौकी अंतर्गत मकनपुर से ठठिया रोड पर पलिया बुजुर्ग गांव से पहले मुर्गी फार्म के समीप आग लग गई मकनपुर निवासी सिद्धीक अहमद पुत्र विलायत अहमद उर्फ लाल का मुर्गी फार्म आराजी नंबर 639 मकनपुर में स्थित है बृहस्पति सुबह समय करीब 7 बजे के आसपास मुर्गी फॉर्म के समीप अज्ञात कारणों से आग लग गई सूचना मिलने पर पहुंचे मकनपुर चौकी उ0नि राजन कुमार मौर्य द्वारा जांच की गई जांच में सिद्धीक अहमद का पुत्र जोहेब अहमद अपने मुर्गी फार्म पर सफाई सुरेश के साथ साफ सफाई कर रहे थे तभी मुर्गी फॉर्म के बाहर कूड़े को जलाने के लिए जैसे ही सफाई कर्मचारी ने कूड़े में आग लगाई तो कुछ समय के बाद मुर्गी फार्म में आग लग गई उसी दौरान मुर्गी फार्म में मुर्गियां नहीं थी पीड़ित द्वारा बताया गया कि केवल कुछ त्रिपाल व लकड़ी के टट्टर रखे हुए थे अन्य कोई वस्तु का नुकसान नहीं हुआ है ।आग पर स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया जा सका।

फास्ट फॉरवर्ड

गेल से निकलने वाले विषैले धुएं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जन एक्सप्रेस/औरैया। दिबियापुर कस्बे के लगभग 10 किलोमीटर के पास गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपना औद्योगिक संयंत्र लगाया हुआ है जो कि एलपीजी गैस और प्लास्टिक दाने के साथ ही अन्य गैसों का भी उत्पादन करता है सोशल मीडिया पर इसी संयंत्र की चिमनियों से निकलने वाले विषैले धुएं का वीडियो सोशल मीडिया पर पिछले दो दिनों से तेजी से वायरल हो रहा है जिसे लेकर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं सोशल मीडिया पर कोई कह रहा है कि इस विषैले धुएं से हम सब लोग बीमार हो रहे हैं जिसका बहुत ही खतरनाक प्रभाव बच्चों गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है तो कोई कमेंट करके कह रहा है कि यह केवल कुछ दिन के लिए ही है बाकी समय संयंत्र समान रहता है इस संयंत्र ने क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार दिया हुआ है आपको बताते चलें कि गेल पाता का यह संयंत्र लगभग बीस दिन से वार्षिक रखरखाव के कारण बंद था जो कि पुन- शुरु हो रहा है जिसके कारण चिमनियों से बहुत ज्यादा काला धुआं निकलता हुआ दिखाई पड़ रहा है जोकि क्षेत्र के पूरे आसमान पर छाया हुआ है एक तरफ क्षेत्र में गेहूं की कटाई भी चल रही है जिस कारण भूसे के सूक्ष्म दिनके भी वायु के साथ मिश्रित होकर हवा को प्रदूषित कर रहे हैं कुल मिलाकर इस समय दिबियापुर और आसपास के क्षेत्रवासी भयंकर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं खासतौर से बुजुर्ग बच्चे और गर्भवती महिलायें हम सभी को स्वयं ही उपयुक्त साधनों का प्रयोग कर इससे बचाव करना होगा।

जेईई 2024 की मैंस परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कस्बे का किया नाम रोशन

जन एक्सप्रेस/औरैया। कठिन और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त करना अथवा मंजिल तक पहुंचना देश के खासतौर से युवा वर्ग के लिए एक उदाहरण ही नही बल्कि सीख और अपने आपमें मनन करने की आवश्यकता है।कस्बा कंचौसी निवासी नरेंद्र कुमार, मुन्ना मिठाई वाले जो आज इस दुनियां में नही है लेकिन अपने पिता से बिछड़ने के बाबजूद भी उनके होनहार पुत्र यश गुप्ता ने कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष करते हुए 2024 की जेईई की मैंस परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कस्बा कंचौसी और अपने परिजनों का नाम रोशन किया है।कस्बे के लोगो ने इस होनहार बालक को उसकी सफलता पर ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी है।मालूम हो कि यश गुप्ता ने हाई स्कूल की परीक्षा संत विवेकानंद स्कूल इटावा से उत्तीर्ण की थी तथा इंटरमीडिएट परीक्षा नालंदा कॉलेज,कोटा राजस्थान से उत्तीर्ण की थी।जैसा नाम वैसा काम करने वाले यश का कहना है कि माता पिता,गुरुजनों और अपने बुजुर्गों से प्रेरणा और आशीर्वाद लेकर कार्य करने बालों की सदैव ईश्वर मदद करता है।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024-25 में पूर्व माव विव लछियामऊ रहा अव्वल नंबर पर

जन एक्सप्रेस/औरैया। सहार ब्लॉक के ग्राम लछियामऊ में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय लछियामऊ ने ब्लॉक स्तर पर अपने विद्यालय की एक अनूठी छाप छोड़ी है।इस विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र रिंकू गौतम ने इस परीक्षा में 28वीं रैंक तथा नेहा ने 32 वीं रैंक हासिल करके विद्यालय अपने गुरुजनों और परिजनों का नाम रोशन किया है।अभिभावकों के अनुसार बच्चों की इस सफलता का श्रेय खासतौर से विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विकास गुप्ता को जाता है जिनके अथक प्रयास से इन बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन किया।क्योंकि शिक्षा के साथ साथ विज्ञान टीचर ने बच्चों की शिक्षा से संबंधित अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराने में मदद की।बच्चों के माता पिता ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक माघवेंद्र प्रताप सिंह व समस्त स्टाफ की तारीफ करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से बच्चों ने हम सभी लोगो का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों ब क्षेत्र के लोगों ने बच्चों ,विद्यालय के समस्त स्टाफ को ढेर सारी शुभकामनाएं देकर प्रशंसा की है और आशा व्यक्त की कि आने वाले भविष्य में अन्य बच्चे भी विद्यालय ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

क्रय विक्रय की गई भूमि का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने तहसील बिधूना के बैसोली देहात में आवासीय,व्यवसायिक तथा पुर्वा राजा मौजा पाता में आवासीय क्रय विक्रय की गई भूमि का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा विक्रय पत्र के साथ संलप्न किए गए स्टांप पत्रों को भी जांचते हुए कहा कि भूमि कि मालियत पुन- जांच कराते हुए संलप्न किए गए स्टांप पत्रों के मूल्य को देखा जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा यदि नियमानुसार निर्धारित मूल्य के अनुरूप स्टांप पत्रों में कमी पाई जाएगी तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित होगी।उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र,तहसीलदार रणवीर व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोके जाने हेतु निर्देश व हेल्पलाइन नम्बर जारी

जन एक्सप्रेस/ कानपुर देहात। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोके जाने हेतु व्यापक प्रबन्ध किये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि यदि किसी भी बालिका का जिसकी उम्र 18 वर्ष तथा बालक जिसकी उम्र 21 वर्ष से कम हो और उसका विवाह सम्पन्न कराया जाता तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आयेगा। जहां किसी बालकध्बालिका बाल विवाह होगा वहां ऐसा कोई व्यक्ति चाहे माता-पिता चाहे संरक्षक या अन्य किसी व्यक्ति के रूप में जिसके अन्तर्गत किसी संगठन या व्यक्ति निकाय का सदस्य भी है जो विवाह का संवर्धन करने के लिये कोई कार्य करता है जिसमें बाल विवाह में उपस्थित होना या भाग लेना सम्मिलित है उसे कठोर कारावास से जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी दण्डनीय होगा और जुर्माने से जो एक लाख तक का हो सकेगा। उक्त के क्रम में अध्यक्ष, सदस्य राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोके जाने हेतु समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा समस्त थानाध्यक्षों आदि को निर्देशित किया गया है कि वह अक्षय तृतीया के दिन अपने अधिकार क्षेत्र मे होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें, ताकि जनपद कानपुर देहात में उक्त दिवस को बाल विवाह रुपी सामाजिक कुरीतिओं को रोकने में सफल हो सके।

परिषदीय स्कूलों के समय में एक दिन के लिए हुआ बदलाव

जन एक्सप्रेस/ कानपुर देहात। सरकार ने परिषदीय स्कूलों के समय में एक बार फिर बदलाव किया गया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल के आदेश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डे द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सिर्फ दो दिन (27 व 28 अप्रैल) केघ् लिए छुट्टी का समय 11.30 बजे किया गया है। वैसे 27 अप्रैल को शनिवार है और 28 अप्रैल को रविवार की छुट्टी पड़ रही है। सिर्फ एक दिन के लिए बदलाव किया गया है। सोमवार 29 अप्रैल से परिषदीय स्कूलों का समय सुबह 7रू30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। हाल ही में शासन ने परिषदीय स्कूलों के समय में सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1 का बदलाव किया था। उसके बाद 27 और 28 अप्रैल को सिर्फ दो दिनों के लिए स्कूलों में 11रू30 बजे छुट्टी करने का आदेश जारी किया गया है।

बिल्हौर तहसील के उत्तरीपुरा कस्बे की जनता को कब मिलेगा अतिक्रमण से छुटकारा

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर कस्बे में अतिक्रमण से छुटकारा पाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने पिछले दिनों अति कुमार किए हुए दुकानदारों पर चालान किए थे जिससे कुछ समय के लिए अतिक्रमण है गया है वहीं पर तहसील के उत्तरीपुरा कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तो हुई लेकिन कागजों पर सीमित बनकर रह गई उत्तरी पूरा जीटी रोड मुख्य कपड़ा बाजार की गली में मोटरसाइकिल की बात छोड़ो पैदल चलना दूभर हो रहा है इससे पहले बिल्हौर तहसील प्रशासन के द्वारा पूर्व में अतिक्रमण को लेकर कारवाई तो हुईं थीं लेकिन बाद में दुकानदारों ने फिर से गलियों को पाट दिया वहीं उत्तरीपुरा जीटी रोड स्तिथि तालाब पर भी तीन सैकड़ा से ज्यादा लोगों ने कब्जा कर मकान निर्माण कर लिए गए पूर्व में बिल्हौर तहसील में रहें कानूनगो राधे लाल के द्वारा तालाब की नाप-जोख करने के उपरांत कई मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन कागजों पर सीमित बनकर रह गया वहीं पूरे मामले पर बिल्हौर तहसील प्रशासन भी चुप्पी साधे बैठे हुआ है। एसडीएम रश्मि लंबा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन नहीं लगा जिससे इस संबंध में जानकारी नहीं हो सकी।

28 प्रत्याशियों में से 11 के पर्चे खारिज

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

रिटर्निंग ऑफिसर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार की उपस्थित में कलेक्ट्रेट न्यायालय कक्ष में 42- कन्नौज लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियो द्वारा दाखिल पर्चों की गहनता से परीक्षण किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया है कि नामांकन 18 अप्रैल 2024 से शुरू होकर अंतिम तिथि

भाजपा, सपा समेत 17 के नामंकन पत्र वैध पाए गए

25 अप्रैल 2024 तक प्रमुख दलों सहित अन्य पार्टियों के कुल 28 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिसमें गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्री कृष्ण, राष्ट्रीय जन संचार दल के प्रत्याशी अंकुर प्रताप सिंह, अनारक्षित समाज पार्टी के प्रत्याशी श्री राम लखन, संयुक्त जनादेश पार्टी के प्रत्याशी आनंद कुमार, राष्ट्रीय समाज दल के प्रत्याशी सुनील कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी जर्रार खां, शिवांक, विजय कुमार, शोभित सिंह, राजेश सिंह चौहान, राधा रानी, कुल 11 प्रत्याशियों के त्रुटि के कारण दाखिल पर्चे निरस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 अप्रैल 2024 को अपराह्न 3=00 बजे तक नाम वापसी होगा और अपराह्न 3=00 बजे के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। दिनांक 13 मई 2024 को जनपद में मतदान तथा दिनांक 4 जून 2024 को मतगणना कार्य संपन्न होगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत कटियार सहित विभिन्न पार्टी के प्रत्याशी/प्रस्तावक उपस्थित रहे।

छात्रवृति परीक्षा मे चयनित विद्यार्थी का प्रधानाध्यापक ने बढ़ाया हौसला

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

विकास खंड संदलपुर के संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय लौवा में छात्र नयन कुमार ने जनपद के 159विद्यार्थियों मे अपना 24वा स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसमें एक हजार प्रतिमाह की दर से 12000ध-प्रति वर्ष आगामी शिक्षा को जारी रखने के लिए सरकार प्रोत्साहित करती है। इंटर तक आसानी से विद्या अध्ययन बालक कर सकता है। नयन कुमार के माता पिता नही है। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार द्वारा निराश्रित दिव्यांग बालको का इंटर तक सारी व्यवस्था स्वम् करते है। नयन की बहिन भी इसी विद्यालय से पढक़र आगे की पढ़ाई कर रही है प्रधानाध्यापक द्वारा उसका भी सहयोग किया जा रहा है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान जब एआरपी गौरव राजपूत को पता चला इन बालको के माता पिता नहीं है तो उन्होंने इन बालको को स्टेशनरी और 500ध- नगद प्रति वर्ष दे रहें है। आज विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व मे यह बालक खेलकूद सहित कई सफलता हासिल कर चुका है। राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, ब्लॉक प्रमुख संदलपुर उप जिला अधिकारी सिकंदरा सहायक निदेशक बेसिक कानपुर मण्डल डाइट प्राचार्य पुखरायां द्वारा भी इस बालक को सम्मानित किया जा चुका है। इस सार्थक प्रयास के लिए प्रधानाध्यापक की भी प्रशंसा की गई है। विद्यालय के समस्त स्टॉफ सहित ग्राम प्रधान मोहिनी देवी विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष मीनू पाल खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने उज्वल भविष्य की कामना सहित बधाई दी है।

वाहन चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी पर लगाया वसूली का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर

नर्वल के टौंस चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक लोडर चालक से पांच हजार रुपये वसूलने का चौकी प्रभारी पर आरोप लगाया गया है लोडर चालक और एक गांव के प्रधान की बातचीत का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर को एक लोडर टौंस से जहानाबाद जाने के लिए निकला था।वह प्रधान के घर में शादी का सामान लाने के लिए बुक किया गया था।तभी टौंस चौराहे पर चौकी प्रभारी चेकिंग कर रहे थे। आरोप है कि टौंस चौकी प्रभारी रामानंद ने लोडर छोड़ने के नाम पर चालक से पांच हजार वसूल कर लिये।इसके बाद लोडर को छोड़ा।इसी बातचीत का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।हालांकि हमारा अखबार इस वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है।थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

मतदान हम सभी का अधिकार है और इसको अवश्य करना चाहिए: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। औरैया

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपद के गत निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशोंध् मंशानुरूप मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के क्रम में चिन्हित बूथ संख्या 278 ग्राम खलरा विकासखंड अछल्दा तहसील बिधूना के उच्च प्राथमिक विद्यालय खलरा कंपोजिट में आयोजित चुनावी पाठशाला मतदाता जागरूकता चौपाल में कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है और इसको अवश्य करना चाहिए।जिससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित होती है इसके लिए सभी का अधिकार बराबर है इसमें कोई छोटा-बड़ा,ऊंचा-नीचा नहीं होता है मतदान का अधिकार वह अधिकार है जिसमें सभी बराबर होते हैं इसलिए बिना किसी लोभ- लालच या किसी के बहकावे अथवा किसी के दबाव में आकर मतदान न करें मतदान अपनी स्वेच्छा से अपने मनपसंद प्रत्याशी को ही करते हुए अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाएं।उन्होंने उपस्थित विशाल जन समूह को मतदाता शपथ भी दिलाई और यह भी पूछा कि मतदान दिवस पर आप अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे या नहीं जिस पर एक आवाज में यह आस्वस्त किया कि आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले मतदान दिवस पर हम सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री देहाती इंटर कॉलेज नेविलगंज तथा श्री दयाराम मौर्य इंटर कॉलेज वंशी गुनौली की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक करते हुए आम जन को मत के महत्व तथा उसके अधिकार को प्रदर्शित किया और स्लोगन लिखित पट्टिकाये यथा सुनो सभी को चुनो सही को,बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता,व वोट हमारा हैं अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल आदि स्लोगन लिखी पट्टिकाओं को भी प्रदर्शित किया।इस अवसर पर मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली भी बनायी गयी।उक्त अवसर पर उप जिला अधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र,उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार, जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी यादव, बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार,पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार,सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप)कमलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,आमजन आदि उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए इग्नू प्रतिबद्ध: डॉ अनिल मिश्रा

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के अपर निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा एवं सहायक कुलसचिव डॉ निशिथ नागर ने अध्ययन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। वार्ता करते हुए डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किए गए अहम बदलाव में से एक जिसमे एक साथ दो पाठ्यक्रमों को करने की अनुमति प्रदान करना जिससे विद्यार्थियों को एक समय में 2 डिग्री में प्रवेश लेने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए विद्यार्थी चाहे तो एक संस्थागत जबकि दूसरी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकते हैं अथवा दोनों डिग्री दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकते हैं। इग्नू भारतीय संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए तमाम ऐसे कोर्स जैसे ज्योतिष में एम ए, वैदिक गणित में एम ए, हिंदू स्टडी में एम ए, संस्कृत में एम ए,पर्यावरण तथा पत्रकारिता से संबंधित अनेक कोर्स संचालित हैं इसी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र सेवा देने एवम रोजगार के अवसर के लिए नर्सिंग में स्नातक के अलावा अनेक डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कोर्स संचालित है।इसी तरह स्नातक स्तर पर बहु विषयक स्नातक डिग्री प्रोग्राम, 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, स्नातक ऑनर्स डिग्री प्रोग्राम,बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ,बैचलर ऑफ कंप्यूटर साइंस, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, बैचलर ऑफ बायोकेमेस्ट्री, बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड डिजिटल मीडिया, बैचलर ऑफ टूरिज्म, बैचलर ऑफ सोशल वर्क सहित अनेक ऐसे कोर्स हैं जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध उपलब्ध कराता है इग्नू अपने विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन काउंसलिंग, इंटर्नशिप आदि के अवसर उपलब्ध कराता है। इग्नू द्वारा विशेष रूप से अग्नि वीर सैनिकों के लिए कौशल आधारित स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।इग्नू जब चाहो तब प्रवेश के आधार पर विद्यार्थियों को सामान्य कार्यक्रम प्रवेश के लिए किसी प्रकार की न्यूनतम अंक सीमा, आयु सीमा निर्धारित नहीं है। इग्नू में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत है। इग्नू का उद्देश्य दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक उच्च एवं कौशल विकास आधारित शिक्षा को पहुंचना है विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए इग्नू की वेबसाइट पहदवन.ब.पद पर जाकर ई-ज्ञान को सर्च कर अध्ययन से संबंधित अनेक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इसअवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी, प्राचार्य प्रोआर पी चतुर्वेदी, पूर्व प्राचार्य प्रो मुकेश चंद्र द्विवेदी ,प्रोफेसर सविता गुप्ता, इग्नू समन्वयक डॉ पर्वत सिंह ,डॉ हरीश कुमार सिंह, डॉ के के सिंह, डॉ रमणीक श्रीवास्तव, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अंशुमन उपाध्याय, डॉ इदरीस खान, डॉ शिव नारायण यादव, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

सीएम योगी आज अजीतमल में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

जन एक्सप्रेस। औरैया

जिले की औरैया विधानसभा क्षेत्र के अजीतमल स्थित जनता महाविद्यालय ग्राउंड में इटावा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रो0 डॉ0 रामशंकर कठेरिया के पक्ष में चुनावी जनसभा को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। यहां वह भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और आम जनता से चुनाव में मतदान के लिए जोश भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी के लिए मतदाताओं को साधने की कोशिश करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारियों व प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कीं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शनिवार को जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में बने हेलीपैड पर विशेष हेलीकाप्टर से तीन बजे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतरेंगे और तीन बजकर 10 मिनट पर वह कार द्वारा जनता महाविद्यालय ग्राउंड में पहुंचेंगे ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बजकर पचपन मिनट तक वह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। और 4 बजकर पांच मिनट पर वह लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इटावा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रचार प्रसार चल रहा है। उनके कार्यक्रम को लेकर पंडाल, मंच, हेलीपैड व मैदान स्थल सब तैयार है। इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रो0 डॉ0 रामशंकर कठेरिया के समर्थन में जनसभा होगी। डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। हेलीपैड, मंच पंडाल व मैदान का निरीक्षण किया। जनसभा स्थल के आसपास पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। वही भाजपाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में लोगो को पहुँचने के लिए गांवों में जाकर पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे है।वही जनसभा में इटावा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिबियापुर, औरैया,भरथना, सिकंदरा,इटावा क्षेत्र से भारी भीड़ जुटेगी।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का रसूलाबाद विधान सभा मे रोड शो आज

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

कन्नौज लोक सभा से सपा प्रत्याशी सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार रसूलाबाद विधान सभा क्षेत्र की मरहमतावाद हवाई पट्टी पर हेलीकाप्टर से आकर पीडीए रथ से रोड शो करते हुए जनता से जनसंवाद करेंगे।उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री चार बार समाजवादी पार्टी से विधायक रहे शिव कुमार बेरिया ने पत्रकारों को बताया कि कन्नौज लोक सभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सपा प्रमुख पूर्व मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव मरहमताबद हवाई पट्टी पर हेलीकाप्टर से आकर पीडीए रथ पर सवार होकर गहरा चौराहे पर एक सभा को सम्भोधित करने के बाद रसूलाबाद पहुंचेंगे।जहाँ प्रमुख कस्बों कहिजरी अंगदपुर पहाड़ीपुर रसूलाबाद गौतमबुद्ध नगर कस्बा तिराहा व चौराहा व उसरी विलहा में पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आमजनता से जन संवाद भी करेंगे।

कमीशनिंग के कार्य में लगे कार्मिक संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों को अंजाम दें

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने तहसील सदर स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 कि मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराये जाने हेतु विधान सभावार आवंटित ईवीएम में कंडीडेट सेटिंग के कार्य का निरीक्षण करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कमीशनिंग का कार्य पूरी गंभीरता,सतर्कता से संपादित करायें,जो भी कार्मिक कमीशनिंग के कार्य में लगे हैं,वह संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों को अंजाम दें,कमीशनिंग का कार्य पूर्ण होने तक सभी कार्मिक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूर्व वेयर हाउस पहुंचे,कैंडिडेट सेटिंग का कार्य बेहद सतर्क रहकर किया जाए,एक भी कर्मी की थोड़ी सी लापरवाही के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हो सकती है,इसलिए सभी कर्मी इस कार्य के महत्व को समझें और बेहद गंभीर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारी 107-मैनपुरी, 108-भोगांव,109-किशनी, 110-करहल को आदेशित करते हुए कहा कि पूरे समय उपस्थित रहकर अपनी देख-रेख में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कमिश्निंग का कार्य संपादित कराएं,पूरी प्रक्रिया की निरंतर वीडियोग्राफी करायी जाए,कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति वेयर हाउस में प्रवेश न कर सके,वेयर हाउस में प्रवेश करने वाले,बाहर आने वाले प्रत्येक कार्मिक,राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की सघन तलाशी करायी जाये।उन्होने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि कमीशनिंग के कार्य पर नजर रखें, कमिशनिंग के दौरान की जाने वाली मॉक-पोल प्रक्रिया भी बेहद संवेदनशील है।सभी अधिकृत प्रतिनिधि मॉक-पोल की प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें,ताकि मतदान के दिन किसी के मन कोई संशय न रहे।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार,उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र,उप जिलाधिकारी सदर,भोगांव, करहल, संध्या शर्मा, नीरज कुमार द्विवेदी, प्रसून कश्यप, आर.एन.वर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

कर्नाटक की तरह देश से ओबीसी का हक छीन मुसलमानों को देगी कांग्रेस: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अररिया

बिहार में मुस्लिम बहुल सीमांचल-कोसी की तीन सीटों किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार के साथ पांच लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान हो रहा था। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमांचल के ही अररिया जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस संबोधन में उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण पर प्रहार करते हुए कर्नाटक के वाकये को जनता के सामने लाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में चुपके से अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर हकमारी के लिए इसमें मुसलमानों को शामिल करा दिया और अब वह पूरे देश में इसे लागू करना चाहती है। वह इसके बाद अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की भी ऐसी हकमारी करेगी। कांग्रेस मूलतः देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है।

मीडिया से भी प्रधानमंत्री मोदी ने की अपील, वह वीडियो दिखाएं

यह वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस वालों को सांप सूंघ गया है। जो मीडिया पहले के बयानों को गलत ठहरा रही थी, उसने भी चुप्पी साध ली है। बिना सबूत के विपक्षी दल हमारी सरकार पर हमला कर रहे थे। आज फिर से वीडियो सामने आ गया है। मीडिया से अपील है कि वह देश को डॉ. मनमोहन सिंह का यह वीडियो दिखाए। देश को जानने का हक है कि उन लोगों ने किस मानसिकता से 10 साल तक सरकार चलाई थी।

कर्नाटक का वाकया बताया, राजद पर भी हमला बोला

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने ओबीसी समाज के 27 प्रतिशत कोटे को चोरी करने का खेल खेला है। इनके कोटे से आरक्षण काटकर पर्दे के पीछे खेल खेला है। ओबीसी समाज के आंखों में धूल झोंककर रातों-रात मुस्लिम समाज के अगड़े-अमीरों को ओबीसी बना दिया। परिणाम यह हुआ कि ओबीसी समाज का बहुत बड़ा हक मुस्लिमों के खाते में चला गया। उनके साथ बहुत बड़ा खेल खेला है। बिहार में भी कांग्रेस यही खेल खेलना चाहती है। बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल इस साजिश में उसके साथ है। राजद उसका समर्थन कर रहा। राजद ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है।

वह देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बताते हैं

पीएम मोदी ने कहा कि बिहारवासियों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। आने वाले समय में कांग्रेस और राजद इसी तरह से एससी-एसटी के हक को छीनने का काम करेगी। तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहेब के संविधान की परवाह नहीं कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी। उस वक्त कोर्ट ने रोक लिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का एक और पुराना वीडियो सामने आया, जिसमें वह कह रहे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

कांग्रेस आपकी संपत्ति बांट देगी

पीएम ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है।

टीएमसी लोगों को लूटने का मौका नहीं छोड़ती

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं।

संदेशखाली के आरोपी को आखिर तक अस्ष्ट बचाती रही

पीएम बोले कि मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी ने सबसे बड़ा विश्वासघात यहां की महिलाओं से ही किया है। जब बीजेपी सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो टीएमसी ने इसका विरोध किया। संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और टीएमसी सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचाती रही।

सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि ये सत्ता में हुए तो सीएए रद्द कर देंगे। सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है। टीएमसी लगातार झूठ फैला रही है। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी, कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे, अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण जो दल पस्त हो गए थे, दूसरे चरण ध्वस्त हो जाएंगे।

बंगाल में हर काम कमीशन में होता है

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में ऐसा कोई काम नहीं है, जो बिना किसी कट-कमीशन के होता है। टीएमसी सरकार ने तो किसानों को भी नहीं छोड़ा। अगर किसान मंडी अनाज बेचने जाते हैं तो एक बड़ा हिस्सा बिचौलिए खा जाते हैं।

टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों-गुंडों को पट्टे पर दिया: मोदी

पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में 16 अप्रैल को पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। मोदी ने कहा, टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं। लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में ये लोग टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की परमिशन दे दी है।

पीएम मोदी बोले, किसी भी धर्म के हों, गरीबों का हक ज्यादा है

पीएम मोदी ने कहा कि इस देश के संसाधनों पर अगर पहला हक किसी का है, तो वह मेरे देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का है। वह किसी भी जाति-धर्म के हों, अगर वह गरीब हैं तो देश के संसाधनों पर पहला हक उनका है। कांग्रेस ने देश के हिंदुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोटबैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र तक एक्स-रे और गहने तक हिसाब-किताब करने की बात करते हैं। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। लेकिन इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी।

सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपैट के 100 प्रतिशत मिलान की मांग खारिज

बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे, पर कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम जांच होगी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी। दोनों ने एकमत से फैसला सुनाया। (देश में 1982 में पहली बार केरल में ईवीएम से आम चुनाव हुए थे। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती के बाद इन्हें रद्द कर दिया गया था।) इस केस में 3 पक्ष शामिल थेज्एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी याचिकाकर्ता, चुनाव आयोग, सरकार और अफसर। केस चुनाव और मतदान से जुड़ा है तो राजनीतिक पार्टियां और आम जनता भी जुड़ी हुई है।

आम आदमी यानी मतदाता

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।

राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स

फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए।

- दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।
- शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।
- किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएमएस को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।
- इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। खर्च कितना आएगा, इसका फैसले में जिक्र नहीं है। लेकिन जांच पूरी होने के बाद चुनाव आयोग बताएगा कि जांच में कुल कितना खर्च आया। आयोग इसे नोटिफाई करके बताएगा।
- जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।

याचिकाकर्ता

उनकी सभी याचिकाएं खारिज हो गईं, लेकिन ईवीएम की जांच के आदेश से थोड़ी राहत मिली। प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें कैंडिडेट्स के लिए शिकायत और फिर जांच की बात भी है। इसके बाद सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं।

चुनाव आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3 निर्देश दिए हैं।

- सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।
- इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण कीजिए।
- यह भी देखिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है।

सरकार

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सरकार के लिए कोई निर्देश नहीं है।

यह फैसला विपक्ष के मुंह पर तमाचा: प्रधानमंत्री

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के अररिया में चुनावी सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। इन्होंने बैलेट पेपर लूटकर राज किया। ये ईवीएम हटाना चाहते हैं, इनके सपने चूर-चूर हो गए।

40 बार अदालतों ने याचिकाएं खारिज कीं

चुनाव आयोग के अधिकारी ने फैसले के बाद कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालतें 40 बार खारिज कर चुकी हैं। अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के बयान का जिक्र किया। इसमें राजीव कुमार ने कहा था कि ईवीएम 100 फीसदी सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल भी यह जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं। उन्होंने कहा था, ईवीएम की वजह से ही राजनीतिक दल अस्तित्व में आए हैं। कई छोटी पार्टियां हैं, जो बैलट पेपर के युग में शायद अस्तित्व में नहीं आतीं।

उम्मीदवारों की लिखित मांग पर जांची जा सकेगी ईवीएम

अदालत ने ये भी निर्देश दिया कि निर्वाचन सीट पर चुनाव के बाद पांच प्रतिशत ईवीएम मशीनों, जिनमें ईवीएम के साथ कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट भी शामिल हो, उनके इस्तेमाल हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर्स, ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स द्वारा चेक किए जाएं। दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों की लिखित मांग पर जांच हो सकती है। चुनाव नतीजे घोषित होने के सात दिनों के भीतर यह मांग की जा सकती है।

मेयर चुनाव स्थगित होने पर एमसीडी में हंगामा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली मेयर का चुनाव एलजी विनय सक्सेना द्वारा स्थगित करने के बाद शुक्रवार को एमसीडी सदन की बैठक बुलाई गई। बैठक शुरू होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों ने जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी दलित को मेयर नहीं बनने देना चाहती। आम आदमी पार्टी ने भाजपा को दलित विरोधी बताते हुए सदन के बाहर प्रदर्शन किया। आप पार्षदों के साथ विधायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, सदन में मेयर ने कहा कि एलजी ने मेयर चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी नामित नहीं किया, ये ही संविधान की हत्या है। मेयर ने सदन की बैठक स्थगित कर दी।

'ये लोग दलितों को रोकने की साजिश रच रहे हैं'

शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा वाले देश में दलितों और पिछड़ों को आगे बढ़ते हुए नहीं देख पा रहे हैं। ये लोग दलितों को रोकने की साजिश रच रहे हैं। दिल्ली एमसीडी में इस बार दलित समाज का मेयर बनना था, लेकिन इन्होंने चुनाव रद्द करके अपनी दलित विरोधी मानसिकता और संविधान को खत्म करने का एक और प्रमाण दिया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिया है कि एमसीडी के मेयर पद पर एक बार दलित समाज का व्यक्ति बैठकर सेवा करेगा। भाजपा से यह देखा नहीं गया और इन्होंने चुनाव ही रद्द कर दिए। इस बार इनके दलित और संविधान विरोधी इस काम में मोहरा बने भाजपा के एलजी साहब। आज जब दलित का बेटा दिल्ली का मेयर बनने वाला था तो इन्होंने साजिश करके मेयर का चुनाव रोक दिया।

सीआरपीएफ के डीआईजी पर यौन उत्पीड़न के आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ के डीआईजी रैंक के एक अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी पर सीआरपीएफ की कई महिला कर्मियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को नोटिस जारी 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद गृह मंत्रालय बर्खास्तगी का आदेश जारी कर देगा। जिन अधिकारी के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई चल रही है, वो सीआरपीएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल खजान सिंह हैं।

मतदान के बीच संदेशखाली मामले को लेकर कई इलाकों में सीबीआई की छापेमारी, हथियार बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में आज छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामत किया। सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था। शुक्रवार को टीम ने अभियान चलाकर विदेशी पिस्तौल समेत कई हथियार बरामत किया। कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसा संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया था।

एससी, एसटी और ओबीसी का अधिकार छीन मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस: जेपी नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग माहौल बना हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। जेपी नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

मनमोहन सिंह के बयान का दिया हवाला

भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है। इस पर कांग्रेस ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने जनता के समर्थन की कमी को देखते हुए चुनाव के दौरान ध्रुवीकरण के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक बंटवारे का सहारा लिया है।

मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश

वहीं, नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस ने कर्नाटक समेत कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की, जहां भाजपा सरकार ने आरक्षण खत्म कर दिया था। हालांकि, सिद्धारमैया सरकार ने इसे वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण ऐसा नहीं हो सका।

अन्य समुदायों की कीमत पर लाभ नहीं मिले

भाजपा नेता ने कहा, मैं नहीं चाहता कि मुसलमानों की उपेक्षा हो। लेकिन मैं यह जरूर चाहता हूं कि मुसलमानों को अन्य समुदायों की कीमत पर लाभ नहीं उठाना चाहिए। जिन्हें अधिक सुरक्षा की जरूरत हो उसे ही लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस ने राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाएं अल्पसंख्यक आयोग का गठन करके साजिश रची कि मुसलमानों में भी जाति है। इसलिए उन्हें भी एससी माना जाए और आरक्षण दिया जाए। उन्होंने विपक्षी दल पर आरोप लगाया कि मुस्लिमों में भी दलित हैं ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ मिले।

कर्नाटक में मोदी नहीं, गारंटी की लहर

मतदान के बाद सिद्धारमैया का राज्य में 20 सीटें जीतने का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मोदी लहर को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के पक्ष में एक लहर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राज्य में कुल 28 लोकसभा सीटों में से 20 सीटें जीतेगी। मतदान करने के बाद सिद्धारमैया ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, ÷कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। यहां केवल गारंटी की लहर है। कांग्रेस लगभग 20 सीटें जीतने वाली है, क्योंकि हमारी सरकार की योजनाएं बिना किसी मध्यस्थ के जनता तक पहुंची है। हर महीने लोगों के बैंक खातों में पैसा पहुंचा है।÷ बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के 14 सीटों पर मतदान हुआ।

जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ: सिद्धारमैया

सिद्धारमैया ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी। पहले चरण के 14 सीटों में कांग्रेस को कितनी सीटों में जीत मिलेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, ÷फिलहाल, स्पष्ट रूप से इसे नहीं बताया जा सकता है। यह एक सीक्रेट बैलट है, लेकिन हम यहां ज्यादातर सीटें जीतेंगे। सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने कहा, हम मैसूर और चामराजनगर की सीटों पर जीत हासिल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, यहां सिद्धारमैया की कुर्सी दांव पर है, क्योंकि मैसूर और चामराजनगर में जीत जरूरी है। सिद्धारमैया ने बताया कि उन्होंने पिछले दो दिनों में गुलबर्गा और बीदर में मल्लिकार्जुन खरगे के साथ चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा, हम दोनों क्षेत्रों में जीत हासिल करेंगे।

पीएम पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर निशाना साधते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वह (पीएम मोदी) हताश हो चुके हैं। सीएम ने कहा, उन्होंने जो भाषण दिया, वह किसी भी पीएम का भाषण नहीं था। वह गैर-संविधानिक है। मुझे ऐसा लगता है कि वह हताश हो चुके हैं। उन्हें हारने का डर सता रहा है। सिद्धारमैया ने पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एचडी देवगौड़ा पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान भावुक होने पर पूर्व प्रधानमंत्री पर कटाक्ष भी किया। कर्नाटक के सीएम ने कहा जनता जानती है कि यह सब सच नहीं है, बल्कि सब झूठ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)